CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 31°C
न्यूनतम : 20°C

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

मुरादाबाद, मंगलवार 2 जून 2026 मुरादाबाद संस्करण: वर्ष 23 अंक 286 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

shahtimes2015@gmail.com | आषाढ़ कृष्ण पक्ष 1 विक्रमी सम्वत् 2083 | 15 जिलहिज्जा 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



आमजन की समस्याओं का समयबद्ध निस्तारण हो: मुख्यमंत्री योगी पेज 2



सूर्यवंशी ने जीते ऑरेंज कैप, एमवीपी और इमर्जिंग प्लेयर अवॉर्ड खेल टाइम्स



महंगाई की मार झेलता आम आदमी, मजे में जिंदगी जीता एक वर्ग! सम्पादकीय



अमेरिका ने ईरान की रडार-ड्रोन कंट्रोल साइट्स पर किया हमला पेज 12

## JEE एडवांस में बिहार के शुभम कुमार टॉपर

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** जॉइंट एंट्रेंस एग्जाम (जेईई)- 2026 का परिणाम रविवार देर रात घोषित किया गया। बिहार के शुभम कुमार ने ऑल इंडिया रैंक-1 हासिल कर देशभर में पहला स्थान प्राप्त किया। दिल्ली के कबीर छिल्लर दूसरे और राजस्थान के झुंझुनूं निवासी जतिन चाहर तीसरे स्थान पर रहे।

इस वर्ष टॉप-10 में शामिल 6 छात्रों ने राजस्थान के कोटा स्थित कोचिंग संस्थानों से तैयारी की है। परीक्षा में कुल 1,79,694 अभ्यर्थी शामिल हुए थे, जिनमें से 56,880 उम्मीदवार सफल घोषित किए गए। सफलता प्रतिशत 31.65 रहा, जो पिछले वर्ष की तुलना में बेहतर माना जा रहा है। इस बार क्वालिफाइंग कटऑफ 74 से बढ़कर 92 अंक पहुंच गई है, जबकि सामान्य वर्ग के लिए विषयवार कटऑफ में भी 8 अंकों की बढ़ोतरी दर्ज की गई। रिजल्ट घोषित होने के बाद कोटा के विभिन्न कोचिंग संस्थानों में जश्न का माहौल देखने को मिला। छात्रों, अभिभावकों और शिक्षकों ने ढोल-नगाड़ों, आतिशबाजी और नृत्य के साथ सफलता का उत्सव मनाया। ऑल इंडिया रैंक-7 प्राप्त करने वाले अर्णव ने बताया कि उन्होंने पिछले दो वर्षों से लगातार तैयारी की और अब उनका लक्ष्य आईआईटी मुंबई से कंप्यूटर साइंस की पढ़ाई करना है। वहीं, गर्ल्स कैटेगरी में आरोही देशपांडे ने शीर्ष स्थान हासिल किया, जिन्हें 360 में से 280 अंक मिले और उनकी ऑल इंडिया रैंक 77 रही। शिक्षा विशेषज्ञों का मानना है कि इस वर्ष परीक्षा का स्तर संतुलित रहा, जिसके कारण कटऑफ में बढ़ोतरी देखने को मिली।




शुभम कुमार



कबीर | जतिन

■ दिल्ली के कबीर दूसरे, झुंझुनूं के जतिन तीसरे नंबर पर, टॉप-10 में 6 स्टूडेंट ने राजस्थान में कोचिंग की

## सीजेपी के फाउंडर छह जून को लौटेंगे भारत

**नई दिल्ली।** कॉकरोच जनता पार्टी के संस्थापक अभिजीत दीपके 6 जून को भारत लौटेंगे। इसके बाद वे दिल्ली के जंतर-मंतर पर प्रदर्शन करेंगे। इस प्रदर्शन में वे शिक्षा मंत्री के इस्तीफे की मांग करेंगे।

दीपके ने इसकी जानकारी अपने एक्स अकाउंट 'कॉकरोच इज बैक' पर दी है। कॉकरोच जनता पार्टी एक सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म है, जो भारत के चीफ जस्टिस सूर्यकांत की हालिया कॉकरोच टिप्पणी के बाद सामने आया। सीजेपी के इंस्टाग्राम पर 2 करोड़ से ज्यादा फॉलोअर्स हैं। दीपके ने सोमवार को पार्टी के एक्स अकाउंट से 6 जून को भारत लौटने की जानकारी दी। 30 साल के अभिजीत दीपके महाराष्ट्र के संभाजी नगर के रहने वाले डिजिटल मीडिया स्ट्रैटेजिस्ट हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, अभिजीत ने पुणे से पत्रकारिता की पढ़ाई की है।

■ शिक्षा मंत्री के इस्तीफे को लेकर जंतर-मंतर पर प्रदर्शन करेंगे

## NEET-UG परीक्षा कंप्यूटर आधारित कराने से सुप्रीम इन्कार

### सुप्रीम कोर्ट ने ऑफलाइन मोड को ही बरकरार रखा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने आगामी 21 जून को फिर से होने वाली नीट-यूजी परीक्षा को कंप्यूटर आधारित टेस्ट (सीबीटी) प्रारूप में आयोजित करने के लिए राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (एनटीए) को निर्देश देने से सोमवार को इन्कार कर दिया और मौजूदा 'पेन-एंड-पेपर' (ऑफलाइन) मोड को ही बरकरार रखने का फैसला किया।

न्यायमूर्ति पीएस नरसिम्हा और न्यायमूर्ति अरविंद कुमार की पीठ ने इस संबंध में राहत देने से इन्कार कर दिया और मामले की सुनवाई जुलाई तक के लिए स्थगित कर दी। न्यायालय के इस फैसले से नीट-यूजी की दोबारा होने वाली परीक्षा के सीबीटी मोड में कराने की किसी भी संभावना पर फिलहाल विराम लग गया है। पीठ राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के सांसद सुधाकर सिंह द्वारा दायर एक रिट याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें नीट परीक्षा से जुड़े कई निर्देश देने की मांग की गई थी। सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता के वकील ने स्पष्ट किया कि वह केवल एक ही मांग पर जोर दे रहे हैं- 21 जून को होने वाली परीक्षा सीबीटी मोड में आयोजित की जाए। वकील ने दलील दी कि आज मैं किसी अन्य मांग पर जोर नहीं दे रहा हूं। परीक्षा सीबीटी मोड में ही होनी चाहिए। न्यायमूर्ति नरसिम्हा ने हालांकि ध्यान दिलाया कि न्यायालय अतीत में भी इस तरह की समान याचिकाओं को खारिज कर चुकी है। उन्होंने टिप्पणी की कि इस तरह की राहत देने का 'कोई सवाल ही नहीं उठता', विशेषकर तब जब अधिकारी पहले ही पिछली परीक्षा रद्द होने और दोबारा परीक्षा आयोजित करने की साजो-सामान संबंधी चुनौतियों से जूझ रहे हैं। जब याचिकाकर्ता के वकील ने एक बार फिर कहा कि वह केवल सीबीटी से जुड़ी मांग पर ही जोर दे रहे हैं, तो पीठ ने संकेत दिया कि वह इस मुद्दे पर तुरंत विचार करने के पक्ष में नहीं है और इसके बाद मामले को जुलाई में सुनवाई के लिए सूचीबद्ध कर दिया।



■ एनटीए को राहत!
■ मामले की सुनवाई जुलाई तक स्थगित की

### पुणे के टीचर ने नीट पेपर अरेंज कराया: सीबीआई

**नई दिल्ली।** नीट पेपर लीक मामले में सीबीआई ने सोमवार को कहा कि पुणे की एक मेडिकल एकेडमी में फिजिक्स फैकल्टी रहे हर्षद कुमार शाह ने क्वेश्चन पेपर अरेंज कराने में भूमिका निभाई थी।

एजेंसी के मुताबिक, शाह ने फिजिक्स का प्रश्नपत्र मनीषा हवालदार तक पहुंचाया था। जांच में यही पेपर मनीषा के मोबाइल से बरामद हुआ। इसी मामले में गिरफ्तार डा. मनोज शिरुरे, हर्षद कुमार शाह और मनीषा हवालदार को सोमवार को दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट में पेश किया गया। कोर्ट ने तीनों को 15 जून तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया। सीबीआई ने अदालत को बताया कि डा. मनोज शिरुरे पेपर लीक से जुड़े नेटवर्क का हिस्सा थे। एजेंसी का दावा है कि उन्होंने मुख्य आरोपी शिवराज मोटेगांवकर से 5 लाख रुपये लिए थे।

■ तीन आरोपी 15 जून तक न्यायिक हिरासत में

### सुप्रीम कोर्ट में पांच नए न्यायाधीशों की नियुक्ति

**नई दिल्ली।** सरकार ने सोमवार को सुप्रीम कोर्ट में पांच नए न्यायाधीशों की नियुक्ति कर दी। इनके शपथ ग्रहण करने के बाद शीर्ष न्यायालय में मुख्य न्यायाधीश समेत न्यायाधीशों की कुल संख्या बढ़कर 37 हो जाएगी। विधि एवं न्याय मंत्रालय के तहत न्याय विभाग की ओर से सोमवार को जारी अलग-अलग अधिसूचनाओं के अनुसार राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सुप्रीम कोर्ट की वरिष्ठ अधिवक्ता वेंकिटा सुब्रमणि मोहना और चार उच्च न्यायालयों के मुख्य न्यायाधीशों की सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश के रूप में नियुक्ति को मंजूरी दे दी है। इनमें पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश शील नागू, बॉम्बे उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति चंद्रशेखर, मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति संजीव सचदेवा तथा जम्मू-कश्मीर और लद्दाख उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति अरुण पल्ली शामिल हैं। अधिसूचना में कहा गया है कि इन सभी की नियुक्ति पदभार ग्रहण करने की तिथि से प्रभावी होगी। सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने पिछले महीने इन न्यायाधीशों की नियुक्ति के लिए केंद्र सरकार को सिफारिश भेजी थी।

## कमर्शियल LPG सिलेंडर ₹42 महंगा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** देशभर में वाणिज्यिक रसोई गैस (एलपीजी) सिलेंडरों की कीमतों में सोमवार को एक बार फिर बढ़ोतरी की गई। इससे होटल, रेस्तरां, कैटरिंग सेवाओं और एलपीजी पर निर्भर अन्य व्यवसायों की परिचालन लागत बढ़ने की आशंका है।

दिल्ली में 19 किलोग्राम वाले वाणिज्यिक एलपीजी सिलेंडर की कीमत में 42 रुपये बढ़ाकर 3,113.50 रुपये कर दी गई है। कोलकाता में सबसे अधिक 53.50 रुपये की बढ़ोतरी दर्ज की गई, जबकि मुंबई और चेन्नई में कीमतें क्रमशः 43.50 रुपये और 46 रुपये बढ़ाई गई हैं। तेल विपणन कंपनियों ने पांच किलोग्राम के फ्री ट्रेड एलपीजी सिलेंडर की कीमत में भी 11 रुपये की वृद्धि की है। हालांकि घरेलू इस्तेमाल वाले 14.2 किलोग्राम के सिलेंडर के दाम में कोई बदलाव नहीं किया गया है। यह नवीनतम बढ़ोतरी हाल के महीनों में वाणिज्यिक एलपीजी दरों में लगातार हुई वृद्धि के बाद की गई है। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर ईंधनों की कीमतों में बढ़ोतरी और आपूर्ति संबंधी चिंताओं के कारण ईंधन बाजारों पर दबाव बना हुआ है, जिससे वाणिज्यिक उपभोक्ताओं की लागत बढ़ रही है। इस मूल्य वृद्धि का सबसे अधिक असर आतिथ्य और खाद्य सेवा क्षेत्र के व्यवसायों पर पड़ने की संभावना है, जहां रसोई गैस एक प्रमुख परिचालन आवश्यकता है। उद्योग के विशेषज्ञों का मानना है कि ईंधन की लागत में लगातार वृद्धि से रेस्तरां, होटल और छोटे खाद्य विक्रेताओं का मुनाफा प्रभावित हो सकता है। इसके विपरीत, घरेलू एलपीजी सिलेंडरों के दाम दिल्ली में 913 रुपये, मुंबई में 912.50 रुपये, कोलकाता में 939 रुपये और चेन्नई में 928.50 रुपये पर स्थिर रखे गए हैं। सरकार और तेल विपणन कंपनियों ने आश्वासन दिया है कि देशभर में एलपीजी का पर्याप्त भंडार उपलब्ध है। वैश्विक ऊर्जा बाजारों में उतार-चढ़ाव के बावजूद रसोई गैस और अन्य पेट्रोलियम उत्पादों की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने के प्रयास जारी हैं।



■ होटल, रेस्तरां, कैटरिंग सेवाओं परिचालन व अन्य व्यवसायों की लागत बढ़ने की आशंका

## शिक्षा को कारोबार बनाना सभी बुराइयों का आधार: राहुल गांधी

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) पर उसकी गलतियों के लिए छात्रों से शुल्क वसूली को लूट करार देते हुए कहा है कि जब शिक्षा को सेवा के बजाय कारोबार बना दिया जाता है, तो उससे अनेक बुराइयां जन्म लेना शुरू कर देती हैं।

राहुल गांधी नेएक्स पर कहा कि सीबीएसई की गलती से नंबर गलत आएं, तो उसकी कीमत छात्रों को चुकानी पड़ती है। डिजिटल स्कैन कॉपी, री-टोटलिंग और री-इवैल्यूएशन के लिए अलग-अलग शुल्क देना पड़ता है। अपनी ही उत्तर पुस्तिका की सही जांच कराने के लिए एक छात्र को हजारों रुपये तक खर्च करने पड़ सकते हैं।



■ कांग्रेस नेता ने छात्रों से शुल्क वसूली को लूट करार दिया

### दिल्ली में स्कूल ऑफ प्लानिंग की बिल्डिंग में आग

**नई दिल्ली।** दिल्ली के आईटीओ इलाके में स्थित स्कूल ऑफ प्लानिंग एंड आर्किटेक्चर (एसपीए) में सोमवार सुबह आग लग गई। दमकल की 8 गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। कुछ घंटों की मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया गया। घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। शुरुआत में कुछ रिपोर्ट्स में आग शिक्षा मंत्रालय के ऑफिस में लगने की बात कही गई थी, जिस पर कांग्रेस ने मामले को संदिग्ध बताया। बाद में कहा गया कि आग मंत्रालय के ऑफिस में नहीं, एसपीए भवन में लगी थी।

## GST संग्रह मई में बढ़कर 1.94 लाख करोड़ पर पहुंचा

### आयात पर प्राप्त कर राजस्व में 19 प्रतिशत का रहा जबरदस्त उछाल

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** आयात पर प्राप्त कर राजस्व में 19 प्रतिशत के जबरदस्त उछाल के कारण इस साल मई में सकल वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) संग्रह 1.94 लाख करोड़ के पार दर्ज किया गया। वित्त मंत्रालय द्वारा सोमवार को जारी आंकड़ों में बताया गया है कि मई में कुल जीएसटी संग्रह 1,94,184 करोड़ रुपये रहा, जो पिछले साल मई के मुकाबले 3.2 प्रतिशत अधिक है।

इसमें घरेलू जीएसटी संग्रह 2.6 प्रतिशत घटकर 1,34,530 करोड़ रुपये रह गया, जबकि आयातित वस्तुओं पर संकलित जीएसटी की राशि 19.1 प्रतिशत बढ़कर 59,654 करोड़ रुपये दर्ज की गई। अंतर्राष्ट्रीय बाजार में आयातित वस्तुओं, विशेषकर कच्चे तेल एवं प्राकृतिक गैस की कीमतों में तेज उछाल के कारण उन पर जीएसटी की राशि भी उसी अनुपात में बढ़ी है। सरकार ने कुल 27,281 करोड़ रुपये का जीएसटी रिफंड दिया जो सालाना आधार पर 2.6 प्रतिशत अधिक है। इसमें घरेलू रिफंड 4.3 फीसदी कम होकर 17,030 करोड़ रुपये और निर्यातकों को दिया गया रिफंड 16.6 प्रतिशत बढ़कर 10,250 करोड़ रुपये रहा। सकल जीएसटी संग्रह में से रिफंड को घटाकर शुद्ध जीएसटी राजस्व 1,66,904 करोड़ रुपये रहा। यह मई 2025 के मुकाबले 3.3 प्रतिशत अधिक है। शुद्ध घरेलू जीएसटी संग्रह 1,17,500 करोड़ रुपये रहा। यह सालाना आधार पर 2.3 प्रतिशत कम है। वहीं, शुद्ध सीमा शुल्क राजस्व 19.7 प्रतिशत बढ़कर 49,403 करोड़ रुपये हो गया। वित्त वर्ष 2026-27 के पहले दो महीने में सकल जीएसटी संग्रह 6.2 फीसदी बढ़कर 4,36,887 करोड़ रुपये दर्ज किया गया है। इसमें 59,063 करोड़ रुपये की रिफंड की राशि घटा देने पर शुद्ध जीएसटी संग्रह 3,77,824 करोड़ रुपये बना है। रिफंड में सालाना 10.9 प्रतिशत और शुद्ध संग्रह में 5.5 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है।




■ घरेलू जीएसटी संग्रह 2.6 प्रतिशत घटकर 1,34,530 करोड़ रुपये रहा

## मानसून दो-तीन दिन में केरलम पहुंचेगा

**नई दिल्ली।** मौसम विभाग (आईएमडी) ने कहा है कि दक्षिण- पश्चिम मानसून अगले 2 से 3 दिनों में केरल पहुंच सकता है। आमतौर पर मानसून 1 जून के आसपास केरल पहुंचता है, लेकिन इस बार इसमें थोड़ी देरी हुई है।

आईएमडी के मुताबिक अरब सागर, लक्षद्वीप, केरल और तमिलनाडु के कुछ हिस्सों में मानसून के आगे बढ़ने के लिए मौसम अनुकूल है। बंगाल की खाड़ी के कई इलाकों में भी मानसून आगे बढ़ सकता है। मौसम विभाग ने पहले अनुमान लगाया था कि मानसून 26 मई को केरल पहुंचेगा, लेकिन बाद में इसकी रफ्तार धीमी पड़ गई। अब इसके जून के पहले सप्ताह में पहुंचने की संभावना है। देशभर में फिलहाल हीटवेव का असर खत्म हो गया है। राजस्थान के अजमेर, नागौर और चित्तौड़गढ़ में सोमवार को ओलावृष्टि हुई। मध्य प्रदेश के 4 जिलों में आंधी और बारिश का दौर जारी है। उत्तर प्रदेश के झांसी और ललितपुर में तेज बारिश हुई, जबकि 63 जिलों में आंधी-बारिश का अलर्ट जारी है। झारखंड, छत्तीसगढ़, हरियाणा और पंजाब समेत 27 राज्यों में हल्की से भारी बारिश की संभावना जताई गई है।

■ देशभर में हीटवेव खत्म, राजस्थान के 3 जिलों में ओले गिरे

## संक्षिप्त समाचार

### ऑपरेशन सिंदूर से भारतीय हथियारों की डिमांड बढ़ी

**नई दिल्ली।** ऑपरेशन सिंदूर में ब्रह्मोस, आकाश, लायटरिंग म्युनिशन और नेत्र जैसे भारतीय हथियारों के इस्तेमाल के बाद दुनिया में इनकी मांग तेजी से बढ़ी है। कई देशों ने इन्हें खरीदने में रुचि दिखाई है, जबकि कुछ के साथ हजारों करोड़ रुपये के सौदे भी हो चुके हैं। इनकी कीमत 21,000 करोड़ रुपये से अधिक है। रक्षा मंत्रालय के मुताबिक, 2025-26 में भारत का रक्षा निर्यात रिकॉर्ड 38,424 करोड़ रुपये पहुंच गया, जो पिछले साल से 62 फीसदी ज्यादा है। ब्रह्मोस के लिए फिलीपींस, वियतनाम और दो अन्य देशों से करीब 12,500 करोड़ रुपये के सौदे हो चुके हैं। इंडोनेशिया के साथ लगभग 3,600 करोड़ रुपये की डील अंतिम मंजूरी के चरण में है।

### प. बंगाल मंत्रिमंडल का हुआ विस्तार, 35 मंत्रियों ने ली शपथ

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की सुवेंदु अधिकारी सरकार ने सत्ता संभालने के एक महीने के भीतर सोमवार को अपना पहला बड़ा कैबिनेट विस्तार किया। इसमें 35 नए मंत्रियों को शामिल किया गया है और इसके साथ ही मुख्यमंत्री सुवेंदु अधिकारी समेत कुल मंत्रियों की संख्या 41 हो गई है। इससे पहले मुख्यमंत्री के साथ पांच अन्य मंत्रियों ने शपथ ली थी। शपथ ग्रहण समारोह लोक भवन में आयोजित किया गया था, जहां राज्यपाल आरएन रवि ने नए मंत्रियों को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। सोमवार को शपथ लेने वालों में 13 कैबिनेट मंत्री, 19 राज्य मंत्री और तीन स्वतंत्र प्रभार वाले राज्य मंत्री शामिल हैं।

### भारत-ओमान मुक्त व्यापार समझौता लागू

**नई दिल्ली।** वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने भारत और ओमान के बीच मुक्त व्यापार समझौते के सोमवार से लागू होने को दोनों देशों के संबंधों में एक नए अध्याय की शुरुआत बताया। श्री गोयल ने कहा कि आज से भारत-ओमान व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौता (सीईपीए) लागू हो रहा है, और मैं इस बारे में लिख रहा हूं कि यह समझौता दोनों देशों के बीच आर्थिक और रणनीतिक संबंधों को कैसे और मजबूत करेगा। वाणिज्य मंत्री ने कहा कि पीएम मोदी जी के भारत की वैश्विक व्यापार साझेदारी को विस्तार देने के दृष्टिकोण से प्रेरित यह समझौता नए बाजार खोलकर, निर्यात बढ़ाकर, निवेश आकर्षित करके और रोजगार सृजन में तेजी लाकर भारत के छात्रों, कारीगरों, महिलाओं, किसानों, मछुआरों और लघु एवं मध्यम उद्यमों को महत्वपूर्ण रूप से लाभ पहुंचाएगा।

### म्यांमार दक्षिण-पूर्व एशिया के लिए भारत का प्रवेश द्वार: मुर्मू

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सोमवार को यहां राष्ट्रपति भवन में म्यांमार राष्ट्रपति यू मिन आंग हलिंग का स्वागत किया और कहा कि म्यांमार दक्षिण-पूर्व एशिया के लिए भारत का प्रवेश द्वार है। भारत की पांच दिन की यात्रा पर आए म्यांमार के राष्ट्रपति ने पीएम मोदी के साथ द्विपक्षीय वार्ता की। राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति हलिंग का स्वागत करते हुए, कहा कि भारत और म्यांमार के बीच गहरे सांस्कृतिक, सभ्यतागत और आध्यात्मिक संबंध हैं, जो सदियों पुराने हैं।

CMYK

# कांग्रेस की बैठक में संगठन की मजबूती पर जोर

## वोटर लिस्ट, पोलिंग बूथ प्रबंधन तथा संगठनात्मक विषयों पर विस्तृत चर्चा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बढ़ापुर।** कांग्रेस पार्टी की बैठक में संगठन की मजबूती, वोटर लिस्ट व पोलिंग बूथ प्रबंधन तथा संगठनात्मक विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई।



पार्टी हाई कमान के निर्देशानुसार जिला अध्यक्ष हेनरीता राजीव सिंह द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार पार्टी के नगर अध्यक्ष फरीद अहमद खान एड. के मौहल्ला पठानान स्थित आवास पर आयोजित की गई। सेवानिवृत्त प्रमुख सचिव आरके सिंह की अध्यक्षता व नगर अध्यक्ष फरीद अहमद खान एड. के संच. ालन में आयोजित बैठक को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष हेनरीता राजीव सिंह ने संगठन की मजबूती व सक्रियता पर बल दिया। उन्होंने वोटर लिस्ट के अवलोकन के लिए जागरुकता अभियान चलाने व जिन लोगों के वोट गलत तरीके काटे गए हैं अथवा नाम में गड़बड़ी है, उसे बूथवार दुरुस्त कराने के निर्देश दिए। साथ ही बूथवार कमेटी के गठन का कार्य भी शीघ्र अतिशीघ्र पूरा करने की अपील की। कांग्रेस चिकित्सा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष डा. आजाद बेग ने केंद्र व प्रदेश की भाजपा सरकार पर साम्प्रदायिक व जातिवाद का जहर घोल कर राजनीति करने का आरोप लगाते हुए कांग्रेस पार्टी व राहुल गांधी को मजबूत करने का आह्वान किया। सेवानिवृत्त प्रमुख सचिव आरके सिंह ने वोटर लिस्ट व बूथ प्रबंधन पर कार्य प्रगति के लिए शीघ्र ही बूथवार लिस्ट उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया। उन्होंने देश की वर्तमान परिस्थिति पर चिंता व्यक्त करते हुए भाजपा सरकार को उखाड़ फेंकने का आह्वान किया।

इस मौके पर जिला कार्यकारिणी की ओर से ठाकुर प्रदीप कुमार, मिसबाबुल हसन, जावेद अंसारी, मौहम्मद इस्लामउद्दीन, ठाकुर दीपक कुमार, मास्टर इश्हाक, मौहम्मद अख्तर प्रधान, यूसुफ प्रधान, मारूफ खान, गजनफरूल्ला खान, अफजाल खान, रफीक कुरैशी, मौहम्मद शाहिद खान, हाफिज अब्दुल हई खान, संजीव कुमार, मौहम्मद आसिफ खान, शहजाद खान आदि ने संबोधित किया। बैठक में बढ़ापुर नगर कमेटी सहित अफजलगढ़, रायपुर व कोतवाली देहात के कार्यकर्ताओं ने हिस्सा लिया।

# जिस का कटा एसआईआर में नाम उसे जुड़वाने का करे काम : हैनरीता

### कार्यकर्ताओं की समीक्षा बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

नजीबाबाद। कांग्रेस कमेटी की जिलाध्यक्ष श्रीमती हैनरीता राजीव सिंह व पूर्व आईएएस आरके सिंह ने नजीबाबाद पहुंच कर विधानसभा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं की समीक्षा बैठक की। जिलाध्यक्ष श्रीमती हैनरीता ने कार्यकर्ताओं की समीक्षा बैठक की।



जिलाध्यक्ष श्रीमती हैनरीता ने कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि प्रदेशाध्यक्ष के निर्देशानुसार एसआईआर की फाइनल लिस्ट देखने के बाद कार्यकर्ता घर-घर जाकर नाम चेक करें। जिसका नाम सूची में गलत है या कटा है उनका नाम जोड़ने के लिए हर संभव प्रयास करें। जिला उपाध्यक्ष सलाउद्दीन सैफी के निवास पर आयोजित कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष ने विधानसभा की वोटर लिस्ट नगर अध्यक्ष रईस कुरैशी, साहनपुर नगर अध्यक्ष मास्टर मकसूद तथा ब्लॉक अध्यक्ष विश्व मोहन को देकर अभी से चुनाव की तैयारी का कार्य शुरू करने को कहा। इस अवसर पर आयोजित बैठक में जिला उपाध्यक्ष सलाउद्दीन सैफी, नगर अध्यक्ष रईस कुरैशी, जिला सचिव खालिद हुसैन, अकरम खां, अमजद सिद्दीकी, नदीम फारूकी, डॉ.सलीम सैफी, मास्टर मकसूद, जिला उपाध्यक्ष हाजी नसीम अंसारी आदि मौजूद रहे। बैठक से पूर्व महारानी अहिल्याबाई होल्कर की जयंती पर उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित कर उन्हें याद किया गया।

# हिंदी पत्रकारिता दिवस पर गोष्ठी और सम्मान समारोह



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चांदपुर।** बीती रात पत्रकार परिषद चांदपुर द्वारा हिंदी पत्रकारिता के 200 वर्ष पूरे होने पर विचार गोष्ठी और सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। पंचवटी, सातो इमली में आयोजित कार्यक्रम में क्षेत्र के गणमान्य व्यक्तियों और पत्रकारिता जगत के दिग्गजों ने भाग लिया।

कार्यक्रम का मूल विषय 'कलम, कर्त्तव्य और सच्चाई' था, जिसमें हिंदी पत्रकारिता के इतिहास, वर्तमान चुनौतियों और भविष्य पर चर्चा हुई। विचार गोष्ठी में बिजनौर सांसद चंदन चौहान ने कहा कि हिंदी पत्रकारिता ने स्वतंत्रता संग्राम से लेकर आधुनिक भारत के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने जोर दिया कि पत्रकार समाज का आईना होते हैं और विपरीत परिस्थितियों में भी सच को सामने लाना उनका मुख्य धर्म है। सांसद चौहान ने पत्रकारों के साहस की सराहना की। विधान परिषद् सदस्य डा. जयपाल सिंह 'व्यस्त' ने बदलते दौर में मूल्यों की पत्रकारिता के महत्व पर प्रकाश डाला। वरिष्ठ पत्रकार डा. पंकज भारद्वाज ने समकालीन मीडिया के सामने आने वाली चुनौतियों पर अपने विचार व्यक्त किए। वरिष्ठ पत्रकार डा. सूर्यमणि रघुवंशी ने हिंदी पत्रका. रिता के 200 वर्षों के शानदार सफर को रेखांकित किया। उन्होंने बताया कि तकनीकी बदलावों के बावजूद ग्रामीण और कस्बाई क्षेत्रों में हिंदी पत्रकारिता की विश्वसनीयता आज भी मजबूत है। डा. रघुवंशी ने देश में चल रही मौजूदा गतिविधियों पर भी अपने विचार रखे। कार्यक्रम की अध्यक्षता पत्रकार परिषद् के संरक्षक गोविंद मित्तल ने की। कार्यक्रम का संचालन पत्रकार परिषद् के महामंत्री अजय कुमार कौशिक ने किया। आयोजन को सफल बनाने में पत्रकार परिषद् के अध्यक्ष मौहम्मद अजमल, संरक्षक गोविंद मित्तल, पवन राज शर्मा एड., नरेश जावा, उपाध्यक्ष सचिन शर्मा, कोषाध्यक्ष जितेंद्र शर्मा जीतू, संगठन मंत्री डा. एमके कटारिया, कार्यालय मंत्री श्याम बाबू गुप्ता, सचिव मनोज शर्मा और ऑडिटर एड. सुभाष जावा का विशेष सहयोग रहा। कांग्रेस नेता अफजल कुरैशी, वरिष्ठ अधिवक्ता विजय सिंह चौहान, शिक्षक नेता विनेश त्यागी, इफ्तेखार कुरैशी, पत्रकार डा. मनोज कटारिया, श्यामबाबू गुप्ता, मनोज शर्मा, अर्जुन सैनी, दीपक कौशिक, शिवम अग्रवाल एड., सौरभ राणा, तरुण कुमार शर्मा, मनोज कुमार गोयल, मौहम्मद हनीफ आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम में सांसद संजय चौहान ने पत्रकार परिषद की ओर से सीबीएसई 12वीं की छात्रा अपेक्षा तोमर के द्वारा जनपद में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर सम्मानित किया गया।

# पत्रकार सलीम सिद्दीकी की याद में अदबी नशिस्त

### नामचीन शायरों ने दी श्रद्धांजलि

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** मौहल्ला मीर की सराय स्थित रब्बानी अंसारी के निवास पर एक भावपूर्ण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह नशिस्त क्षेत्र के वरिष्ठ पत्रकार मरहूम सलीम सिद्दीकी की याद में आयोजित की गई थी, जिसमें नगर के गणमान्य लोगों और साहित्य प्रेमियों ने एकत्र होकर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए।



कार्यक्रम का औपचारिक उद्घाटन युवा नेता फैसल अंसारी ने फीता काटकर किया। इसके पश्चात, मौलाना रब्बानी अंसारी द्वारा शमा रोशन करके कार्यक्रम को आगे बढ़ाया गया। कार्यक्रम की सदारत (अध्यक्षता) डा. अनस अंसारी ने की। इस अदबी नशिस्त में कई नामचीन शायरों और रचनाकारों ने अपनी शायरी और कलाम के माध्यम से मरहूम सलीम सिद्दीकी के व्यक्तित्व को याद किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से शायद चांद, फुरकान देहलवी, दर्द नगीनवी और राही नहटौरी ने अपनी चुनिंदा रचनाएं पेश कीं। वक्ताओं ने सलीम सिद्दीकी के पत्रकारिता जगत में दिए गए योगदान और उनके मिलनसार स्वभाव को याद करते हुए कहा कि उनके जाने से क्षेत्र ने एक ऐसी कलम खो दी है, जो हमेशा समाज के हक की बात करती थी। इस मौके पर नगर के प्रबुद्धजन और गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

कार्यक्रम में अल्ताफ अंसारी, शाहनवाज अंसारी, शुऐब कुरैशी, तलहा अंसारी, अफजल अंसारी, इकबाल अंसारी, परवेज अंसारी, सोनू अंसारी, अजरूद्दीन अंसारी, फहाद अंसारी, कासिम अंसारी और जावेद अंसारी सहित अनेक लोग मौजूद थे। सभी उपस्थित लोगों ने मरहूम के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी और उनके परिजनों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की।

# सफाईकर्मी से निजी कार्य कराने का आरोप

### वीडियो वायरल होने पर ग्रामीणों में नाराजगी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हल्दौर।** सफाईकर्मी से ग्राम प्रधान द्वारा निजी कार्य कराए जाने के आरोपों को लेकर ग्रामीणों में रोष व्याप्त है। सोशल मीडिया पर वायरल हुए एक वीडियो के बाद मामला क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है। ग्रामीणों ने मामले की जांच कर कार्रवाई किए जाने की मांग उठाई है।



ग्राम शफीपुर हीरा में राजवीर सिंह, दलीप सिंह, नूतन सिंह सफाईकर्मी के पद पर तैनात है। ग्रामीणों का आरोप है कि गांव में तैनात सफाईकर्मी राजवीर नियमित रूप से सफाई कार्य करने के बजाय ग्राम प्रधान के निजी कार्यों में लगा रहता है। उनका कहना है कि सफाईकर्मी से पशुओं के लिए चारा लाने तथा कृषि संबंधी कार्य कराए जाते हैं, जिसके कारण गांव की सफाई व्यवस्था प्रभावित हो रही है। ग्रामीणों के अनुसार सफाई व्यवस्था पर पर्याप्त ध्यान न दिए जाने से कई स्थानों पर गंदगी के ढेर लगे हैं तथा नालियों की सफाई न होने के कारण जलभराव की समस्या भी बनी हुई है। ग्रामीणों का कहना है कि बरसात के मौसम में जलभराव और गंदगी के चलते मच्छरों का प्रकोप बढ़ने की आशंका है, जिससे संक्रामक बीमारियां फैलने का खतरा भी बना हुआ है। उनका आरोप है कि संबंधित कर्मचारी को सरकारी दायित्वों के बजाय निजी कार्यों में लगाए जाने से गांव की मूलभूत व्यवस्थाएं प्रभावित हो रही हैं। इसी बीच सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हुआ है, जिसमें एक व्यक्ति बाइक पर चारा ले जाते हुए दिखाई दे रहा है। ग्रामीण दावा कर रहे हैं कि वीडियो में दिखाई दे रहा व्यक्ति गांव का सफाईकर्मी है और वह ग्राम प्रधान के पशुओं के लिए चारा लेकर जा रहा था। वीडियो वायरल होने के बाद गांव और आसपास के क्षेत्र में मामले को लेकर चर्चाओं का दौर शुरू हो गया है। ग्रामीणों ने कहा कि यदि आरोप सही पाए जाते हैं तो यह सरकारी कार्यों में लाप. रवाही का मामला है। उन्होंने संबंधित विभागीय अधिकारियों से पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच कर आवश्यक कार्रवाई किए जाने की मांग की है।

उधर, ग्राम प्रधान ने अपने ऊपर लगाए गए सभी आरोपों को निराधार और बेबुनियाद बताया है। उनका कहना है कि उन्हें बदनाम करने के उद्देश्य से गलत प्रचार किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि गांव में नियमित रूप से विकास एवं सफाई कार्य कराए जा रहे हैं और वायरल वीडियो को तथ्यों से परे प्रस्तुत किया जा रहा है। फिलहाल वायरल वीडियो और लगाए गए आरोपों को लेकर ग्रामीणों तथा ग्राम प्रधान के बीच अलग-अलग दावे किए जा रहे हैं। मामले की सत्यता जांच के बाद ही स्पष्ट हो सकेगी। ग्रामीणों को अब विभागीय अधिकारियों की कार्रवाई और जांच रिपोर्ट का इंतजार है।

## एक नजर

### आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग

**शेरकोट।** एक युवती को शादी का झांसा देकर बहला-फुसलाकर ले जाने का मामला सामने आया है। पीड़ित पक्ष ने पुलिस को तहरीर देकर आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। ग्राम नंगली लाडन निवासी विकास कुमार पुत्र धीर सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसकी 18 वर्षीय बहन राधिका 29 मई को अपनी बड़ी बहन अंशु रानी के घर ग्राम भनौटी गई थी। आरोप है कि 30 मई को उनके ही गांव का युवक कल्लहन पुत्र मुन्ने सिंह राधिका को शादी का झांसा देकर अपने साथ ले गया। परिजनों का कहना है कि युवती को बहला-फुसलाकर ले जाया गया है। घटना के बाद परिवार के लोगों ने उसकी काफी तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं लग सका। पीड़ित पक्ष ने थाना पुलिस को तहरीर देकर युवती की बरामदगी तथा आरोपी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। अधिकारियों का कहना है कि युवती की तलाश के लिए आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं और जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### नौ दिवसीय श्री राम कथा का शुभारंभ



**नहटौर।** टपरोला में नौ दिवसीय संगीतमय श्री राम कथा का शुभारंभ हो गया है। इस आयोजन की शुरुआत भव्य कलश यात्रा के साथ हुई। जिसमें मुख्य यजमान सचिन चौहान और उनकी पत्नी मनोरमा चौहान सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल हुए। कलश यात्रा गांव में चारों ओर निकाली गई। इस दौरान 'जय श्री राम', 'जय सियाराम' और 'जय हनुमान' के नारों से पूरा गांव भक्तिमय हो गया। कथा व्यास पंडित राम रसिक जी महाराज और आचार्य रोहित भारद्वाज ने कलश के महत्व पर प्रकाश डाला। कलश यात्रा और कथा के शुभारंभ में मुख्य यजमान सचिन चौहान और उनकी पत्नी मनोरमा चौहान के साथ शिल्पी, उर्मिला देवी, रानी देवी, नीतू देवी, आशा देवी, नूतन देवी, ममता दीपन, चंपा देवी, अमृता देवी, जीतू देवी, आवेश उर्मि चौहान, पूजा, सावित्री, दयावती, मीनाक्षी, राजकली, कृपाल सिंह, मदन सिंह, लोकेंद्र सिंह, त्रिलोक चंद, रूपेश चौहान, विनोद चौहान, केशव कुसुम पाल, कोमल, राजेश शर्मा, अंकुल चौहान, अमित कुमार, हिमांशु, संदीप कुमार, संचित, विमल सिंह, सुरेंद्र सिंह, उदयवीर सिंह, डा. मुकेश गिरी, कृष्णागिरी, दिनेश गिरी, नरेश गिरी, नरेश चौहान, वीरेन चौहान, रामकुमार भगत जी लाल और नरदेव सिंह सहित बड़ी संख्या में भक्तजन उपस्थित रहे।

# प्रधानमंत्री ने छह वर्ष पूरे होने पर पीएम स्वनिधि योजना की सराहना की

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को प्रधानमंत्री स्ट्रीट वेंडर्स आत्मनिर्भर निधि (पीएम स्वनिधि) योजना के छह साल पूरे होने पर इसके प्रभाव का उल्लेख करते हुए कहा कि इस पहल ने बिना गारंटी ऋण, वित्तीय समावेशन और विकास के अवसर प्रदान कर अनगिनत रेहड़ी पटरी वालों के जीवन को बदल दिया है।



प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में, योजना के लाभार्थियों को शुभकामनाएं दीं और देश की अर्थव्यवस्था में उनके योगदान की सराहना की। श्री मोदी ने कहा, ष्आज हम पीएम स्वनिधि योजना के छह वर्ष पूरे कर रहे हैं, जिसने बिना गारंटी ऋण, वित्तीय समावेशन और विकास के नए अवसरों तक पहुंच सुनिश्चित करके अनगिनत रेहड़ी पटरी वालों के जीवन को बदल दिया है। यह योजना विश्वास, गरिमा और सशक्तिकरण के बारे में है। सभी लाभार्थियों को मेरी शुभकामनाएं, जिनका दृढ़ संकल्प और उद्यम हमारे देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत करना जारी रखता है। केंद्र सरकार द्वारा जून 2020 में कोविड महामारी के बीच शुरू की गई, पीएम स्वनिधि को उन रेहड़ी पटरी वालों को आर्थिक सहारा प्रदान करने के लिए डिजाइन किया गया था जिनकी आजीविका लॉकडाउन और आर्थिक व्यवधानों से गंभीर रूप से प्रभावित हुई थी। यह योजना पात्र विक्रेताओं को बिना किसी गारंटर के कार्यशील पूंजी ऋण प्राप्त करने में सक्षम बनाती है, जिससे उन्हें अपने व्यवसाय को फिर से शुरू करने और विस्तार करने में मदद मिलती है। पिछले कुछ वर्षों में, यह कार्यक्रम एक महत्वपूर्ण पहल के रूप में उभरा है जिसका उद्देश्य सड़कों पर रेहड़ी पटरी लगाने वालों को औपचारिक बैंकिंग प्रणाली में लाकर उनके बीच वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देना है। लाभार्थियों को डिजिटल लेनदेन अपनाने के लिए भी प्रोत्साहित किया जाता है और वे समय पर ऋण चुकौती से जुड़े प्रोत्साहन के पात्र हैं। सरकारी अधिकारियों ने पीएम स्वनिधि को एक परिवर्तनकारी कल्याणकारी उपाय के रूप में वर्णित किया है जिसने शहरी क्षेत्रों में लाखों छोटे उद्यमियों को सशक्त बनाया है, जिससे उन्हें अपनी आय में सुधार करने और अपनी वित्तीय लचीलापन मजबूत करने में मदद मिली है।

# लेखपाल भर्ती परीक्षा के पेपर लीक मामले पर सियासत तेज

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**प्रयागराज।** प्रदेश की लेखपाल भर्ती परीक्षा के कथित पेपर लीक मामले को लेकर प्रयागराज में छात्र आंदोलन और राजनीतिक गतिविधियां तेज हो गई हैं। इसी क्रम में आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद एवं उत्तर प्रदेश प्रभारी संजय सिंह सोमवार को प्रयागराज पहुंचे और प्रतियोगी छात्रों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं।



छात्रों से मिले संजय सिंह

सर्किट हाउस में आयोजित कार्यक्रम के दौरान संजय सिंह ने प्रतियोगी छात्र संघर्ष समिति के प्रतिनिधियों के साथ बातचीत की। इस मौके पर कांग्रेस के पूर्व विधायक अनुग्रह नारायण सिंह और इलाहाबाद उच्च न्यायालय के अधिवक्ता केके राय भी मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान उस समय विवाद की स्थिति उत्पन्न हो गई, जब प्रशासनिक अधिकारियों ने सर्किट हाउस परिसर में आयोजित संवाद कार्यक्रम को लेकर आपत्ति जताई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार इस दौरान एडीएम सिटी सत्यम मिश्रा और पुलिस अधिकारियों के साथ सांसद संजय सिंह की तीखी बहस भी हुई। हालांकि बाद में छात्रों और प्रतिनिधिमंडल के बीच संवाद कार्यक्रम संपन्न हुआ। इसके बाद आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में संजय सिंह ने केंद्र और प्रदेश सरकार पर भर्ती परीक्षाओं की पारदर्शिता सुनिश्चित करने में विफल रहने का आरोप लगाया।

# उप्र को एक ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था बनाने में ग्राहक-केंद्रित व्यवसाय की भूमिका अहम

**लखनऊ, वार्ता**

### ग्राहक संतुष्टि किसी भी सफल व्यवसाय की आधारशिला: अग्रवाल

प्रसिद्ध प्रबंधन विशेषज्ञ, अंतर्राष्ट्रीय प्रेरक वक्ता एवं मुंबई डब्बावाला मॉडल के लिए चर्चित डॉ. पवन अग्रवाल ने कहा कि उत्तर प्रदेश को एक ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था बनाने के लक्ष्य की प्राप्ति में ग्राहक-केंद्रित व्यवसायों और मजबूत व्यावसायिक नेटवर्क की महत्वपूर्ण भूमिका होगी।

लखनऊ के एक होटल में आयोजित बीएनआई नेटकॉन 2026 को संबोधित करते हुए डॉ. अग्रवाल ने कहा कि ग्राहक संतुष्टि किसी भी सफल व्यवसाय की आधारशिला है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश देश की सबसे तेजी से विकसित हो रही अर्थव्यवस्थाओं में शामिल है और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में एक ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था के लक्ष्य की दिशा में आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि ग्राहक संतुष्टि प्रत्येक व्यवसाय का प्रमुख उद्देश्य होना चाहिए। किसी भी संगठन की हर गतिविधि ग्राहक-केंद्रित होनी चाहिए।


उत्तर रेलवे

निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रवर मण्डल अभियन्ता/प्रथम द्वारा ई-टेन्डर जिनके बन्द होने की तिथि प्रत्येक निविदा के सामने अंकित है। निम्न टेन्डर संख्या के अन्तर्गत आमंत्रित किये जाते हैं जो उसी दिन **16:00 बजे** तक प्राप्त किये जायेंगे। निविदा की कीमत तथा धरोहर राशि का भुगतान निविदादाता द्वारा केवल IREPS पोर्टल पर उपलब्ध नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड आदि के माध्यम से आनलाइन भुगतान करना होगा। डिमाण्ड ड्राफ्ट, बैंकर चैक, डिपाजिट रसीद आदि स्वीकार्य नहीं होंगे। टेन्डर से संबंधित अन्य जानकारी वैबसाइट **www.ireps.gov.in** पर देखें।

| टेन्डर संख्या दिनांक | 71-DRM-MB-26-27 Dt. 29.05.2026 |
| --- | --- |
| कार्य का नाम | Provision 3.0 m wide FOB at LAKSAR station on NBD-SRE section |
| निविदा का प्रकार | Works |
| निविदा की कीमत | Nil |
| अनुमानित लागत (रु.) | 3,60,85,412.61 |
| धरोहर राशि (रु.) | 7,21,700.00 |
| टेन्डर क्लोसिंग दिनांक/समय | 22.06.2026, 16:00 |
| बिडिंग स्टार्ट तिथि | 08.06.2026 |
| आफर की वैधता | 60 Days |
| कार्य पूर्ण करने की अवधि | 06 Months |

सं.: 74-W/2/3/WA/Publication दिनांक: 30.05.2026 1838/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# हादसे में नवविवाहिता की मौत, कई घायल

## मेला देखकर लौट रहे परिवार को ट्रक ने मारी टक्कर



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** एक परिवार की खुशियां पलक झपकते ही मातम में बदल गई। अभी नवविवाहिता के हाथों की मेहंदी भी पूरी तरह फीकी नहीं पड़ी थी कि सड़क हादसे ने उसके जीवन का सफर हमेशा के लिए खत्म कर दिया। दो माह पूर्व विवाह बंधन में बंधी अमीषा की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि परिवार के अन्य सदस्य गंभीर रूप से घायल हो गए।

प्राप्त समाचार के अनुसार धामपुर क्षेत्र के जैतरा निवासी राहुल अपनी पत्नी अमीषा, बहन नेहा, माता उर्मिला तथा पूजा के साथ मेला देखकर वापस घर लौट रहे थे। परिवार सड़क किनारे पैदल अपने घर की तरफ जा रहा था। इसी दौरान नूरपुर की तरफ से तेज रफ्तार में आए ट्रक ने पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। हादसा इतना भीषण था कि मौके पर चीख-पुकार मच गई। टक्कर लगते ही सभी लोग सड़क पर गिर पड़े और घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र धामपुर पहुंचाया गया। जहां चिकित्सक ने राहुल की पत्नी अमीषा को मृत घोषित कर दिया। वहीं राहुल, उसकी बहन नेहा, माता उर्मिला तथा अन्य घायलों की हालत गंभीर देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। घटना के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

बताया जा रहा है कि अमीषा की शादी महज दो महीने पहले ही हुई थी। विवाह के बाद परिवार में खुशियों का माहौल था, लेकिन इस दर्दनाक हादसे ने सारी खुशियां छीन लीं। जिस घर में कुछ समय पहले शादी की रस्में और बधाइयों की गूंज थी, वहां अब मातम पसरा हुआ है।

घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और अज्ञात ट्रक चालक की तलाश शुरू कर दी। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है, ताकि वाहन की पहचान कर आरोपी चालक के खिलाफ कार्रवाई की जा सके। क्षेत्र में इस हादसे की चर्चा बनी हुई है और हर किसी की जुबान पर यही बात है कि एक पल में एक परिवार की खुशियां उजड़ गईं। नवविवाहिता की मौत से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर है।

# सड़क किनारे कोल्ड ड्रिंक पी रहा युवक कार की टक्कर से घायल

**गंभीर हालत में हायर सेंटर रैफर**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** धामपुर मार्ग पर मनझेड़ा चौकी के पास तीबड़ी सेंटर पर सोमवार शाम एक भीषण सड़क हादसा हो गया। यहां सड़क किनारे खड़े होकर कोल्ड ड्रिंक पी रहे एक 18 वर्षीय युवक को तेज रफ्तार कार ने जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रैफर किया गया है। वारदात के बाद चालक कार समेत मौके से फरार हो गया।

प्राप्त समाचार के अनुसार नई सराय (धामपुर) निवासी जुनैद (18 वर्ष) पुत्र शमशाद सोमवार की शाम करीब 5:30 बजे मनझेड़ा चौकी के पास स्थित तीबड़ी सेंटर पर अपने एक साथी के साथ खड़ा था। दोनों वहां कोल्ड ड्रिंक पी रहे थे। इसी दौरान एक अनियंत्रित तेज रफ्तार ऑल्टो कार ने जुनैद को सीधी टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि जुनैद उछलकर सड़क पर जा गिरा और लहूलुहान हो गया।

हादसे के बाद मौके पर राहगीरों की भारी भीड़ जमा हो गई। स्थानीय लोगों ने तुरंत इसकी सूचना एम्बुलेंस को दी। मौके पर पहुंची 1033 हाईवे एम्बुलेंस की मदद से घायल को तत्काल साम. ुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नगीना में भर्ती कराया गया। सीएचसी के डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद युवक की हालत बेहद चिंता. जनक देखते हुए उसे हायर सेंटर के लिए रैफर कर दिया।

परिजनों ने गंभीर रूप से घायल जुनैद को धामपुर के आयुष्मान अस्पताल में भर्ती कराया है, जहां वह जिंदगी और मौत के बीच जंग लड़ रहा है। डॉक्टरों के मुताबिक युवक की हालत अभी भी नाजुक बनी हुई है।

उधर, दुर्घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी कार चालक वाहन सहित मौके से भागने में सफल रहा।

## एक नजर

### युवक की उपचार के दौरान मौत



**अफजलगढ़।** ग्राम सीरवासुचंद निवासी मौहम्मद शोएब (23 वर्ष) पुत्र लियाकत बीती शाम अपनी बहन और उसके दो बच्चों को शेरकोट स्थित उनकी ससुराल छोड़ने जा रहा था। इसी दौरान रामगंगा पुल के समीप सड़क पार कर रही बैलगाड़ी से उसकी बाइक टकरा गई, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। दुर्घटना में उसकी बहन और दोनों बच्चे भी घायल हुए थे। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल शोएब को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अफजलगढ़ में भर्ती कराया, जहां चिकित्सक ने उसकी गंभीर हालत को देखते हुए हायर सेंटर रेफर कर दिया। परिजन उसे उपचार के लिए काशीपुर स्थित सहोता अस्पताल ले गए, जहां आज शाम इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। शव के घर पहुंचते ही परिवार में मातम छा गया। मृतक अपने पीछे डेढ़ वर्षीय पुत्र, पत्नी, माता-पिता, बहन और भाई सहित भरा-पूरा परिवार छोड़ गया है। ग्राम प्रधान पति शकील अहमद एवं मौहम्मद फिरोज की मौजूदगी में परिजनों ने बिना किसी कानूनी कार्रवाई के शव का अंतिम संस्कार करने का निर्णय लिया। थानाध्यक्ष विजेंद्र कुमार राठी ने बताया कि दुर्घटना के संबंध में पुलिस को कोई तहरीर प्राप्त नहीं हुई है। क्षेत्र में लगातार हो रही सड़क दुर्घटनाओं को लेकर लोगों में चिंता बनी हुई है। जानकारों का मानना है कि दोपहिया वाहन चालकों द्वारा हेलमेट का प्रयोग न करना दुर्घटनाओं में मौत का एक बड़ा कारण बन रहा है। पुलिस और प्रशासन द्वारा लगातार जागरूकता अभियान चलाए जाने के बावजूद कई वाहन चालक हेलमेट पहनने में लापरवाही बरत रहे हैं।

### मच्छरों के प्रकोप से बचने को फॉगिंग



**नगीना।** नगर पालिका ने संक्रामक बीमारियों की रोकथाम के लिए अभियान चलाया है। पालिका टीम ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर सहित नगर के विभिन्न प्रमुख चौराहों और मौहल्लों में सघन फॉगिंग कराई। अधिशासी अधिकारी ने बताया कि मच्छरों के प्रकोप को कम करने और नागरिकों को स्वस्थ रखने के लिए यह अभियान आगे भी जारी रहेगा।

### ब्लॉक प्रमुख ने किया खड़ंजे का उद्घाटन



**नजीबाबाद।** विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत हरेवली में 400 मीटर खड़ंजे का उद्घाटन किया गया। यह खड़ंजा क्षेत्र पंचायत निधि से निर्मित हुआ है। ब्लॉक प्रमुख तपराज सिंह देशवाल ने इसका उद्घाटन किया। उद्घाटन के अवसर पर ब्लॉक प्रमुख ने सिकरौदा, नवादा और हरेवली ग्राम के प्रमुख व्यक्तियों के साथ बैठक की। इस दौरान भारतीय जनता पार्टी की नीतियों पर विस्तृत चर्चा हुई। ग्रामीणों ने पार्टी को मजबूत करने और आगामी चुनावों को लेकर भी विचार-विमर्श किया। ब्लॉक प्रमुख तपराज सिंह देशवाल ने कहा कि कार्य करना ही उनका कर्म है। उन्होंने अपनी प्रतिबद्धता दोहराई कि उनके कार्यकाल में उनके क्षेत्र का कोई भी कार्य अधूरा नहीं रहेगा। उन्होंने क्षेत्रवासियों के निरंतर सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया और हमेशा उनके साथ खड़े रहने का आश्वासन दिया। दूसरी ओर, ग्रामीणों ने ब्लॉक प्रमुख के कार्यों की सराहना की। उन्होंने कहा कि ब्लॉक प्रमुख एक सम्मानित पद पर रहते हुए भी हमेशा क्षेत्रवासियों के साथ खड़े रहते हैं। ग्रामीणों ने उनके प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर एड. तेजबल त्यागी, आशीष त्यागी, अतुल त्यागी, अशोक कुमार त्यागी, दीपक कुमार त्यागी, डॉ. उमेश त्यागी, मुकेश त्यागी, राकेश त्यागी, फरीद अहमद सहित कई ग्रामीण उपस्थित रहे।

### करंट से बंदर की मौत



**बिजनौर।** नांगल सोती गांव के मौहल्ला जोशियान में आज सुबह करंट लगने से एक बंदर की मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में मौहल्लेवासी घटनास्थल पर इकट्ठा हो गए। स्थानीय लोगों सचिन जोशी, मोनी जोशी ने बताया कि बंदर की मौके पर ही करंट लगने से मृत्यु हो गई थी। जिसको मौहल्ले में रहने वाले कुत्ते नोच रहे थे । ग्रामीणों ने कुत्तों से बचाकर बंदर के शव का धार्मिक आस्था और रीति-रिवाजों के साथ अंतिम संस्कार करने का निर्णय लिया। इसके बाद मौहल्लेवासियों ने मिलकर बंदर की अंतिम यात्रा निकाली। इस अंतिम यात्रा में शुभम जोशी, विजेंद्र जोशी, पंडित वीरेंद्र जोशी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे। सभी ने मिलकर बंदर को अंतिम विदाई दी। ग्रामीणों ने विधि-विधान के साथ बंदर का अंतिम संस्कार किया और उसकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। यह घटना पूरे गांव में चर्चा का विषय बनी हुई है।

## एक नजर

### सफाईकर्मी और प्रशासक को नोटिस



**बिजनौर।** सोशल मीडिया पर वायरल हुए सफाईकर्मी प्रकरण के बाद प्रशासन हरकत में आ गया है। जिला पंचायत राज अधिकारी (डीपीआरओ) प्रीतम सिंह ने बताया कि मामले को गंभीरता से लेते हुए संबंधित प्रशासक और सफाईकर्मी को नोटिस जारी किया जा रहा है। गौरतलब है कि हाल ही में एक वीडियो वायरल हुआ था, जिसमें एक व्यक्ति बाइक पर चारा ले जाता दिखाई दे रहा था। ग्रामीणों ने दावा किया था कि वीडियो में दिख रहा व्यक्ति सफाईकर्मी है और उससे निजी कार्य कराए जा रहे हैं। मामले के तूल पकड़ने के बाद विभाग ने जांच शुरू कर दी है। डीपीआरओ ने कहा कि दोनों पक्षों से स्पष्टीकरण मांगा जाएगा और जांच रिपोर्ट के आधार पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

### आउटसोर्स कर्मचारियों को श्रद्धांजलि



**बिजनौर।** नांगल सोती के ग्राम सोफतपुर स्थित 33/11 बिजली फिटर पर आज सुबह दस बजे एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। यह सभा प्रदेश भर में विद्युत उपभोक्ताओं की सेवा करते हुए जान गंवाने वाले आउटसोर्स कर्मचारियों को समर्पित थी। इस कार्यक्रम में विद्युत आउटसोर्स कर्मचारी जनेश्वर पाल, पुष्पेंद्र कुमार, तरुण जोशी, देव चौधरी और विनय कुमार शामिल हुए। यह श्रद्धांजलि उत्तर प्रदेश में हाल ही में हुई घटनाओं के मद्देनजर दी गई। पिछले 37 दिनों के भीतर राज्य में 36 कार्यस्थल दुर्घटनाओं में 22 विद्युत कर्मचारियों की मृत्यु हो गई थी। इन सभाओं का उद्देश्य दिवंगत आत्माओं को श्रद्धांजलि अर्पित करने के साथ-साथ असुरक्षित कार्य स्थितियों, कर्मचारियों की कमी और जोखिम भत्ते की बहाली जैसी मांगों को उजागर करना भी है।

# चांदपुर में मिला होमगार्ड्स को अपना भवन

## जिला कमांडेंट वेदपाल सिंह चपराना के प्रयासों का नतीजा



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** चांदपुर में होमगार्ड्स कंपनी कार्यालय का उदघाटन जिला कमांडेंट होमगार्ड्स वेदपाल सिंह चपराना द्वारा किया गया। इस मौके पर प्रेरणा परिवार के मुख्य कार्यकर्ता ज्ञान प्रकाश, डा.दिवाकर भाटिया, कृष्णगोपाल, गोविंद मित्तल, चंद्रपाल नेताजी, वरुण गुर्जर, सुरेंद्र मालिक, नफीस अहमद, अजय कौशिक, मुनेश चौधरी आदि सैकड़ों गणमान्य व होमगार्ड्स मौजूद रहे।

कार्यक्रम का संचालन विनेश त्यागी पूर्व प्रधानाचार्य द्वारा किया गया। जिला कमांडेंट श्री चपराना द्वारा चांदपुर के पूर्व कंपनी कमांडर जगत सिंह शर्मा सहित क्षेत्र के सेवानिवृत होमगार्ड्स को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। कमांडेंट श्री चपराना ने बताया कि इस कार्यालय के निर्माण में 2.30 लाख रुपए का सहयोग प्रेरणा परिवार के मुखिया ज्ञान प्रकाश वर्मा, 51 हजार रुपए का सहयोग कृष्णोत्तर बैंकर्स, 51 हजार रुपए का सहयोग गोविंद मित्तल एवं 71 हजार रुपए का सहयोग कंपनी चांदपुर के होमगार्ड्स द्वारा स्वेच्छा से किया गया है। इसमें एक कार्यालय, एक बैरग व एक स्टोर बनाया गया है। कार्यक्रम का शुभारंभ यज्ञ से किया गया। सभी मंचासीन गणमान्यों को पुष्प, पटका एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

जिला कमांडेंट श्री चपराना ने कहा कि सीएम योगी एवं होमगार्ड्स मंत्री की अपेक्षाओं के अनुरूप जनपद में कोतवाली देहात, किरतपुर, नजीबाबाद के बाद चांदपुर में कंपनी कार्यालय का निर्माण किया गया है तथा शीघ्र ही जिला कमांडेंट होमगार्ड्स कार्यालय बिजनौर का भी निर्माण कार्य भी पूरा होने जा रहा है। निर्माण कार्य पूरा होते ही शीघ्र ही भव्य लोकार्पण का कार्यक्रम किया जाएगा।

# हादसे में मां व मासूम बच्चे की मौत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** आज देर शाम दवाई लेने आ रही महिला और उसके डेढ़ वर्षीय पुत्र की सड़क दुर्घटना में दर्दनाक मौत हो गई, जबकि महिला का देवर गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक को हायर सेंटर रेफर कर दिया गया।

प्राप्त समाचार के अनुसार ग्राम शाहपुर जमाल निवासी अमित कुमार पुत्र सुरेश कुमार अपनी भाभी अंचल देवी पत्नी मोनू कुमार तथा डेढ़ वर्षीय भतीजे ब्रेज कुमार को बाइक से दवाई दिलाने अफजलगढ़ आ रहा था। नेशनल हाईवे-74 पर ग्राम अमान. नगर तिराहे के समीप देहरादून से काशीपुर की तरफ जा रही तेज रफ्तार कार ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक सवार तीनों लोग सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और बड़ी संख्या में ग्रामीण व राहगीर एकत्र हो गए। स्थानीय लोगों ने तत्काल पुलिस और एम्बुलेंस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस और एम्बुलेंस टीम मौके पर पहुंची तथा घायलों को सीएचसी अफजलगढ़ पहुंचाया। जहां चिकित्सक ने अंचल देवी और उसके डेढ़ वर्षीय पुत्र ब्रेज कुमार को मृत घोषित कर दिया। वहीं गंभीर रूप से घायल अमित कुमार को प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। हादसे की सूचना मिलते ही मृतकों के परिजनों में कोहराम मच गया। गांव में शोक की लहर दौड़ गई और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। स्थानीय लोगों का कहना है कि अमाननगर मोड़ पर आए दिन सड़क दुर्घटनाएं होती रहती हैं। तेज रफ्तार वाहनों और यातायात नियमों की अनदेखी के कारण यह स्थान दुर्घटना संभावित क्षेत्र बन चुका है। ग्रामीणों ने प्रशासन से यहां गति नियंत्रण के प्रभावी उपाय करने तथा सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने की मांग की है।

# लुहावने नारों में न आकर अच्छा नेता चुने : मंसूरी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** जैसे-जैसे विधानसभा चुनाव नजदीक आएंगे, तमाम पार्टियां मैदान में आएंगी और वोटों का बिखराव करेंगी। जिससे समाज को नुकसान होगा। ऐसी पार्टियों से सावधान रहना है।

ये शब्द भारतीय पसमांदा मुस्लिम समाज/इस्लाहुल मंसूर रजिस्टर्ड के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौहम्मद इरफान मंसूरी ने एक प्रेस नोट में कहे। श्री मंसूरी ने कहा कि कुछ ताकतें देश में नफरत फैला कर देश को कमजोर करने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन वो ताकतें अपने मंसूबों में कामयाब नहीं होंगी ऐसा हमें यकीन है। व्यापारी हाथ पर हाथ रखे बैठे हैं। नौजवान डिग्री लेकर घूम रहे हैं। जॉब नहीं मिल रही। महंगाई ने कमर तोड़ रखी है। चारों तरफ त्राहि-त्राहि मची है और सरकार अपनी धुन में मस्त है। जनता अब बदलाव चाहती है। 2027 में जनता सब बातों का हिसाब मांगेगी। श्री मंसूरी ने कहा कि सभी छोटे-बड़े दलों को मिलकर चुनाव में उतरना होगा। अलग-अलग लड़े, तो उत्तर प्रदेश में भी बंगाल जैसा हाल होगा। जिसके लिए विपक्ष जिम्मेदार होगा। विपक्ष को अभी से साझा नीति बनाकर काम शुरू करना चाहिए। बड़े दलों को अपना दिल बड़ा करना होगा और छोटी पार्टियों को अपनी हैसियत के हिसाब से कुछ सीटों पर ही लड़ना चाहिए, तभी सत्ता परिवर्तन हो सकता है। श्री मंसूरी ने कहा कि हमें किसी भी प्रकार के लुभावने/झूठे नारों में ना आकर अच्छा नेता, अच्छी पार्टी चुननी होगी, जो देश और जनता के हित की बात करें। उन्होंने यह भी कहा कि गाय को राष्ट्रीय पशु घोषित करने की मांग चारों तरफ से उठ रही है। सरकार तुरंत गाय को राष्ट्रीय पशु का दर्जा दें, ताकि गाय भी सुरक्षित रहे और तमाम विवाद भी देश से खत्म हो जाए, लेकिन सरकार को तो कुछ इस तरह के मुद्दे जिंदा रखने हैं। जिनके सहारे वो चुनावी मैदान में आते हैं, लेकिन अब देश समझ रहा है वक्त का इंतेजार है जनता जवाब देना जानती है।

# व्यापारी एकता परिषद का प्रदर्शन

## बढ़ती महंगाई के विरोध में जिलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** आज सुबह व्यापारी एकता परिषद का महंगाई के विरोध में विरोध प्रदर्शन किया गया। जिसमें सबसे पहले व्यापारी एकता परिषद के पदाधिकारी नुमाइश ग्राउंड पर एकत्र हुए। उसके बाद कार्यकर्ता पैदल मार्च करते हुए जिला मुख्यालय पर पहुंचे। जिला मुख्यालय पर पहुंचकर जिलाधिकारी के नाम राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन सौंपा गया।

जिसमें व्यापारी एकता परिषद की मुख्य मांगें देश में बढ़ रही तेजी से महंगाई को लेकर उस पर अंकुश लगाने के लिए राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन सौंपा गया। व्यापारी एकता परिषद की मांग है कि पिछले एक माह में कमर्शियल गैस, डीजल, पैट्रोल एवं बिजली पर सब चार्ज बढ़ाया गया है। इसके विरोध में आज संगठन के द्वारा पूरे पश्चिम उत्तर प्रदेश से हर जनपद से राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन आज संगठन के द्वारा सौंपा गया। जिसमें संगठन के द्वारा केंद्र सरकार से निवेदन किया गया है कि वह बढ़ती महंगाईयों पर अंकुश लगाए और व्यापारी समाज जो कि भारत की अर्थव्यवस्था की रीढ की हड्डी माना जाता है और समय-समय पर सहयोग सरकार को करता है। टैक्स के नाम पर चंदे के नाम पर और व्यापारी समाज का ही इस समय पर उत्पीड़न किया जा रहा है। जिससे व्यापारी समाज बहुत ज्यादा आहत है और बढ़ती महंगाई पर अंकुश लगाने के लिए आज ज्ञापन का कार्यक्रम किया गया।

व्यापार एकता परिषद के प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि ज्ञापन के माध्यम से केवल संगठन के द्वारा विरोध दर्ज करना संगठन का कार्य था। अगर महंगाई पर अंकुश नहीं लगा, उनकी बढ़ाई गई कीमतों में गिरावट नहीं हुई, तो प्रदेश कार्य समिति के द्वारा संगठन के बैनर तले पूरे प्रदेश को बंद करने का आह्वान संगठन करेगा। संगठन का उद्देश्य बढ़ती महंगाई पर अंकुश लगाना और व्यापारी समाज की सुरक्षाओं को बढ़ाने का है।

ज्ञापन कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष राहुल वर्मा प्रदेश उपाध्यक्ष शमशाद अहमद अंसारी, प्रदेश महामंत्री देवेश चौधरी, जिला अध्यक्ष अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ नईम अहमद, मंडल प्रभारी मौहम्मद काशिफ, मंडल उपाध्यक्ष मौहम्मद अजहर बुखारी, नगर अध्यक्ष मुस्तकीम अहमद, अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ नगर अध्यक्ष आबिद अहमद, जिला आमंत्रित सदस्य युवा मोर्चा विजय मोहन गुप्ता, नगर अध्यक्ष युवा जुनैद अंसारी, जिला महामंत्री प्रशांत चौधरी, जिला मंत्री राजीव कुमार, जिला मंत्री हितेंद्र खरबंदा, नगर मीडिया प्रभारी मुकीम अहमद, प्रदेश प्रवक्ता चरण सिंह, नगर महामंत्री आशीष गुप्ता, जिला मंत्री नमन उपाध्याय, बरेली जिला उपाध्यक्ष विशाल चौधरी, विनीत चौधरी, सुरेंद्र शर्मा आदि पदाधिकारी उपस्थित रहे।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र
'शाह टाइम्स'
की शत-प्रतिशत गारंटी
खबरें छुपाता नहीं, छापता है
मोबाइल नम्बर:- 9927777377
samiullah.bijnor@gmail.com

# दुष्कर्म के आरोपियों पर कसा शिकंजा

## लुक आउट नोटिस जारी, कुर्की की तैयारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** साल 2023 में हुई दुष्कर्म की संगीन वारदात के मामले में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। पीड़िता की शिकायत और न्यायालय के सख्त रुख के बाद, पुलिस ने विदेश भाग चुके और फरार चल रहे दो आरोपियों के विरुद्ध 'लुक आउट नोटिस' जारी कर दिया है।

प्राप्त समाचार के अनुसार नहटौर निवासी पीड़िता का आरोप है कि 31 जनवरी 2023 को दो धामपुर के व एक मुरादाबाद का युवक उसके घर आए थे। पीड़िता को घर में अकेला पाकर आरोपियों ने उसके बेटे की गर्दन पर चाकू रखकर बंधक बना लिया और एक ने पीड़िता के साथ दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया। पीड़िता ने घटना की तहरीर पुलिस को दी, जिस पर रिपोर्ट तो दर्ज हुई, लेकिन विवेचना के दौरान पुलिस ने आरोपियों से मिलीभगत कर मामले में फाइनल रिपोर्ट लगा दी। इस ढिलाई का फायदा उठाकर दो आरोपी सऊदी अरब चले गए। पीड़िता ने हार नहीं मानी और एसीजेएम कोर्ट में फाइनल रिपोर्ट के विरोध में प्रोटेस्ट पिटीशन दाखिल की। कोर्ट ने इसे स्वीकार करते हुए आरोपियों को तलब किया। जब आरोपी कोर्ट में हाजिर नहीं हुए, तो न्यायालय ने उनके विरुद्ध सीआरपीसी की धारा 82 के तहत कार्रवाई करते हुए उन्हें 'फरार' घोषित कर दिया। बीते 3 वर्षों से आरोपी कानून की गिरफ्त से दूर थे। हाल ही में पीड़िता ने एसपी अभिषेक झा को पत्र लिखकर गुहार लगाई कि आरोपी विदेश में छिपे हैं। एसपी ने मामले को गंभीरता से लेते हुए स्थानीय पुलिस को आरोपियों की गिरफ्तारी के कड़े निर्देश दिए। नहटौर के प्रभारी निरीक्षक रविंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि मामले में लुक आउट नोटिस जारी किया गया है।

# नजीबाबाद तहसील में गरजी भाकियू

## ज्ञापन देकर दी किसानों की अनदेखी बंद करने की चेतावनी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नजीबाबाद।** किसानों की समस्याओं को लेकर भारतीय किसान यूनियन लोकशक्ति ने तहसील परिसर में आवाज बुलंद की। संगठन के पदाधिकारियों ने बैठक के बाद प्रशासनिक अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर किसानों की लंबित समस्याओं के समाधान की मांग की। इस दौरान अधिकारियों की कार्यशैली पर सवाल उठाए गए और चेतावनी दी गई कि यदि किसानों की समस्याओं का समय पर समाधान नहीं हुआ, तो आंदोलन तेज किया जाएगा।



तहसील परिसर में भारतीय किसान यूनियन लोकशक्ति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले भर से पहुंचे किसान नेताओं और कार्यकर्ताओं ने किसानों के सामने खड़ी विभिन्न समस्याओं पर चर्चा की। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष चौधरी वीर सिंह सहरावत ने की, जबकि कई पदाधिकारियों ने किसानों की परेशानियों को प्रमुखता से उठाया। बैठक को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष चौधरी वीर सिंह सहरावत ने आरोप लगाया कि प्रशासन किसानों की समस्याओं के समाधान के प्रति गंभीर नहीं है। उन्होंने कहा कि किसान अपनी समस्याओं को लेकर बार-बार अधिकारियों के चक्कर काटने को मजबूर हैं, लेकिन उन्हें अपेक्षित राहत नहीं मिल रही। इससे किसानों में नाराजगी लगातार बढ़ रही है। किसान नेताओं ने दावा किया कि जब किसान अपने अधिकारों की बात करते हैं या समस्याओं को लेकर आवाज उठाते हैं, तो उन्हें दबाव में लेने की कोशिश की जाती है। चौधरी वीर सिंह सहरावत ने आरोप लगाया कि कई बार किसानों को फर्जी मुकदमों में फंसाने की धमकी तक दी जाती है, जो लोकतांत्रिक अधिकारों का हनन है।

बैठक में संगठन के आगामी कार्यक्रमों की भी जानकारी दी गई। जिलाध्यक्ष ने बताया कि भारतीय किसान यूनियन लोकशक्ति का तीन दिवसीय राष्ट्रीय चिंतन शिविर तीन, चार और पांच जून 2026 को हरिद्वार स्थित चौधरी चरण सिंह वीआईपी घाट पर आयोजित किया जाएगा। इस शिविर में देश के विभिन्न राज्यों से किसान प्रतिनिधि शामिल होंगे।

किसान नेताओं ने बताया कि चिंतन शिविर में कृषि, बिजली, सिंचाई, गन्ना भुगतान, भूमि अधिग्रहण और अन्य किसान हितों से जुड़े विषयों पर विस्तार से चर्चा होगी। इसके साथ ही भविष्य में किसानों के अधिकारों की लड़ाई को किस दिशा में आगे बढ़ाया जाए, इस पर भी रणनीति तैयार की जाएगी। बैठक के बाद यूनियन पदाधिकारियों ने प्रशासनिक अधिकारी से मुलाकात कर किसानों की मांगों और समस्याओं से संबंधित ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में विभिन्न किसान हितों के मुद्दों पर तत्काल कार्रवाई की मांग की गई। यूनियन ने स्पष्ट किया कि यदि समस्याओं का समाधान समयबद्ध तरीके से नहीं हुआ, तो किसान संगठन आगे और बड़ा आंदोलन करने के लिए बाध्य होगा। किसानों ने प्रशासन से सकारात्मक पहल करते हुए उनकी मांगों पर जल्द निर्णय लेने की अपील की।

## एक नजर

### सत्संग परिवार के विस्तार पर चर्चा



**चांदपुर।** तत्व ज्ञान साधना समिति एवं श्री विष्णु धाम सत्संग परिवार की बैठक पावन श्री विष्णु धाम मंदिर व आश्रम मौहल्ला गोकुल नगर सिलारा कॉलोनी में हुई। बैठक की अध्यक्षता महंत पं. रविंद्र भारद्वाज संघर्षी महाराज ने की। संचालन पं.अवनीश आचार्य ने किया। बैठक में 29 जुलाई गुरु पूर्णिमा के कार्यक्रम को सुव्यवस्थित तथा भव्य स्वरूप से आयोजित करने करने पर भी विचार-विमर्श किया गया। बैठक में सत्संग परिवार के विस्तार, प्रचार तथा प्रसार पर चर्चा की गई। गुरु पूर्णिमा पर सन 1996 से लगातार विशाल भंडारा तथा गुरु पूजन होता आ रहा है। इस बार जो हमारे सत्संग के समर्पित शिष्य हैं उन्हें गुरु महाराज द्वारा सम्मानित भी कराया जाएगा। श्री विष्णु धाम मंदिर व आश्रम पर प्रत्येक पूर्णिमा को सुबह 10 बजे से हवन-पूजन व दोपहर 12 बजे से सत्संग प्रवचन और दोपहर दो बजे आरती तथा पीली खिचड़ी का प्रसाद वितरण किया जाता है। आज भी भक्तों ने श्री विष्णु धाम में आकर खिचड़ी का प्रसाद ग्रहण किया। बैठक में कुसुम शर्मा, ममता भारद्वाज, मिनाक्षी भारद्वाज, नीरज महेश्वरी, सुलेखा भारद्वाज, आशा सैनी, आशा वाल्मीकि, सरोज चौधरी, रूपा सैनी, हेमलता देवी, सुनीता प्रजापति, बीना साधना, मधु बंसल, हिमानी सैलानी, तानिया सैलानी, साक्षी पवार, मानसी सैलानी, पं.कार्तिक भारद्वाज, हर्षित भारद्वाज, देव भारद्वाज, रामपाल सिंह, शिवा शर्मा आदि ने भाग लिया।

### जान से मारने की धमकी, मुकदमा दर्ज

**नगीना।** मौहल्ला सैयद वाड़ा निवासी श्रीमती नेहा खान पत्नी अकबर खान ने थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई है। पीड़िता का आरोप है कि बीते गुरुवार 28 मई की शाम करीब सात बजे उनका जेठ मोसीन खान पुत्र इदरीस खान, मकान के पास ही किसी बात को लेकर उनके साथ अचानक गाली-गलौज करने लगा। जब महिला ने इसका विरोध किया और गाली देने से मना किया, तो आरोपी ने उन्हें जान से मारने की धमकी दी। घटना के वक्त पीड़िता की देवरानी लायबा, बच्चे और मौहल्ले के कई अन्य लोग भी मौके पर मौजूद थे। इसके बाद पीड़िता ने अपने भांजे साहिल के साथ थाने पहुंचकर पुलिस को आपबीती सुनाई और न्याय की गुहार लगाई। पुलिस ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए आरोपी मोसीन खान के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 352 (गाली-गलौज/शांति भंग करना) और धारा 351(3) (जान से मारने की धमकी देना) के तहत एफआईआर संख्या 0135 दर्ज कर ली है। मामले की जांच उपनिरीक्षक संदीप कुमार को सौंपी गई है।

### राशिद राईन का भव्य स्वागत

**नगीना।** समाजवादी पार्टी के नवनियुक्त प्रदेश सचिव राशिद राईन का नगीना आगमन पर भव्य स्वागत किया गया। यह कार्यक्रम सपा के युवा प्रदेश सचिव शारिक सुल्तान के निवास पर आयोजित हुआ। इस अवसर पर मुख्य रूप से पूर्व मंत्री व विधायक मनोज पारस उपस्थित रहे। कार्यक्रम में सपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य हाजी रौशन, पूर्व जिला सचिव बहार अंसारी, शेख अब्दुल समद, और वकार सिद्दीकी सहित भारी संख्या में गणमान्य लोग मौजूद थे। सभी ने राशिद राईन को फूल-मालाएं पहनाकर नई जिम्मेदारी के लिए बधाई व शुभकामनाएं दीं। वक्ताओं ने पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने और संगठन को मजबूत करने का संकल्प लिया।

### सत्ता परिवर्तन यात्रा की तैयारियों पर जोर

**नूरपुर।** आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) के नेताओं ने 'सत्ता परिवर्तन यात्रा' की तैयारियों के संबंध में नूरपुर विधानसभा क्षेत्र में जनसंपर्क अभियान चलाया। यह यात्रा चार जून को इंदिरा बाल भवन, बिजनौर में प्रस्तावित है। नूरपुर विधानसभा क्षेत्र के पार्टी के नेता गौहर इकबाल एड., जिला पंचायत सदस्य ठाकुर आयुष चौहान और मंडल प्रभारी सलीम अंसारी ने नूरपुर क्षेत्र के विभिन्न गांवों का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने क्षेत्र के गांव ढेला अहीर गांव में एक बैठक भी आयोजित की। बैठक में 'सत्ता परिवर्तन यात्रा' को सफल बनाने की रणनीति पर विस्तृत चर्चा की गई। सभी कार्यकर्ताओं ने यात्रा को ऐतिहासिक और सफल बनाने का संकल्प लिया। वक्ताओं ने आगामी 2027 विधानसभा चुनाव को लेकर भी चर्चा की और संगठन को मजबूत बनाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि पार्टी अध्यक्ष और नगीना लोकसभा सांसद चंद्रशेखर आजाद के नेतृत्व में पार्टी आगामी विधानसभा चुनाव में बेहतर प्रदर्शन करेगी। नेताओं ने दावा किया कि आसपा के बिना प्रदेश में सरकार नहीं बनेगी।

# युवक पर जानलेवा हमला

## तीन नामजद समेत कई पर मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** बीती रात एक युवक पर कुछ युवकों ने धारदार हथियारों से जानलेवा हमला कर दिया। घायल को नाजुक हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने तीन नामजद और कुछ अज्ञात युवकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

पुलिस को दी तहरीर में लुहारी सराय बाल्मीकि बस्ती निवासी नीशू कुमार (20 वर्ष) पुत्र अजय कुमार ने बताया कि 30 मई की रात करीब 10:30 बजे वह अपनी मां के साथ लुहारी सराय मोड़ पर स्थित हैदर की जूस की दुकान पर जूस पीने गया था। नीशू के मुताबिक वहां पहले से घात लगाकर बैठे तैयब, अब्दुल कादिर, शाकिब और उनके साथ आए कुछ अज्ञात युवकों ने अचानक उसे घेर लिया। आरोपियों ने जान से मारने की नीयत से धारदार हथियारों से नीशू पर हमला बोल दिया। अचानक हुए इस हमले में नीशू के सिर पर गहरी और गंभीर चोटें आईं, जिससे वह लहूलुहान होकर वहीं गिर पड़ा। चीख-पुकार मचने और आसपास के लोगों को इकट्ठा होता देख आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। घटना के बाद पीड़ित पक्ष ने आज तड़के थाना नगीना पहुंचकर मामले की लिखित शिकायत की। पुलिस ने 31 मई की रात करीब एक बजे एफआईआर (नंबर 0136/2026) दर्ज कर ली। पुलिस ने आरोपियों बीएनएस 2023 की धारा 109(1) के तहत मामला दर्ज किया है। थाना प्रभारी के निर्देश पर मामले की कमान उपनिरीक्षक सोहन सिंह पुंडीर को सौंपी गई है, जिन्होंने घटना स्थल का निरीक्षण कर आरोपियों की तलाश में दबिश देनी शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि आरोपियों को जल्द ही गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा।

# राजगढ़ में निकली भव्य शोभायात्रा

## झांकियों और जयघोष के बीच मनाई अहिल्याबाई होल्कर जयंती

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नजीबाबाद।** क्षेत्र की ग्राम पंचायत राजगढ़ में आज लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर की जयंती श्रद्धा, उत्साह और सामाजिक एकता के माहौल में मनाई गई। पाल समाज के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में गांव के मुख्य मार्गों से भव्य झांकी निकाली गई। इस दौरान लोकमाता के जीवन, उनके संघर्ष और समाज सेवा के कार्यों को याद करते हुए लोगों ने उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया।



जयंती समारोह का मुख्य आकर्षण गांव में निकाली गई झांकी रही। झांकी में शामिल समाज के लोगों ने लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर के जीवन से जुड़े प्रसंगों को प्रस्तुत किया। गांव के प्रमुख मार्गों से गुजरती शोभायात्रा के दौरान श्रद्धालुओं ने जयकारे लगाए और उनके योगदान को याद किया। पूरे क्षेत्र में उत्सव जैसा माहौल देखने को मिला। कार्यक्रम के दौरान अहिल्याबाई होल्कर के चित्र पर पुष्पमालाएं अर्पित की गईं। उपस्थित लोगों ने उनके व्यक्तित्व और कृतित्व को नमन करते हुए उन्हें भारतीय इतिहास की महान शासिका और समाज सुधारक बताया। वक्ताओं ने कहा कि अहिल्याबाई होल्कर ने अपने शासनकाल में जनकल्याण, न्याय और धर्म के क्षेत्र में जो कार्य किए, वे आज भी समाज के लिए प्रेरणा बने हुए हैं। समारोह में वक्ताओं ने समाज में आपसी प्रेम, सम्मान और सौहार्द बनाए रखने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि समाज की मजबूती तभी संभव है, जब लोग एक-दूसरे के सुख-दुख में सहभागी बनें और आपसी मतभेदों को भुलाकर एकता के साथ आगे बढ़ें। उन्होंने लोगों से एक-दूसरे की कमियों को दूर करने और सकारात्मक सोच के साथ समाज निर्माण में योगदान देने का आह्वान किया। कार्यक्रम के दौरान समाज के लोगों ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर जयंती की शुभकामनाएं दीं। इस मौके पर युवाओं और बुजुर्गों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। आयोजन में मौजूद लोगों ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम नई पीढ़ी को इतिहास और समाज के महान व्यक्तित्वों से जोड़ने का कार्य करते हैं। जयंती समारोह में शिवकुमार पाल, लालचंद, मदनपाल सिंह, हुकम सिंह, संकेत पाल, हरिचंद पाल, रोहित शर्मा, नरेंद्र पाल, अरुण पाल, लाल सिंह, कपिल देव, सतपाल सिंह और हरि सिंह सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं पाल समाज के सदस्य मौजूद रहे।

कार्यक्रम का समापन लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर के आदर्शों को जन-जन तक पहुंचाने और समाज में एकता एवं भाईचारे को मजबूत करने के संकल्प के साथ हुआ।

## एक नजर

### संतुलित उर्वरक उपयोग कार्यक्रम




**नगीना।** रासायनिक उर्वरकों पर निर्भरता कम करने के उद्देश्य से आज ग्राम मलकपुर अब्दुला और खानपुर में कृषि विज्ञान केंद्र (नगीना) तथा केंद्रीय आलू अनुसंधान केंद्र (मेरठ) द्वारा एक संयुक्त कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान उपस्थित किसानों को वर्ष में एक बार हरी खाद, प्रति एकड़ 5-10 टन गोबर की खाद या 15-20 कुंतल वर्मी कंपोस्ट का प्रयोग करने तथा खेतों में स्वयं अजोला उगाकर इस्तेमाल करने की सलाह दी गई। वैज्ञानिकों ने किसानों को रासायनिक खादों के विकल्प के रूप में प्राकृतिक व जैविक खेती के अवयवों को अपनाने, घर पर ही जैव खाद निर्माण के लिए वर्मी कम्पोस्ट व अजोला इकाई स्थापित करने तथा फसल की मांग के अनुसार ही संतुलित पोषक तत्व प्रबंधन करने की जानकारी दी। कार्यक्रम में आलू अनुसंधान केंद्र से प्रधान वैज्ञानिक डा. ध्रुव कुमार, डा. योगेश कुमार गुप्ता और कृषि विज्ञान केंद्र से प्रभारी अधिकारी डा. केके सिंह, डा. प्रतिमा गुप्ता तथा डा. पिंटू कुमार ने किसानों का मार्गदर्शन किया।

### भक्ति और वैराग्य का संदेश



**हल्दौर।** ग्राम चांदा नंगली में चल रही सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा के दूसरे दिन श्रद्धालुओं ने भक्तिभाव के साथ कथा श्रवण किया। कथा व्यास विमल दासानुदास महाराज ने राजा परीक्षित के जीवन प्रसंग का वर्णन करते हुए कहा कि मानव जीवन का वास्तविक उद्देश्य भगवान की भक्ति एवं आत्मकल्याण है। उन्होंने बताया कि जब राजा परीक्षित को यह ज्ञात हुआ कि उनके जीवन के केवल सात दिन शेष हैं, तब उन्होंने राजपाट और सांसारिक मोह-माया का त्याग कर श्रीमद्भागवत कथा का आश्रय लिया। शुकदेव जी महाराज से भागवत कथा का श्रवण कर उन्होंने मोक्ष का मार्ग प्राप्त किया। कथावाचक ने कहा कि संतों का सान्निध्य, सत्संग और प्रभु स्मरण मनुष्य के जीवन को सार्थक बनाते हैं। भगवान के नाम का स्मरण व्यक्ति को विपरीत परिस्थितियों में भी मानसिक शांति और आध्यात्मिक शक्ति प्रदान करता है। कथा के दौरान श्रद्धालु भक्ति रस में सराबोर होकर कथा का श्रवण करते रहे। कार्यक्रम में डा. अनिल कुमार, प्रमोद कुमार, अर्जुन सिंह, बाबूराम आर्य, घसीटा दत्त शर्मा, गायत्री, नेहा, आदेश देवी सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

### वसीम अकरम एड. बने जिलाध्यक्ष

**बिजनौर।** वसीम अकरम एड. को कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक, विभाग का पुन: जिलाध्यक्ष बनाया गया है। उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक की कमेटी को बहाल कर अपने पद के दाइत्व का निर्वाहन करने के लिए पुन: एक बार फिर से अवसर देने के लिए प्रदेश अध्यक्ष सोहेल अख्तर अंसारी एआईसीसी राष्ट्रीय उपाध्यक्ष प्रभारी उत्तर प्रदेश अल्पसंख्यक कांग्रेस श्रीमती रूबी खान, नेशनल कोऑर्डिनेटर सह-प्रभारी उत्तर प्रदेश अल्पसंख्यक कांग्रेस महमूद खान एवं कार्यालय प्रभारी व संगठन प्रभारी शाहनावाज खान का हृदय से आभार व्यक्त किया है। हम सब अल्पसंख्यक कांग्रेस के पदाधिकारी आपके भरोसे को नयी ऊंचाई देने का पूरा प्रयास करेंगे। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिका अर्जुन खरगे, श्रीमती सोनिया गांधी, के.सी. वेणुगोपाल, जननायक राहुल गांधी, श्रीमती प्रियंका गांधी वाड्रा एवं इमरान प्रतापगढ़ी, अविनाश पांडे, अजय राय का आभार व्यक्त किया है।



# सड़क पर नमाज अदा करने पर केस

## बकरीद पर वीडियो आया सामने, 40 लोगों पर एफआईआर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल होने के बाद चांदपुर में बकरीद के मौके पर सड़क पर नमाज अदा करने के मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 15 नामजद सहित 40 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

प्राप्त समाचार के अनुसार बकरीद के दिन चांदपुर के महमूदपुर मार्ग स्थित ईदगाह पर सैकड़ों की संख्या में अकीदतमंद नमाज अदा करने पहुंचे थे। ईदगाह में भारी भीड़ होने के कारण कुछ नमाजी ईदगाह के बाहर सड़क पर ही नमाज अदा करने बैठ गए। इस दौरान पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी मौके पर मौजूद थे। सरकार के स्पष्ट आदेशों के बावजूद, पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी नमाजियों को सड़क पर नमाज अदा करने से रोकने में कथित तौर पर विफल रहे। वे इस पूरी घटना के दौरान मूकदर्शक बने रहे। हालांकि, मुकदमा दो दिन बाद देर रात दर्ज किया गया। चांदपुर थाना प्रभारी निरीक्षक राहुल सिंह द्वारा दर्ज कराई गई रिपोर्ट के अनुसार, नमाज का समय होने पर कुछ लोगों ने ईदगाह के गेट से सड़क के एक ओर तक नमाज अदा की। उन्हें समझाने का प्रयास किया गया, लेकिन वे नहीं माने। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि ईदगाह के भीतर नमाज अदा करने की पर्याप्त व्यवस्था थी। रिपोर्ट के मुताबिक, नमाज शुरू होने के कुछ देर बाद 30-40 लोगों का एक समूह तेजी से दौड़ते हुए ईदगाह गेट से बाहर आया और सड़क के एक तरफ नमाज अदा करने लगा, जिससे यातायात बाधित हुआ। थाना प्रभारी राहुल सिंह की तहरीर पर 15 लोगों को नामजद किया गया है, जबकि 20-25 अन्य अज्ञात व्यक्तियों को भी आरोपी बनाया गया है। पुलिस ने मुकदमा अपराध संख्या 320 धारा 223 के तहत मामला दर्ज किया है।

नामजद आरोपियों में समून, अलीम चौधरी, अनवार, बदरुद्दीन, बिकालुद्दीन, नबीबख्श, एजाज, सलीम, मुशर्रफ, मौहम्मद अहमद, तमीदुद्दीन, अब्दुल रऊफ, मुमताज, छम्मन उर्फ शैफुद्दीन और इरफान शामिल हैं। ये सभी चांदपुर थाना क्षेत्र के निवासी हैं।

# शॉर्ट सर्किट से घर में लगी आग, लाखों का नुकसान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नूरपुर।** मौहल्ला रामनगर में शॉर्ट सर्किट से एक मकान में भीषण आग लग गई। इस घटना में घर में रखा लाखों रुपये का सामान जलकर राख हो गया। पड़ोसियों ने सूझबूझ दिखाते हुए आग पर काबू पाया।

प्राप्त समाचार के अनुसार दोपहर करीब तीन बजे मकान से अचानक धुंआ उठने लगा और देखते ही देखते आग की लपटें तेज हो गईं। पड़ोसियों ने तुरंत बिजली का केबल काटकर पानी की मदद से आग बुझाने का प्रयास किया।



## पड़ोसियों ने पाया आग पर काबू

हालांकि, तब तक घर का कीमती सामान पूरी तरह जल चुका था। यह मकान मौहल्ला रामनगर निवासी उमेश का है, जो परिवार के भरण-पोषण के लिए कुछ समय से विदेश (कतर) में मजदूरी कर रहे हैं। घर पर उनकी पत्नी प्रियंका अपने तीन छोटे बच्चों के साथ रहती हैं। आग लगने के समय प्रियंका और उनके बच्चे पड़ोस में गए हुए थे। जब वे वापस लौटे, तो घर से धुंआ निकल रहा था। पड़ोसियों की मदद से आग पर बमुश्किल काबू पाया जा सका। आग इतनी भीषण थी कि मकान की छत का सीमेंट भी टूटकर नीचे गिर गया। इस अग्निकांड में लाखों रुपए का घरेलू सामान नष्ट हो गया।

**सम्बंध विच्छेद सूचना**

मेरा पुत्र जुबैर गलत संगत में पड़कर बिगड़ गया है। मेरे कहने में नहीं है। उसकी हरकतों से तंग आकर मैंने उससे अपना ताल्लुक वास्ता खत्म करके उसे अपनी चल-अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। उसके किसी भी क्रिया कलाप से मेरा या मेरे परिवार का कोई मतलब वास्ता नहीं है। **कय्यूम पुत्र याकूब, मौहल्ला बेगम सराय, कस्बा व थाना अफजलगढ़, जिला बिजनौर**

**संबंध विच्छेद सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित करना है कि मेरा पुत्र मौ. शेफ बुरी संगत में पड़ गया है। अब वह मेरे कहने में नहीं है और मैं समझाता हूं, तो मेरे साथ आएदिन मारपीट करता रहता है। इसलिए विवश होकर मैंने अपने पुत्र मौ. शेफ से संबंध विच्छेद कर लिए हैं। साथ ही अपनी चल-अचल संपत्ति से भी बेदखल कर दिया है। अब मेरा उससे कोई मतलब वास्ता नहीं रहा है। जो भी उससे किसी प्रकार का लेनदेन करता है, तो वह स्वयं जिम्मेदार होगा। **इसरार अहमद पुत्र अब्दुल सलाम निवासी ग्राम झिलमिल, नगीना, बिजनौर**

**संबंध विच्छेद सूचना**

मेरा पुत्र मौ. आफताब गलत संगत में रहने के कारण अपनी मर्जी से अपने फैसले लेता है। मेरे व परिवार के सदस्यों द्वारा समझाने पर मारपीट के लिए हमलावर हो जाता है। मैंने व मेरे परिवार ने मौ. आफताब के कृत्य से तंग आकर अपने संबंध खत्म कर लिए है। मैंने आफताब को अपनी चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। अब आफताब का मेरी किसी चल व अचल सम्पत्ति से न कोई मतलब वास्ता रहेगा। आफताब के द्वारा किए गए किसी भी कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा। मेरी व मेरे परिवार के किसी सदस्य की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। **ताहिर हुसैन पुत्र स्व. पीरबक्श निवासी मौहल्ला मुस्लिम चौधरियान, मोती मस्जिद के पास कस्बा व थाना स्योहारा, जिला बिजनौर**

# तीसरी घटना के बाद एडीआरएम ने किया निरीक्षण

## मीडिया और व्यापार मंडल की एडीआरएम से नहीं हुई मुलाकात, जांच की पारदर्शिता पर उठे सवाल





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** करोड़ों रुपए की लागत से वर्ल्ड क्लास रेलवे स्टेशन के रूप में विकसित किए जा रहे धामपुर रेलवे स्टेशन पर लगातार हो रही दुर्घटनाओं के बाद रेलवे प्रशासन हरकत में आ गया है। पिछले 11 दिनों के भीतर स्टेशन परिसर में तीन बार बड़े पत्थर गिरने की घटनाओं ने यात्रियों की सुरक्षा और निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर गंभीर प्रश्न चिह्न लगा दिए हैं। मामला लगातार सुर्खियों में रहदम के बाद मंडल कार्यालय से लेकर केंद्रीय रेल मंत्रालय तक पहुंच गया।

मामले की गंभीरता को देखते हुए मंडल रेल प्रशासन ने एडीआरएम परितोष गौतम के नेतृत्व में रेलवे अधिकारियों और तकनीकी विशेषज्ञों की टीम को धामपुर भेजा। टीम ने स्टेशन परिसर का विस्तृत निरीक्षण किया तथा उन स्थानों का जायजा लिया जहां हाल ही में पत्थर गिरने की घटनाएं सामने आई थीं। अधिकारियों ने निर्माण कार्य की स्थिति, सुरक्षा मानकों और भवन की गुणवत्ता से संबंधित बिंदुओं पर जानकारी जुटाई।

गौरतलब है कि धामपुर रेलवे स्टेशन पर बीते 11 दिनों के दौरान तीन बार पत्थर गिरने की घटनाएं हो चुकी हैं। हाल ही में हुई घटना में चार यात्री बाल-बाल बच गए थे। यदि उस समय यात्री कुछ कदम इधर-उधर न होते तो बड़ा हादसा हो सकता था। लगातार हो रही घटनाओं से यात्रियों में भय और असुरक्षा की भावना बढ़ती जा रही है। निरीक्षण के दौरान एक और मामला चर्चा का विषय बना रहा। जब विभिन्न मीडिया संस्थानों के प्रतिनिधि कवरेज के लिए स्टेशन पहुंचे तो उन्हें निरीक्षण स्थल तक पहुंचने से रोकने का प्रयास किया गया। मौके पर मौजूद पुलिस कर्मियों द्वारा भी मीडिया की गतिविधियों पर प्रतिबंध लगाने का दबाव बनाए जाने की चर्चा रही। इससे निरीक्षण प्रक्रिया की पारदर्शिता को लेकर सवाल खड़े होने लगे। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि निरीक्षण निष्पक्ष और गंभीरता से किया जा रहा था तो मीडिया को कवरेज से रोकने की आवश्यकता क्यों महसूस हुई।

उधर धामपुर व्यापार मंडल से जुड़े प्रतिनिधि सतवंत सलूजा, जावेद रहमान शम्सी, एसपी सलूजा, इरशाद धामपुरी और असलम फरीदी भी स्टेशन पहुंचे। व्यापार मंडल के पदाधिकारियों का कहना था कि वे यात्रियों की सुरक्षा और लगातार सामने आ रही घटनाओं के संबंध में एडीआरएम को स्थानीय लोगों की चिंताओं से अवगत कराना चाहते थे। हालांकि उन्हें भी एडीआरएम से मुलाकात का अवसर नहीं मिल सका। व्यापारियों ने कहा कि जब आम जनता की सुरक्षा का प्रश्न हो तो स्थानीय जनप्रतिनिधियों और संगठनों की बात भी अधिकारियों को सुननी चाहिए। निरीक्षण के दौरान एडीआरएम परितोष गौतम मीडिया के सवालों से बचते नजर आए। उन्होंने किसी भी विषय पर सार्वजनिक रूप से कोई टिप्पणी नहीं की। इससे लोगों के मन में यह सवाल और गहरा हो गया कि आखिर निरीक्षण के निष्कर्ष क्या हैं और रेलवे प्रशासन आगे क्या कार्रवाई करने जा रहा है।

स्थानीय नागरिकों का कहना है कि यदि करोड़ों रुपए खर्च कर बनाए जा रहे स्टेशन पर बार-बार पत्थर गिर रहे हैं तो निर्माण कार्य की गुणवत्ता की उच्चस्तरीय और स्वतंत्र जांच कराई जानी चाहिए। लोगों ने मांग की है कि जांच रिपोर्ट सार्वजनिक की जाए तथा यदि निर्माण में किसी प्रकार की लापरवाही या मानकों की अनदेखी पाई जाती है, तो संबंधित अधिकारियों और निर्माण एजेंसी के खिलाफ कार्रवाई की जाए।

अब सबसे बड़ा प्रश्न यही है कि क्या यह निरीक्षण भविष्य में होने वाले हादसों को रोकने की दिशा में ठोस कदम साबित होगा या फिर यह केवल औपचारिकता बनकर रह जाएगा। यात्रियों और स्थानीय नागरिकों की निगाहें अब रेलवे प्रशासन की आगामी कार्रवाई और जांच रिपोर्ट पर टिकी हुई हैं।

# बिजली के निजीकरण व स्मार्ट मीटर के विरोध में सौंपा ज्ञापन




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** अखिल भारतीय किसान सभा तथा भारत की कम्युनिस्ट पार्टी मार्क्सवादी द्वारा बिजली के निजीकरण, स्मार्ट मीटर और बिजली दरों में वृद्धि के विरोध में राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन एसडीओ को सौंपा गया।

राष्ट्रपति को भेजे गए ज्ञापन में कहा गया कि केंद्र व राज्य सरकारें बिजली का निजीकरण कर रही हैं तथा स्मार्ट मीटर लगाए जा रहे हैं। जिससे आम जनता, किसानों और मजदूरों में रोष है। ज्ञापन में आरोप लगाया गया कि बिजली व्यवस्था को निजी हाथों में सौंपने की तैयारी की जा रही है। जिससे उपभोक्ताओं पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ेगा। ग्रामीण क्षेत्रों और कस्बों में लगाए जा रहे स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं के लिए परेशानी का कारण बन रहे हैं तथा बिजली की दरों में लगातार वृद्धि की जा रही है। ज्ञापन में स्मार्ट मीटर योजना वापस लेने, किसानों को बिना मीटर बिजली देने, गांवों में 24 घंटे विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने, संविदा व आउटसोर्सिंग कर्मचारियों को नियमित करने, बिजली के निजीकरण को समाप्त करने, संशोधित विद्युत विधेयक 2025 वापस लेने तथा हाल ही में बिजली दरों में की गई 10 प्रतिशत वृद्धि को निरस्त करने की मांग की गई।

ज्ञापन पर इकबाल अली भारत की कम्युनिस्ट पार्टी मार्क्सवादी शाखा स्योहारा सहित अखिल भारतीय किसान सभा मंडल के पदाधिकारियों के हस्ताक्षर हैं।

# फरार हत्यारोपी दिल्ली से गिरफ्तार

## तीन माह बाद स्योहारा पुलिस को मिली बड़ी सफलता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** गन्ना तुलाई को लेकर मिल गेट पर हुए बहुचर्चित ट्रक चालक सलमान हत्याकांड में फरार चल रहे मुख्य आरोपी अजीम को आखिरकार पुलिस ने दिल्ली से गिरफ्तार कर लिया।



गौरतलब है कि 19 फरवरी 2026 को मिल गेट क्षेत्र में गन्ना डालने एवं तुलाई के टोकन को लेकर ट्रक चालकों के बीच विवाद हो गया था। विवाद इतना बढ़ गया कि अजीम पुत्र यासीन निवासी चकमहमूद सानी ने ट्रक चालक सलमान पुत्र नसरुल्ला निवासी मौहल्ला मुस्लिम चौधरियान पर धारदार हथियार से हमला कर दिया था। घायल सलमान की उपचार के दौरान मृत्यु हो गई थी। घटना के बाद क्षेत्र में सनसनी फैल गई थी और यह मामला क्षेत्र के सबसे चर्चित हत्याकांड में शामिल हो गया था। पुलिस ने विवेचना के दौरान एक आरोपी को पूर्व में गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया था। जबकि मुख्य आरोपी अजीम फरार चल रहा था। उसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार दबिश दे रही थी तथा कोर्ट के आदेश पर उसके घर पर नोटिस भी चस्पा कराया गया था। लगातार प्रयासों के बाद थाना प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने फरार चल रहे आरोपी अजीम को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपी ने स्वीकार किया कि गन्ना तुलाई को लेकर हुए विवाद और उससे उत्पन्न रंजिश के चलते उसने सलमान पर धारदार हथियार से हमला किया था। वारदात को अंजाम देने के बाद वह अपने चाचा की बाइक से मौके से फरार हो गया था।

क्षेत्रवासियों का कहना है कि यह मामला लंबे समय से लोगों के बीच चर्चा का विषय बना हुआ था और आरोपी की गिरफ्तारी को लेकर लगातार मांग उठ रही थी। ऐसे में मुख्य आरोपी की गिरफ्तारी से लोगों ने राहत की सांस ली है। पुलिस की इस कार्रवाई को क्षेत्र में बड़ी उपलब्धि माना जा रहा है। थाना प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार ने कहा कि अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई पुलिस की प्राथमिकता है। कानून से बचने का प्रयास करने वाले किसी भी आरोपी को बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने बताया कि पुलिस टीम ने लगातार मेहनत, सटीक सूचना संकलन और प्रभावी कार्रवाई के बल पर इस महत्वपूर्ण मामले में सफलता प्राप्त की है तथा आरोपी के विरुद्ध अग्रिम वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। बताया जा रहा है कि ईद के दौरान फरार आरोपी अजीम ने अपने घर फोन कर परिजनों का हालचाल जाना। परिजनों द्वारा इसकी जानकारी पुलिस तक पहुंचने के बाद पुलिस ने मोबाइल नंबर के आधार पर तकनीकी जांच शुरू की। जांच में आरोपी की लोकेशन दिल्ली में मिली। इसके बाद पुलिस ने बिना देरी किए योजनाबद्ध तरीके से कार्रवाई करते हुए दिल्ली पहुंचकर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस की इस सूझबूझ और त्वरित कार्रवाई की क्षेत्र में सराहना की जा रही है। गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में थाना प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार, उपनिरीक्षक अरुण कुमार, कांस्टेबल अमित भाटी तथा कांस्टेबल पंकज की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# अबान ने ग्रैपलिंग चैंपियनशिप में जीता रजत पदक

## 16 वर्षीय खिलाड़ी की उपलब्धि से क्षेत्र में खुशी, राष्ट्रीय स्तर पर बढ़ाया मान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** कहते हैं अगर सपने बड़े हों और उन्हें पूरा करने का जुनून हो, तो मंजिल जरूर मिलती है। नगर निवासी 16 वर्षीय होनहार खिलाड़ी अबान पठान ने अपनी प्रतिभा और कड़ी मेहनत के दम पर एक बार फिर क्षेत्र का नाम राष्ट्रीय स्तर पर रोशन किया है।



स्थानीय मौहल्ला अफगानान निवासी इकरामी खानम के पोते एवं अहमर खान के पुत्र अबान पठान ने राष्ट्रीय ग्रैपलिंग चैंपियनशिप-2026 में शानदार प्रदर्शन करते हुए रजत पदकअपने नाम किया है। दिल्ली के समरविल स्कूल में कक्षा 12 के छात्र अबान ने 29 मई को आयोजित राष्ट्रीय ग्रैपलिंग चैंपियनशिप के अंडर-17 वर्ग में भाग लिया और कड़े मुकाबलों के बीच उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए दूसरा स्थान हासिल किया।

अबान की सफलता उनके निरंतर अभ्यास, अनुशासन और खेल के प्रति समर्पण का परिणाम मानी जा रही है। खेल प्रेमियों का कहना है कि कम उम्र में राष्ट्रीय स्तर पर पदक जीतना बड़ी उपलब्धि है और यह आने वाले समय में उनके उज्ज्वल भविष्य की ओर संकेत करता है।

यह पहली बार नहीं है जब अबान ने अपने खेल कौशल का परिचय दिया हो। इससे पूर्व 9 नवंबर 2025 को दिल्ली के द्वारका में आयोजित जिला स्तरीय ग्रैपलिंग प्रतियोगिता में भी उन्होंने रजत पदक जीतकर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया था। लगातार दो बड़ी प्रतियोगिताओं में पदक जीतकर उन्होंने साबित कर दिया है कि वह भविष्य के उभरते हुए खिलाड़ियों में शामिल हैं। आज के दौर में जहां अधिकांश युवा मोबाइल और सोशल मीडिया में व्यस्त रहते हैं, वहीं अबान ने खेल को अपना लक्ष्य बनाकर मेहनत और लगन के साथ आगे बढ़ने का रास्ता चुना। उनकी इस उपलब्धि ने न केवल उनके माता-पिता और परिवार का सिर गर्व से ऊंचा किया है, बल्कि पूरे धामपुर अफगानान क्षेत्र में खुशी का माहौल बना दिया है।

क्षेत्र के लोगों ने अबान पठान को बधाई देते हुए उम्मीद जताई है कि वह भविष्य में राष्ट्रीय ही नहीं बल्कि अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भी भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे और देश के लिए पदक जीतकर तिरंगा ऊंचा लहराएंगे।

# ईदुल अजहा पर चेयरमैन की सफाई व्यवस्था की सभी ने प्रशंसा की

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नजीबाबाद।** नगर पालिका अध्यक्ष इंजीनियर मुअज्जम द्वारा हर साल की तरह इस साल भी ईदुल अजहा के मौके पर नगर में साफ सफाई की व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुख्ता इंतजाम किया गया। इसके लिए शहर में लोगों ने चेयरमैन इंजीनियर मुअज्जम की जमकर तारीफ की। लोगों ने बताया कि इस साल भी नजीबाबाद में ईदुल अजहा के मौके पर सफाई की व्यवस्था बहुत शानदार रही। कही भी कुर्बानी का अवशेष पड़ा नहीं मिला।

चेयरमैन इंजीनियर मुअज्जम ने बताया कि ईदुल अजहा के मौके पर कुर्बानी के अवशेष उठाने के लिए लगाई गई हर ट्रॉली पर नम्बर डाला हुआ था, इन सभी ट्रॉली पर कंट्रोल रूम नंबर भी डाला हुआ था। जिस पर कोई भी व्यक्ति कॉल करके ट्रॉली को अपने यहां बुलाकर अवशेष उठवा सकता था तथा शिकायत भी कर सकता था। साथ ही सभी ट्रॉली को नजीबाबाद नगर पालिका से डिजिटल ट्रैकिंग लोकेशन से मॉनिटर किया जा रहा था। ईदुल अजहा के मौके पर नजीबाबाद के आवास ने भी साफ सफाई रखने में अपना पूरा सहयोग दिया। ईदुल अजहा के कई दिनों पूर्व ही चेयरमैन ने मुस्लिम समाज के लोगों को साफ सफाई के लिए जागरूक करने व अवशेष उठवाने के लिए मोबाइल नम्बर लिखी फिलेक्सी सभी मस्जिदों के बाहर लगवाकर जानकारी दी थी, जिससे नगर पालिका परिषद ईदुल अजहा के मौके पर नगर में साफ सफाई की व्यवस्था पूरी तरह से सफल बनाने में कामयाब रही।

# उम्र की पात्रता पूरी न होने पर अखेड़ा ग्राम प्रधान का निर्वाचन रद्द

**न्यायालय का बड़ा फैसला**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** ब्लॉक आंकू नहटौर अंतर्गत ग्राम पंचायत अखेड़ा में प्रधान पद पर काबिज शिवानी का निर्वाचन एसडीएम न्यायालय ने शून्य घोषित कर दिया है। यह निर्णय पूनम देवी द्वारा दायर की गई चुनाव याचिका पर सुनवाई के उपरांत आया है। न्यायालय ने पाया कि निर्वाचन के समय शिवानी की आयु 21 वर्ष से कम थी, जो कि पंचायती राज अधिनियम के तहत एक अनिवार्य अर्हता है।

प्राप्त समाचार के अनुसार योगेंद्र पाल सिंह एड., गजेंद्र सिंह, हरिओम सिंह के मुताबिक घ्राम अखेड़ा की निवासी पूनम देवी (पत्नी मुकेश कुमार) ने 2021 में संपन्न हुए त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव के बाद यह वाद दायर किया था। याचिकाकर्ता पूनम देवी का मुख्य आरोप यह था कि प्रतिवादी शिवानी ने चुनाव लड़ने के लिए निर्धारित न्यूनतम आयु (21 वर्ष) की पात्रता पूरी नहीं की थी। पूनम देवी ने अपने साक्ष्यों के माध्यम से न्यायालय को बताया कि नामांकन के समय शिवानी की आयु 21 वर्ष से कम थी, जिसके कारण उनका निर्वाचन अवैध है। एसडीएम स्मृति मिश्रा की अदालत ने मामले की गंभीरता को देखते हुए सभी दस्तावेजों का गहन विश्लेषण किया। न्यायालय ने स्पष्ट किया कि आयु निर्धारण के लिए कक्षा-10 का अंकपत्र/प्रमाणपत्र ही सबसे विश्वसनीय और निर्णायक साक्ष्य है। आधार कार्ड या अन्य शैक्षणिक दस्तावेजों को आयु के प्रमाण के रूप में प्राथमिकता नहीं दी जा सकती। अदालत में प्रस्तुत साक्ष्यों के अनुसार, प्रतिवादी शिवानी की जन्मतिथि 14.08.2000 अंकित है। इस आधार पर 07.04.2021 (नामांकन की तिथि) को उनकी आयु 21 वर्ष पूर्ण नहीं थी। न्यायालय ने यह भी उल्लेख किया कि प्रतिवादी ने जानबूझकर अपनी आयु को लेकर भ्रम पैदा किया और हाई स्कूल की मूल प्रति प्रस्तुत करने के आदेश के बावजूद उसे न्यायालय के समक्ष नहीं रखा। न्यायालय ने मामले की सुनवाई और उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर आदेश दिया कि घ्राम पंचायत अखेड़ा के प्रधान पद हेतु 02.05.2021 को संपन्न हुआ चुनाव 'शून्य' घोषित किया जाता है। निर्वाचन अवैध होने के कारण शिवानी की प्रधान पद पर सदस्यता समाप्त कर दी गई है। डीएम से ग्राम पंचायत अखेड़ा के कार्यों के संचालन हेतु विधि सम्मत तरीके से प्रशासक नियुक्त किया जाने के लिए कहा गया है। यह निर्णय स्थानीय राजनीति में एक बड़ा मोड़ माना जा रहा है, क्योंकि अदालत ने स्पष्ट किया है कि चुनाव प्रक्रिया में अर्हता संबंधी नियमों का पालन अनिवार्य है और इसमें कोई भी ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी।




## एक नजर

### अहिल्याबाई होल्कर की जयंती मनाई

**नजीबाबाद।** लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर की जयंती के अवसर पर अपना दल (एस) जिला बिजनौर के कैम्प कार्यालय में श्रद्धा एवं सम्मान के साथ कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष शैलेन्द्र चौधरी सहित पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष शैलेन्द्र चौधरी ने कहा कि लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर भारतीय इतिहास की महान शासक, समाज सुधारक व जनकल्याणकारी विचारों की प्रतीक थीं। कार्यक्रम में वकील अहमद, जिला कोषाध्यक्ष भारत सिंह, मोबीन अहमद, रक्षपाल सिंह, राजीव राठी, उपासना राजपूत, सत्यम चौधरी, नीशू चौहान, दुष्यंत ठाकुर, डॉ. देवेंद्र सिंह, निधि, कर्मजीत सिंह सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में लो. कमाता अहिल्याबाई होलकर के बताए मार्ग पर चलने तथा समाज सेवा के लिए समर्पित रहने का संकल्प लिया।

### तीन दिवसीय योग शिविर का शुभारंभ



**धामपुर।** टीचर कॉलोनी स्थित सत्यधाम धर्मशाला में (1 से 3 जून तक) पतंजलि योग समिति द्वारा नि:शुल्क योग शिविर आयोजित किया गया। सत्यधाम धर्मशाला योग समिति के प्रशिक्षक धर्मेश कुमार ने बताया कि शिविर में पतंजलि योग समिति के जिला प्रभारी योगाचार्य गजराज सिंह द्वारा प्रशिक्षण दिया जा रहा है। जो सत्य धाम धर्मशाला योग समिति के संरक्षक भी हैं। शिविर का उद्देश्य है, योग दिवस 21 जून से पहले योग के संबंध में क्षेत्र में जागृति उत्पन्न करना है। आज सुबह शिविर का शुभारंभ मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। शिविर सुबह 5:15 बजे से 6:45 बजे तक किया जा रहा है। आज प्रशिक्षण में मुख्य रूप से वरिष्ठ नागरिक समिति शाखा रानी बाग के अध्यक्ष जगदीश सिंह, विनोद चंदना, आदेश कुमार, नीरज विदल, अरिहंत जैन, दिनेश जैन, राम सिंह सैनी, देवेंद्र सिंह, सुनीता नंदा, उमा देवी, शिक्षा चौहान, कुसुम गुप्ता, ममता शर्मा, प्रतिभा राय, शशि चौहान, अनीता चौहान आदि ने भाग लिया।

### जयंती पर शोभायात्रा निकाली

**नजीबाबाद।** अखिल विश्व पाल क्षत्रिय महासभा के नेतृत्व में लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर की 301वीं जयंती श्रद्धा उत्साह व भव्यता के साथ मनाई गई। इस मौके पर विशाल शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा दोयजवाली से साहू जैन डिग्री कॉलेज होते हुए लायंस क्लब के कम्युनिटी हॉल तक निकाली गई। शोभायात्रा ने पूरे शहर को भक्ति, राष्ट्रभक्ति व सामाजिक एकता के रंग में रंग दिया। रास्ते में जयकारों व पुष्पवर्षा से माहौल उत्सवमय बना रहा। शोभायात्रा का विभिन्न स्थानों पर लोगों ने पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। शोभायात्रा में सजे-धजे रथ, आकर्षक झांकियां, ढोल-नगाड़े व बैंड बाजों ने कार्यक्रम को भव्य स्वरूप दिया। कार्यक्रम में ललित पाल भाजपा नगर अध्यक्ष किसान मोर्चा ने कहा कि लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर केवल एक शासिका नहीं, बल्कि जनसेवा, न्याय व धर्म की सच्ची प्रतीक थीं। उन्होंने अपने शासनकाल में शिक्षा, संस्कृति, धर्म व जनकल्याण के क्षेत्र में ऐसे कार्य किए, जिनकी मिसाल आज भी दी जाती है। उन्होंने लोकमाता के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।

### धूमधाम से मनाई गई जयंती




**चांदपुर।** डा.लाखन सिंह पाल के चंद्रा नर्सिंग होम पर महारानी अहिल्याबाई होल्कर की जयंती धूमधाम से मनाई गई। इस मौके पर डा.लाखन सिंह पाल ने कहा कि महारानी अहिल्याबाई होल्कर ने विषम परिस्थितियों में कुशल प्रशासक के रूप में ख्याति प्राप्त की। माता ने जनहित के लिए अनेकों कार्य किए। इस मौके पर चंद्रावती पाल, रूपवती पाल, डा.अंशु पाल, वीरवती, कमला देवी, आदेश देवी, प्रियंका देवी, प्रिंसला चौहान, डा. हरीश देव, अनिल गोला, मौहम्मद शहजाद, डा.दिव्याक प्रकाश, जुल्फिकार अहमद, भूरे सलमानी, श्रवण कुमार, चंद्र प्रकाश गौतम और देश वीर भी इस शुभ अवसर पर उपस्थित रहे। कार्यक्रम पश्चात सपा के वरिष्ठ नेता डा. लाखन सिंह पाल ने पत्रकारों को भी सम्मानित किया।

### पत्रकारिता के गिरते स्तर पर चिंता

**नजीबाबाद।** इलैक्ट्रानिक एंड प्रिंट मीडिया परिषद की ओर से हिन्दी पत्रकारिता दिवस के अवसर पर रविवार को नजीबाबाद के कवि दुष्यंत कुमार सभागार में आयोजित कार्यक्रम में वक्ताओं ने पत्रकारिता के गिरते स्तर पर चिंता व्यक्त करते हुए निष्पक्ष व जनहितकारी पत्रकारिता की आवश्यकता पर बल दिया। इस अवसर पर पोस्टर प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि सरदार गुरशण सिंह, मुख्य वक्ता अमन कुमार त्यागी, प्राचार्या डॉ. मृदुला त्यागी, असिस्टेंट प्रो. डॉ. वर्षा अग्रवाल, डॉ. दिव्या राय, संस्था अध्यक्ष विश्वास द्विवेदी, उपाध्यक्ष पुनीत गोयल, सचिव अनुज शर्मा, संगठन मंत्री विपुल शर्मा तथा रिहान अंसारी ने मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। महामंत्री महताब खां चांद के संचालन में आयोजित कार्यक्रम में अफजाल अंसारी को मंडल अध्यक्ष मनोनीत किए जाने की घोषणा की गई। पोस्टर प्रतियोगिता में निर्णायक मंडल ने सायना परवीन को प्रथम, राजनंदिनी को द्वितीय तथा अनम को तृतीय स्थान के लिए चयनित किया। प्रतियोगिता में भाग लेने वाली रमा जैन कन्या महाविद्यालय की 25 छात्राओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। मुख्य वक्ता अमन त्यागी, मुकेश सिन्हा, जितेन्द्र कक्कड़, मनोज शर्मा व वसीम बख्श ने पत्रकारिता के विभिन्न पहलुओं पर विचार रखे।

### मारपीट कर कुत्ते से कटवाने का आरोप

**कोतवाली देहात।** थाना क्षेत्र के ग्राम रसूलपुर जागरन उर्फ लक्खूवाला निवासी राजीव कुमार ने थाने में तहरीर देकर बताया कि 29 मई को जब राजीव अपने खेत पर पहुंचा तब उन्होंने देखा कि खेत की मेड़ कटी हुई है। इसकी शिकायत राजीव ने शौवीर सिंह से की। आरोप है कि शौवीर सिंह ने अपने पुत्र शिवम के साथ मिलकर राजीव के साथ गाली-गलौज तथा मारपीट की। आरोप है कि शौवीर सिंह ने अपना पालतू कुत्ता राजीव के ऊपर छोड़ दिया, जिसने राजीव को कई जगह से काटकर घायल कर दिया। राजीव का मेडिकल परीक्षण कराया गया है। तहरीर के आधार पर पुलिस ने शौवीर सिंह तथा उसके पुत्र शिवम पर प्राथमिकी दर्ज कर ली है।

## नाबालिग का अपहरण कर नशीला पदार्थ पिलाकर दुष्कर्म

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**असमोली।** शौच को गयी नाबालिग का युवक अपने साथियों के साथ अपहरण कर ले गया। आरोपी ने नाबालिक को पानी में नशीला पदार्थ पिलाकर दुष्कर्म किया। पुलिस ने आरोपी व एक अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

असमोली थाना क्षेत्र के ग्राम दबोई खुर्द निवासी व्यक्ति की पुत्री को गोल्डी पुत्र मदन सिंह आयसे दिन धमकाकर उससे बात नहीं करने पर परिवार और उसे जान से मारने की धमकी देता था। आरोप है। 31 मई की रात्रि करीब 10 12 वर्षीय नाबालिग घर से बाहर शौच करने गयी थी। आरोप है कि तभी आरोपी गोल्डी अपने एक साथी के साथ आया और नाबालिग को उठाकर ले गया। आरोपी ने नाबालिग को पानी में नशीला पदार्थ मिलाकर पिला दिया और उसके साथ दुष्कर्म किया। नाबालिग को होश आया तो आरोपी ने नाबालिग की कनपटी पर रखा और धमकी दी कि अगर उसने किसी को बताया तो उसे व उसके परिवार को जान से मार देगा।

## गुन्नौर में अतिक्रमण बना मुसीबत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बबराला।** नगर गुन्नौर मे बढ़ते अतिक्रमण ने गुन्नौर का चेहरा बिगाड़ दिया है सड़कों पर अवैध कब्जों के कारण न केवल यातायात प्रभावित हो रहा है बल्कि आमजन को रोजमर्रा की आवाजाही में भी भारी परेशानी झेलनी पड़ रही है हालात यह हैं कि कई स्थानों पर सड़क से वाहन निकालना तक मुश्किल हो गया है सबसे अधिक दिक्कत तहसील चौराहे पर देखने को मिल रही है जहां अतिक्रमण का जमावड़ा बना रहता है टेंपो ठेले और रिक्शा चालकों द्वारा सड़क को घेरे रहने से यातायात व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है इसके चलते यहां आए दिन जाम की स्थिति बन जाती है और लोगों को घंटों फंसे रहना पड़ता है तहसील चौराहे पर वादकारी और अन्य लोग अपने वाहनों से तहसील आते हैं लेकिन सड़क पर फैले अतिक्रमण के कारण वाहनों की कतार लग जाती है पैदल चलने वालों के लिए भी सड़क पर चलना दुश्वार हो गया है जिससे दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। स्थानीय व्यवसायी नीरज वार्ष्णेय ने उपजिलाधिकारी से तहसील चौराहे से अतिक्रमण हटवाने की मांग की है उनका कहना है कि यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं की गई तो समस्या और गंभीर हो जाएगी क्षेत्रवासियों ने भी प्रशासन से मांग की है कि अतिक्रमण के खिलाफ सख्त कदम उठाकर यातायात व्यवस्था को सुचारु कराया जाए ताकि नगरवासियों को राहत मिल सके।

## दंगा पीड़ित के पुर्नवास को दी जाएगी सौ वर्ग मीटर भूमि

**सम्भल( शाह टाइम्स,ब्यूरो )।** 1978 के दंगा पीड़ित जिसमें दंगाईयों ने रामशरण दास रस्तोगी की हत्या करशव कुंअे में फैंक दिया था। पीड़ित परिवार के पुर्नवास को शेरखां सराय बाहर चुंगी में 100 वर्ग मीटर भूमि उपलब्ध कराकर आवासीय पटटा प्रमाण पत्र भी दिया जायेगा।

# कार्यालय नगर पालिका परिषद,सम्भल

पत्र संख्या:- 547(1)/जलकल वि./2026

दिनांक:-25-05-2026

### अति अल्पकालीन ई-निविदा सूचना

15वॉं वि.आ. के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि निम्नलिखित कार्य की ई-निविदा दिनांक 30/6/2026 को 01:00 PM बजे तक ऑन लाईन निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा डालने से पूर्व निविदा के लिए न्यूनतम अर्हता हेतु निविदा की शर्तो का ध्यानपूर्वक अध्यन कर ले।

| क्र.सं. | नगर पालिका/NPP Stage | ठेकेदार/Vendor Stage | प्रारम्भ दिनांक एवं समय | अन्तिम दिनांक एवं समय |
|---|---|---|---|---|
| 01- | Tender Releas | | 01-.06.2026 2 PM | |
| 02- | | Tender Download | 01-.06.2026 2 PM | |
| 03- | | Bid Submission | 01-.06.2026 2 PM | |
| 03- | Close Bid | | | 30.06.2026 1 PM |
| 05 | Bid Openining | | | 30.06.2026 2 PM |

वेबसाइड htt://etender.up.nic.in पर निविदा से सम्बन्धित समस्त विवरण एवं विस्तृत शर्त तथा बिडिंग प्रपत्र ऑनलाईन देखे जा सकते हैं।

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद, सम्भल**

**अध्यक्ष**
**नगर पालिका परिषद, सम्भल**

# कार्यालय नगर पालिका परिषद,सम्भल

पत्र संख्या:- 812/नि. वि./2026

दिनांक:-07-06-2026

### अल्पकालीन ई-निविदा सूचना

विदित हो कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में राज्य सेक्टर के नगरीय पत्र संख्या 809/2026/नौ-5-2026/002-Computer No.2032443 नगर विकास अनुभाग-5 लखनऊ दिनांक 25.03.2026 वित्तीय वर्ष 2025-26 में राज्य सेक्टर के नगरीय झील/तालाब/पोखरसंरक्षण योजना के अन्तर्गत नगर पालिका परिषदों में स्थित तालाबों के सौन्दर्यकरण कार्य हेतु प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान करते हुए प्रथम किश्त की धनराशि हेतु 01 कार्य की प्रस्तावित प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति अंकन50.00 (पचास लाख) रू. के सापेक्ष प्रथम किश्त के रूप में अंकन 25.00(पच्चीस लाख) रू. की धनराशि अवमुक्त की गई है। शेष धनराशि द्वितीय किश्त के ष्प में प्राप्त होने पर सम्पूर्ण कार्य होने पर ही भुगतान की कार्यवाही की जायेगी। नगर पालिका परिषद, सम्भल का आवंटित धनराशि से स्वीकृत निम्नन लिखित निर्माण कार्य की ई-निविदा दिनांक 30.06.2026 को 01:00 PM बजे तक आनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा डालने से पूर्व निविदा के लिए न्यूनतम अर्हता हेतु निविदा की शर्तो का ध्यानपूर्वक अध्यन कर लें।

| क्र.सं. | नगर पालिका/NPP Stage | ठेकेदार/Vendor Stage | प्रारम्भ दिनांक एवं समय | अन्तिम दिनांक एवं समय |
|---|---|---|---|---|
| 01- | Tender Releas | | 01-.06.2026 5 PM | |
| 02- | | Tender Download | 01-.06.2026 5 PM | |
| 03- | | Bid Submission | 01-.06.2026 5 PM | |
| 03- | Close Bid | | | 30.06.2026 1 PM |
| 05 | Bid Openining | | | 30.06.2026 2 PM |

वेबसाइड htt://etender.up.nic.in पर निविदा से सम्बन्धित समस्त विवरण एवं विस्तृत शर्त तथा बिडिंग प्रपत्र ऑनलाईन देखे जा सकते हैं।

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद, सम्भल**

**अध्यक्ष**
**नगर पालिका परिषद, सम्भल**

## एक नज़र इधर भी

### खालिदर पीरजादा के बसपा जिलाध्यक्ष बनने पर हर्ष

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बबराला।** बसपा जिलाध्यक्ष रविशंकर भारती ने जिला कार्यकरिणी का विस्तार किया। जिसमें गुन्नौर के मोहल्ला जुल्हेपुरा निवासी खालिद पीरजादा को जिला उपाध्यक्ष मनोनीत किया। कार्यकर्ताओं ने खालिद पीरजादा सम्भल जिले का जिला उपाध्यक्ष मनोनीत किए जाने पर हर्ष व्यक्त किया। खालिद पीरजादा ने कहा कि पार्टी जिलाध्यक्ष ने जो जिम्मेदारी मुझे सौंपी है। उसका निष्ठापूर्ण ढंग से निर्वहन करूँगा। पार्टी के कार्यकर्ताओं को साथ लेकर पार्टी के हित के लिए कार्य करूँगा। पार्टी की अधिाक मजबूती के लिए हमेशा तत्पर रहूँगा। इस दौरान उनके कार्यालय पर कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### पर्यावरण संरक्षण को इलेक्ट्रिक वाहनों से होगी परिक्रमा

**सम्भल ( शाह टाइम्स,ब्यूरो )।** चौबीस कोसीय मासिक परिक्रमा समिति की मासिक बैठक आज महिला मोर्चा की सदस्य सीमा आर्य के आवास पर संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता सीमा आर्य ने की तथा संचालन विकास वर्मा ने किया। बैठक में आगामी 7 जून को आयोजित होने वाली 24 कोसीय मासिक परिक्रमा की तैयारियों एवं संगठन विस्तार पर विस्तृत चर्चा की गई। समिति के महामंत्री जसपाल सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के पर्यावरण संरक्षण एवं स्वच्छ ऊर्जा को बढ़ावा देने के आहवान के अनुरूप इस बार की परिक्रमा में इलेक्ट्रिक वाहनों के उपयोग को प्रोत्साहित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि दोपहिया, तिपहिया एवं चारपहिया इलेक्ट्रिक वाहनों द्वारा परिक्रमा करने का संदेश जन-जन तक पहुंचाया जाएगा, जिससे पेट्रोल एवं डीजल की खपत में कमी आए तथा पर्यावरण संरक्षण को बल मिले। समिति के अध्यक्ष राज कुमार शर्मा ने कहा कि 24 कोसीय परिक्रमा केवल धार्मिक यात्र नहीं, बल्कि सम्भल की सांस्कृतिक और आध्यात्मिक पहचान का प्रतीक है। इसे जन-जन तक पहुंचाने के लिए व्यापक जनसंपर्क अभियान चलाया जाएगा।बैठक में राज कुमार शर्मा, जसपाल सिंह, राकेश वार्ष्णेय, मुकेश शर्मा, विकास वर्मा, अमित शुक्ला, सौरभ गुप्ता, राम किशन ठकराल सहित समिति के अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

### प्रभारी मंत्री ने विद्युत वितरण उपकेन्द्र का किया लोकार्पण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड के अंतर्गत योजना बिजनेस प्लान वर्ष 2025-26 के अंतर्गत जनपद में 671.84 लाख की लागत से निर्मित होने वाले नवनिर्मित 33/11 केवी 2ञ 5 एम. वी. ए विद्युत उपकेंद्र विद्युत वितरण खंड सम्भल का लोकार्पण कार्यक्रम विकासखण्ड सम्भल के ग्राम ततारपुर में हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिले के प्रभारी मंत्री/राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार होमगार्ड्स एवं नागरिक सुरक्षा उत्तर प्रदेश शासन धर्मवीर प्रजापति रहे तथा विशिष्ट अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष हरेन्द्र सिंह रिंकू रहे। कार्यक्रम के अन्तर्गत मुख्य अतिथि प्रभारी मंत्री तथा विशिष्ट अतिथि द्वारा विद्युत उपकेंद्र का फीता काटकर उद्घाटन किया। प्रभारी मंत्री ने बटन दबाकर फीडर चालू कर विद्युत उपकेन्द्र का लोकार्पण किया। लोकार्पण कार्यक्रम के अन्तर्गत मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भटट एवं अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व सत्यप्रिय सिंह द्वारा मुख्य अतिथि धर्मवीर प्रजापति का एक पुष्प एवं एक पुस्तक देकर स्वागत सम्मान किया। स्वयं सहायता समूह की दीदियों द्वारा तैयार थैला भी मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों एवं अन्य अतिथि गणों को भेट किया गया।

### नौ वेंडिंग ज़ेन व नौ पार्किंग में खड़े ई-रिक्शा सीज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सम्भल।** नगर एवं मुख्य मार्गों पर जाम एवं अतिक्रण के साथ नौ वेंडिंग ज़ोन तथा नौ पार्किंग में खड़े ई रिक्शाओं को सीज किया गया। नगर मजिस्ट्र सुधीर कुमार के नेतृत्व चले अभियान में चन्दौसी चौराहे पर नो वेंडिंग ज़ोन और नौ पार्किंग में खड़े आधा दर्जन ई रिक्शाओं को सीज किया गया।

### सीएम को ज्ञापन देने जाते भाकियू कार्यकर्ता रोके

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** मुख्यमंत्री को ज्ञापन देने जाते भारतीय किसान यूनियन बीआरएसएस भारत (राष्ट्रीय सेवक संघ) के बैनर तले सोमवार को दर्जनों कार्यकर्ता को बिजनौर जाने से रोक दिया। भाकियू बीआरएसएस के कार्यकर्ता 8 सूत्रीय ज्ञापन लेकर जनपद बिजनौर के लिए जा रहे थे। जिला अध्यक्ष कामेन्द्र चौधरी ने बताया कि संगठन के सभी कार्यकर्ता चमरौआ से शांतिपूर्ण तरीके से रवाना हुए थे। चौकी प्रभारी हिसामपुर अरुण कुमार ने प्रशासन के साथ बैरिकेडिंग लगाकर कार्यकर्ताओं को रोक लिया। प्रशासन ने वहीं ज्ञापन सौंपने की मांग रखी और सुरक्षा कारणों का हवाला देकर बिजनौर आगे न जाने देने की बात कही। इसके बाद सीओ असमोली प्रदीप कुमार और थाना प्रभारी नखासा उमेश सोलंकी से वार्ता हुई। उनके हस्तक्षेप के बाद कार्यकर्ताओं ने सरकार की तमाम लाभकारी योजनाएं सीधे पात्रों तक ना पहुंच पाना, खाद-बीज की कालाबाजारी, अघोषित बिजली कटौती, जल जीवन मिशन द्वारा जगह-जगह तोड़ी गई सड़कों की मरम्मत न होना, जनपद में व्याप्त भ्रष्टाचार, बहजोई रेलवे ाटक पर ओवर ब्रिज की मांग, गंगा एक्सप्रेसवे की सर्विस रोड पर गांवों के नाम के साइन बोर्ड व गति अवरोधक न होना जैसे मुद्दों को लेकर शांतिपूर्ण तरीके से मांगपत्र चौकी प्रभारी अरुण कुमार को सौंपा गया।इस दौरान कुलदीप शर्मा, निर्देश कुमार,सेवक सैनी, श्रीपाल यादव, अनवार अली, सतपाल सिंह, विनोद शर्मा, चन्द्रपाल सिंह समेत दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

इश्तहार मजरिया

**न्यायालय सिविल जज ( जूडि. ) सम्भल**
**विविध वाद सं. 35 सन्** 2022

धर्मवीर पुत्र श्री बाबू सिंह. नि. खानपुर सराय उर्फ आलमपुर सम्भल।

**बनाम**

1. पारूल उर्फ मोनिका पुत्री धर्मवीर सिंह
2.अनिकेत पुत्र धर्मवीर समस्त निवासी खानपुर सराय उर्फ आलमपुर सम्भल।
3.जनता आम सम्भल जनपद सम्भल।

इश्तहार मजरिया अदालत सि.ज.जू. डि. मुकाम चन्दौसी दरख्वास्त मुसम्मा धर्मवीर सिंह वास्ते हुसूल सर्टिफिकेट वसूल कर दर्जा व किफायत हाय यफ्तानी मुसम्मा धर्मवीर मुसवफा पारूल अपनू मूजिब एक्ट ७सन१८७८ ई. वक्त हरगाह मुसम्मा ने दरख्वास्त हुसूल सर्टिफिकेट गुजरपनी है। ई. तारीख 27 मास 07 सन 2026 वास्ते समाअत मुकर्रर हुई है कि लिहाजा यह इश्तहार जारी किया किसी को निस्बत दरख्वास्त के उज्र होग तो या अदालत या वकालतन वक्त 10 बजे अदालत सि. जज. जू. डि. मुकाम चन्दौसी में तारीख मुकर्रर सुनाने और हुक्म मुनासिब निस्बत मजकूर दरख्वास्त के सादिर होगा। अलमरकुम माह सन 2026 ई.

**वाद लिपिक**
**सिविल जज ( जू.डि. ) सम्भल**
**स्थित चन्दौसी**

### सम्बंध-विच्छेद

मेरा पुत्र शहजाद अनवर व पुत्रवधू श्रीमति शमा का चाल चलन अच्छा नहीं है। वह दोनो गलत संगत में पड़ गये है। तथा पुत्रवधू श्रीमति शमा अपने पति शहजाद अनवर का साथ देती है। इसलिए मैने व मेरे पूरे परिवार ने शहजाद अनवर व श्रीमति शमा से अपने समस्त सम्बंध विच्छेद कर लिए हैं और उन्हे अपनी चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। अब शहजाद अनवर व पुत्रवधु श्रीमति शमा अपने अच्छे व बुरे के स्वयं जिम्मेदार होंगे।

**आसीम पुत्र अखलाक**
नि. मौहल्ला शहबाजपुरा थाना रायसत्ती जनपद सम्भल।

### सम्बंध-विच्छेद

मेरा पुत्र विनोद अपनी पत्नी ज्योति के सिखाये व चढ़ाये में आकर मेरे व मेरे परिवार व रिश्तेदारों के साथ आये दिन गाली-गलौंच व मारपीट करता रहता है और गलत संगत में पड़ गया है। मै व मेरा परिवार उसके आचरण से काफी परेशान है। इसालिए मैने विनोद व पुत्रवधू ज्योति को अपनी चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है।अब मेरा उनसे कोई सम्बंध नहीं है। भविष्य में वह दोनो कोई गैर कानूनी कृत्य करते हैं तो स्वयं जिम्मेदार होंगे।

**कीरत पाल पुत्र पन्नू**
नि. ग्राम रहटौल थाना हजरत नगर गढ़ी जनपद सम्भल।

# जिला अस्पताल का डीएम ने किया औचक निरीक्षण





**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** जिलाधिकारी डॉ. राजेन्द्र पैंसिया ने सोमवार को जिला अस्पताल का औचक निरीक्षण कर स्वास्थ्य व्यवस्थाओं की वास्तविक स्थिति का जायजा लिया। जिलाधिकारी के अचानक अस्पताल पहुंचने से अस्पताल प्रशासन और कर्मचारियों में हड़कंप मच गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विभिन्न वार्डों, ओपीडी तथा अन्य स्वास्थ्य सेवाओं का बारीकी से निरीक्षण किया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।अस्पताल पहुंचते ही जिलाधिकारी सीधे वार्डों में पहुंचे और भर्ती मरीजों से मुलाकात कर उनका हालचाल जाना। उन्होंने मरीजों से उपचार की गुणवत्ता, डॉक्टरों की उपलब्धता तथा अस्पताल में मिलने वाली सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। इसके अलावा मरीजों के तीमारदारों से भी बातचीत कर स्वास्थ्य सेवाओं की जमीनी हकीकत जानने का प्रयास किया।निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने विशेष रूप से यह जानकारी प्राप्त की कि कहीं मरीजों को बाहर से दवाइयां खरीदने के लिए तो मजबूर नहीं किया जा रहा है। उन्होंने मरीजों और उनके परिजनों से पूछा कि क्या उन्हें अस्पताल से सभी आवश्यक दवाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं या नहीं। साथ ही यह भी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए कि सरकारी अस्पताल में आने वाले मरीजों को सभी सुविधाएं निर्धारित मानकों के अनुरूप मिलें।डॉ. पैंसिया ने अस्पताल प्रशासन को स्पष्ट निर्देश दिए कि मरीजों की सुविधा और उपचार व्यवस्था में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने साफ-सफाई, दवा वितरण, डॉक्टरों की उपस्थिति तथा मरीजों की शिकायतों के त्वरित निस्तारण पर विशेष ध्यान देने को कहा।जिलाधिकारी के औचक निरीक्षण से अस्पताल प्रशासन में सक्रियता बढ़ गई और अधिकारियों ने व्यवस्थाओं को और बेहतर बनाने का भरोसा दिलाया।

## भाकियू ने किसानों की मांगों को लेकर दिया ज्ञापन

कांठ (शाह टाइम्स) भारतीय किसान यूनियन के नेता चौधरी ऋषिपाल सिंह ने आज मासिक बैठक के दौरान किसानों की समस्याओं के समाधान न होने पर चिंता व्यक्त की और कहा कि यही हालात रहे तो भारतीय किसान यूनियन को आंदोलन करना होगा। उन्होंने तहसील में बैठक कर गन्ना पर्ची 22 कुंतल किए जाने नगर से निकलने वाले पानी की माकूल व्यवस्था करने मिट्टी परीक्षण केंद्र की स्थापना करने बिजली किसानों को समय से दिए जाने आदि मुद्दे उठाए और कहा कि यदि प्रशासन इन समस्याओं का समाधान नहीं कर पाया तो आंदोलन के लिए मजबूर होना पड़ेगा।

इस मौके पर दर्शन सिंह अरविंद बिश्नोई भविष्य बिश्नोई सलीम अहमद शहर दिलशाद अंश चौधरी आदिल अंसारी नौबत सिंह महेश ठाकुर धर्मपाल सैनी सियाराम बिश्नोई पंकज राणा अजय सिंह आदि मौजूद रहे।

## एक नजर

### सपा प्रवक्ता अमीक जमई के बयान पर जैन समाज में रोष, डॉ. पवन जैन ने अखिलेश यादव से की कार्रवाई की मांग

**मुरादाबाद।** 21 मई 2026 को एक समाचार चैनल की लाइव बहस के दौरान समाजवादी पार्टी के प्रवक्ता श्री अमीक जमई द्वारा जैन समाज को लेकर दिए गए बयान पर विवाद खड़ा हो गया है। जैन समाज ने बयान को तथ्यहीन और भ्रामक बताते हुए कड़ी आपत्ति जताई है। लाइव बहस के दौरान सपा प्रवक्ता अमीक जमई ने दावा किया था कि भारत से मांस निर्यात करने वाली शीर्ष 20 कंपनियों में से 18 जैन समुदाय के लोगों की हैं। जैन समाज ने इस दावे को बिना प्रमाण का और आधारहीन बताया है। बाबू मुकुट बिहारी लाल जैन सेवा न्यास के अध्यक्ष डॉ. पवन कुमार जैन ने कहा कि यह कथन न केवल आधारहीन है, बल्कि अहिंसा, करुणा और जीव-दया के सिद्धांतों पर चलने वाले जैन समाज की छवि को धूमिल करने का प्रयास भी है। उन्होंने कहा कि ऐसे असत्य वक्तव्य से देशभर का जैन समाज गहरा आहत हुआ है। डॉ. पवन कुमार जैन ने समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अखिलेश यादव से मांग की है कि वे इस विषय को तत्काल संज्ञान लें। उन्होंने अमीक जमई के बयान का सार्वजनिक रूप से खंडन करने और जैन समाज को निशाना बनाने वाले ऐसे प्रवक्ता के विरुद्ध उचित कार्रवाई की मांग की है। साथ ही समाजवादी पार्टी से इस विषय पर अपना स्पष्ट एवं आधिकारिक रुख देश के समक्ष रखने को कहा है।डॉ. जैन ने कहा कि जैन समाज सदैव राष्ट्रहित, सामाजिक समरसता और अहिंसा के मूल्यों के प्रति समर्पित रहा है। किसी भी समुदाय के बारे में बिना तथ्य के सार्वजनिक मंच से इस प्रकार के आरोप लगाना सामाजिक सौहार्द एवं आपसी विश्वास को क्षति पहुंचाने वाला है। जैन समाज किसी भी प्रकार के दुष्प्रचार को स्वीकार नहीं करेगा।



### मुरादाबाद देहात सीट पर सुभासपा का बड़ा दांव जिलाध्यक्ष रवि चौधरी बने चुनाव प्रभारी

**मुरादाबाद।** उत्तर प्रदेश में आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारियों के बीच सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी ने मुरादाबाद देहात विधानसभा सीट पर बड़ा दांव खेला है। पार्टी की राष्ट्रीय कार्यसमिति ने जिलाध्यक्ष रवि चौधरी को देहात सीट का चुनाव प्रभारी नियुक्त किया है।पार्टी की रणनीतिसुभासपा ने प्रदेशभर में 64 विधानसभा सीटों को चिन्हित किया है जहां विशेष फोकस के साथ चुनावी तैयारी की जा रही है। वहीं 32 महत्वपूर्ण सीटों पर प्रभारियों की नियुक्ति कर संगठन को बूथ स्तर तक सक्रिय करने का निर्णय लिया गया है। मुरादाबाद देहात सीट भी इनमें शामिल है।रवि चौधरी पर भरोसारवि चौधरी लंबे समय से संगठन को मजबूती देने और जनसंपर्क अभियान चलाने में सक्रिय हैं। पार्टी के जमीनी कार्यकर्ताओं के बीच उनकी मजबूत पकड़ और क्षेत्र में बढ़ती लोकप्रियता को देखते हुए राष्ट्रीय कार्यसमिति ने उन पर भरोसा जताया है। प्रभारी बनाए जाने के बाद कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल है।क्या बोले रवि चौधरीप्रभारी बनाए जाने के बाद रवि चौधरी ने पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री ओम प्रकाश राजभर का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि पार्टी द्वारा सौंपी गई जिम्मेदारी को पूरी निष्ठा और ईमानदारी से निभाएंगे। मुरादाबाद देहात विधानसभा क्षेत्र में पार्टी को मजबूत करना और जनता की आवाज को विधानसभा तक पहुंचाना उनकी प्राथमिकता होगी।राजनीतिक जानकारों का मानना है कि सुभासपा इस बार उत्तर प्रदेश के चुनाव में पूरी मजबूती के साथ उतरने की तैयारी में है। रवि चौधरी के नेतृत्व में पार्टी ग्रामीण क्षेत्रों, पिछड़े वर्गों, युवाओं और स्थानीय कार्यकर्ताओं को एकजुट कर मजबूत चुनावी माहौल तैयार करेगी।



### फांसी का फंदा लगाकर युवक ने दी जान किया सुपुर्दे खाक

**कांठ( शाह टाइम्स )**नया गांव अकबरपुर चेदरी में युवक ने फांसी लगाकर मौत को गले लगा लिया परिजनों ने सुपुर्दे खाक भी कर दिया लेकिन युवक द्वारा इतना बड़ा कदम उठाए जाने की वजह पता नहीं लग पाई है। मामला थाना क्षेत्र के नया गांव अकबरपुर चेदरी का है वहां के अनबार के पुत्र महफूज ने रात में कपड़े का फंदा लगाकर अपनी जान दे दी सुबह को मृतक की बहन कमरे में गई तो उसने भाई को लटकते हुए पाया। सूचना पर परिवार के लोग इकट्ठा हो गए और उसे फंदे से उतार लिया लेकिन उसकी पहले ही मौत हो चुकी थी।

सूचना मिलते ही गांव के लोग मृतक के घर पहुंच गए पुलिस भी मौके पर पहुंची लेकिन मृतक के परिजनों ने पोस्टमार्टम कराने से इनकार करते हुए पुलिस को लिखकर दे दिया कि उनके लड़के ने आत्महत्या की है इसलिए वह किसी प्रकार की कानूनी कार्रवाई नहीं करना चाहते। मृतक के परिवार वालों ने गम के माहौल में उसे सुपुर्दे खघक भी कर दिया। लेकिन युवक ने इतना बड़ा कदम क्यों उठाया इसके कारण का पता परिवार के लोगों को भी नहीं है। कुल मिलाकर इस घटना से गांव में गम का माहौल है।



## दयानंद इंटर कॉलेज की छात्राएं विकास भवन में सम्मानित, कनक सिंह को लखनऊ में मिला सम्मान

**कांठ (शाह टाइम्स)।** पंचायत भवन मुरादाबाद में सोमवार को आयोजित मेधावी छात्र - छात्राओं को सम्मानित किया गयास



कांठ से प्रदेश स्तर पर मेरिट में स्थान पाने वाली महर्षि दयानंद इंटर कॉलेज की छात्रा कनक सिंह एवं दो अन्य विद्यार्थियों को लखनऊ में मुख्यमंत्री द्वारा एक लाख का चौक,प्रशस्ति पत्र व मेडल व पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया गयास मुरादाबाद में अमृता सिंह को ध21000 का चेक, मेडल एवं प्रशस्ति पत्र दिया गया एवं शेष तीन छात्रा को प्रशस्ति पत्र व मेडल देकर सम्मानित किया गया जबकि इंटर की चारों छात्राओं को 21 हजार का चेक , मेडल व प्रशस्ति पत्र दिए गए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विनोद अग्रवाल ( म ` य र मुरादाबाद), सीडीओ मृणाली अविनाश जोशी , जिला विद्यालय निरीक्षक मुरादाबाद देवेंद्र कुमार पांडे, सह जिला विद्यालय निरीक्षक शतानंद शर्मा, महर्षि जैन इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य मदन सिंह, सौरभ अग्रवाल आदि उपस्थित रहे।

## उप्र ग्राम पंचायत अधिकारी संघ की प्रदेश कार्यसमिति बैठक सम्पन्न, आमोद चौहान बने प्रांतीय संगठन मंत्री

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** उत्तर प्रदेश ग्राम पंचायत अधिकारी



संघ की प्रदेश कार्यसमिति की बैठक लखनऊ में सम्पन्न हुई। बैठक में विभिन्न एजेंडों पर विचार-विमर्श किया गया।बैठक में उत्तर प्रदेश के समस्त जिलों के जिलाध्यक्ष, जिला महामंत्री एवं प्रान्तीय प्रतिनिधि उपस्थित रहे। बैठक के दौरान उत्तर प्रदेश ग्राम पंचायत अधिकारी संघ, जिला मुरादाबाद के आमोद चौहान, ग्राम पंचायत अधिकारी/जिला महामंत्री को प्रदेश कार्यकारिणी द्वारा प्रान्तीय संगठन मंत्री के पद पर मनोनीत करते हुए शपथ ग्रहण कराई गई।बैठक में उत्तर प्रदेश ग्राम पंचायत अधिकारी संघ के प्रान्तीय अध्यक्ष डॉ.प्रदीप कुमार सिंह, प्रान्तीय महामंत्री नागेन्द्र प्रताप कुशवाहा, प्रान्तीय मंत्री जितेन्द्र गंगवार, प्रान्तीय महामंत्र अनिल कुमार, जिलाध्यक्ष महेन्द्र सिंह मुरादाबाद सहित लगभग 150 जिलाध्यक्ष, जिला महामंत्री एवं प्रान्तीय प्रतिनिधि उपस्थित थे।बैठक में तीन सूत्रीय मांगों पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। अंतिम ज्येष्ठता सूची के प्रकाशन पर चर्चा करते हुए अन्य एजेंडों के साथ बैठक का समापन किया गया।

## रोटरी क्लब एक्सिस ने आयोजित की ग्रीष्म ऋतु विशेष मनोरंजक सभा

**मुरादाबाद।** रोटरी क्लब मुरादाबाद एक्सिस द्वारा रामगंगा विहार स्थित मिठाई बना रेस्टोरेंट में ग्रीष्म ऋतु विशेष मनोरंजक सभा का आयोजन किया गया। सभा में बच्चों और रोटरी परिजनों ने विभिन्न मनोरंजक गति. विधियों का आनंद लिया।काव्य सौरभ रस्तोगी को मिली मानद सदस्यता कार्यक्रम के दौरान रोटरी अन्तर्राष्ट्रीय मण्डल 3100 के नामित मंडलाध्यक्ष रोटेरियन काव्य सौरभ रस्तोगी को रोटरी क्लब एक्सिस की मानद सदस्यता प्रदान की गई।

क्लब अध्यक्ष रोटेरियन रश्मि गोयल ने इसकी घोषणा की। सभा में रोटेरियन काव्य सौरभ रस्तोगी, रोटेरियन तृप्ति रस्तोगी, रोटेरियन रश्मि गोयल, रोटेरियन प्रियांक अग्रवाल, रोटेरियन डॉ विवेक गोयल, रोटेरियन डॉ सुमित गुप्ता, रोटेरियन एनी पिंकी राय, एनी निधि गुप्ता, एनी प्राची अग्रवाल, एनी साक्षी जैन समेत कई रोटरी परिजन उपस्थित रहे।

## डॉ. नरेन्द्र सिंह ने किया कृष्णा बेकरी व स्वीट रेस्टोरेंट का उद्घाटन

**कांठ ( शाह टाइम्स )।** आवीहफीजपुर अड्डे पर रविवार को डॉ. सतीश चाहल के नए प्रतिष्ठान कृष्णा बेकरी व स्वीट रेस्टोरेंट का उद्घाटन प्रोफेसर एवं समा. जसेवी डॉ. नरेन्द्र सिंह द्वारा फीता काटकर किया गया। मुख्य अतिथि डॉ. नरेन्द्र सिंह ने कहा कि डॉ. सतीश



चाहल द्वारा क्षेत्र में कृष्णा बेकरी व स्वीट रेस्टोरेंट की स्थापना एक सराहनीय पहल है। इससे आसपास के लोगों को बेहतर गुणवत्ता की मिठाइयां एवं स्वादिष्ट व्यंजन स्थानीय स्तर पर उपलब्ध हो सकेंगे। उन्होंने क्षेत्रवासियों से प्रतिष्ठान पर पहुंचकर अपनी पसंद के व्यंजनों का आनंद लेने की अपील की। उन्होंने कहा कि किसी भी खाद्य प्रतिष्ठान की सफलता उसकी गुणवत्ता और ग्राहकों के विश्वास पर निर्भर करती है। उन्होंने सतीश चाहल से खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता बनाए रखने तथा स्वच्छता एवं लोगों के स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखने का आग्रह किया, ताकि ग्राहकों को हमेशा बेहतर और सुरक्षित खाद्य सामग्री उपलब्ध हो सके प्रतिष्ठान के प्रोपराइटर डॉ. सतीश चाहल ने कहा कि आसपास के क्षेत्र में इस प्रकार का कोई आधुनिक एवं गुणवत्तापूर्ण बेकरी और स्वीट रेस्टोरेंट उपलब्ध नहीं था। लोगों को मिठाइयों, बेकरी उत्पादों और अन्य खाद्य सामग्री के लिए अमरोहा शहर जाना पड़ता था। क्षेत्रवासियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए उन्होंने इस प्रतिष्ठान की शुरुआत की है, जिससे अब लोगों को अपने आसपास ही बेहतर गुणवत्ता के उत्पाद उपलब्ध हो सकेंगे। इस अवसर पर पंकज कुमार, डॉ वेद यादव, रविराज सिंह, अमित कुमार, लोकेंद्र सिंह, सुधीर कुमार, गुड्डू, अंगद चौहान, नितिन कुमार, आदि सहित सैकड़ो की संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

## दादा करम अली शाह के 140वें उर्स के कुल शरीफ में उमड़े अकीदतमंद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** नगर के मोहल्ला बाजार स्थित दादा करम अली शाह और हाफिज सैयद सिद्दिक की



दरगाह पर सालाना तीन दिवसीय 140वें उर्स के कुल शरीफ का आयोजन किया गया। जिसमें भारी संख्या में अकीदतमंदों ने न्याजों नजर कर विशेष दुआएं की। सोमवार को सवेरे 2:38 पर दादा करम अली शाह का कुल शरीफ का आयोजन हुआ और दोपहर 2:38 पर सैयद हाफिज सिद्दीक साहब का कुल शरीफ का आयोजन किया गया। इस दौरान कारी आदिल रजा नूरी ने तिलावत कलामें पाक से कुल शरीफ का आगाज किया और सभी को अमन और मोहब्बत का पैगाम दिया, कहा कि सभी मिल जुल कर रहे हैं और अपने परिवार के बच्चों को अच्छी तरबीयत दें, एक खुशनुमा समाज का निर्माण करें। इनके अलावा कई उलेमाओ ने दीनी ताल्लुक से खिताब किया। कार्यक्रम के अंत में सलातो सलाम के बाद कारी आदिल रजा ने सभी के हक में मुल्क और मिल्लत के लिए विशेष दुआ कराई। इस मौके पर अकीदतमंदों ने दरगाह शरीफ पर गुस्ल कराने के बाद चादरपोशी कर मुल्क और मिल्लत के लिए विशेष दुआएं की। इस दौरान मुख्य रूप से मौलाना अतहर रजा, कारी आदिल रजा, शमसुद्दीन नूरी के अलावा कमेटी में सरफराज सैफी सेकेट्री, मोहम्मद आलम उर्फ पप्पू, सूफी इकवाल अंसारी, कमर अली, मुशर्रफ अली, हाजी शाहिद हुसैन उर्फ बाबा, डॉ सुहेल विन असगर, गफ्फार अंसारी,वकील फारुखी, अशरफ सैफी, अख्तर फारूखी आदि मौजूद रहे।

## 'संपूर्ण रामायण शिक्षा का जीवंत स्रोत': प्रो. मदन मोहन झा, टीएमयू में राष्ट्रीय ऑनलाइन कॉन्क्लेव आयोजित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी के भारतीय ज्ञान परम्परा केंद्र के तत्वावधान में ष्सत्ययुग में शिक्षा: सत्य-आधारित शिक्षण का उदयष विषय पर 13वां राष्ट्रीय ऑनलाइन कॉन्क्लेव आयोजित किया गया। कार्यक्रम में सत्ययुगीन शिक्षा व्यवस्था और भारतीय ज्ञान परंपरा के विभिन्न आयामों पर चर्चा हुई। मुख्य बातें रामायण शिक्षा का स्रोत: जगद्गुरु रामानंदाचार्य राजस्थान संस्कृत यूनिवर्सिटी, जयपुर के कुलपति प्रो. मदन मोहन झा ने कहा कि संपूर्ण रामायण शिक्षा का जीवंत स्रोत है, जो मनुष्य को सत्य, मर्यादा, करुणा और लोक कल्याण का मार्ग दिखाती है। उन्होंने छांदोग्य उपनिषद में वर्णित सत्यकाम जाबाल के प्रसंग से सत्यनिष्ठा को भारतीय शिक्षा की आधारशिला बताया।शिक्षा का उद्देश्य: प्रो. झा ने कहा कि भारतीय शिक्षा परंपरा का उद्देश्य केवल बौद्धिक विकास नहीं, बल्कि आत्मोन्नति, चरित्र निर्माण और पुरुषार्थ चतुष्टय: धर्म, अर्थ, काम




और मोक्ष की प्राप्ति है। शिक्षा का उद्देश्य प्रतिस्पर्धा नहीं, समाजोपयोगी और आदर्श नागरिक का निर्माण है।सत्य को अनेक दृष्टिकोणों से समझें: आईसीसीआर चेयर फॉर संस्कृत एंड इंडियन फिलॉसफी, एमजीआई, मॉरीशस के प्रो. सत्यपाल सिंह ने जैन दर्शन के सप्तभंगी सिद्धांत का उल्लेख करते हुए कहा कि सत्य को अनेक दृष्टिकोणों से समझने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा आचार्य केवल शिक्षक नहीं, बल्कि चरित्र और जीवन-दृष्टि के निर्माता होते हैं।चरित्र निर्माण पर जोर: टीएमयू के कुलपति प्रो. वीके जैन ने कहा कि रामायण, रामचरितमानस और श्रीमद्भगवद्गीता में शिक्षा को केवल ज्ञानार्जन का माध्यम नहीं, बल्कि चरित्र निर्माण, आत्मानुशासन और कर्तव्यबोध का साधन माना गया है। उन्होंने अनुभव-आधारित और परियोजना आधारित शिक्षण पद्धतियों की उपयोगिता पर बल दिया। टीएमयू आईकेएस सेंटर की कोऑर्डिनेटर डॉ. अलका अग्रवाल ने कहा कि वर्तमान समय में शिक्षा को केवल सूचना और कौशल तक सीमित न रखकर व्यक्तित्व और चरित्र निर्माण का माध्यम बनाया जाना चाहिए। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की वंदना और दीप प्रज्ज्वलन से हुआ और समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ। संचालन डॉ. माधव शर्मा ने किया।

## मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, शालीमार बाग ने मुरादाबाद में शुरू की ऑन्कोलॉजी ओपीडी सेवाएं

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, शालीमार बाग ने आज मुरादाबाद स्थित आरोग्य सुपर स्पेशलिटी हेल्थ सेंटर में अपनी ऑन्कोलॉजी ओपीडी सेवाओं की शुरुआत की। इस अवसर पर मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, शालीमार बाग के सर्जिकल ऑन्कोलॉजी विभाग के एसोसिएट डायरेक्टर एवं यूनिट हेड डॉ. अनादी पचौरी तथा मेडिकल ऑन्कोलॉजी विभाग के कंसल्टेंट एवं यूनिट हेड डॉ. अभिनव नरवरिया उपस्थित रहे। ओपीडी का समय डॉ. अनादी पचौरी: हर महीने के पहले, तीसरे और चौथे मंगलवार को दोपहर 2:00 बजे से 4:00 बजे तक प्राथमिक परामर्श एवं फॉलो-अप सेवाएं देंगे। डॉ. अभिनव नरवरिया: हर महीने के दूसरे मंगलवार को दोपहर 2:00 बजे से 4:00 बजे तक आरोग्य सुपर स्पेशलिटी हेल्थ सेंटर, मुरादाबाद में उपलब्ध रहेंगे। विशेषज्ञों ने क्या कहामैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, शालीमार बाग के सर्जिकल ऑन्कोलॉजी विभाग के एसोसिएट डायरेक्टर डॉ. अनादी पचौरी ने कहा, ष्कैंसर एक



कॉम्प्लेक्स बीमारी है, जिसके उपचार के लिए ट्यूमर के प्रकार, स्टेज, स्थान और मरीज की ओवरऑल हेल्थ स्थिति के आधार पर मल्टी डिसिप्लिनरी एवं पर्सनलाइज्ड ट्रीटमेंट प्रोटोकॉल की आवश्यकता होती है। कैंसर के इलाज में सर्जरी की भूमिका आज भी अत्यंत महत्वपूर्ण है, विशेष रूप से जब बीमारी का अर्ली स्टेज में पता चल जाए और वह सीमित क्षेत्र तक ही हो। कुछ मामलों में उच्च आनुवंशिक जोखिम वाले व्यक्तियों को निवारक सर्जरी की भी सलाह दी जाती है। आधुनिक मेडिकल टेक्नोलॉजी के विकास के साथ मिनिमली इनवेसिव और रोबोटिक-असिस्टेड सर्जरी मरीजों को अधिक सटीक उपचार, कम कॉम्प्ली केशन्स और तेजी से रिकवरी प्रदान कर रही हैं। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि कैंसर का समय पर पता लगना और शीघ्र उपचार बेहतर परिणाम और जीवित रहने की संभावना को काफी बढ़ा देता है। 'मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, शालीमार बाग के मेडिकल ऑन्कोलॉजी विभाग के कंसल्टेंट डॉ. अभिनव नरवरिया ने कहा, 'कैंसर के प्रति जागरूकता बढ़ाना और इसके शुरुआती संकेतों को पहचानना उपचार के परिणामों को बेहतर बनाने के लिए बेहद आवश्यक है, क्योंकि समय पर निदान सफल कैंसर उपचार की सबसे महत्वपूर्ण कड़ी है। आधुनिक ऑन्कोलॉजी में कीमोथेरेपी, इम्यूनोथेरेपी और टार्गेटेड थेरेपी जैसी सिस्टेमिक थेरेपी ने कैंसर उपचार को नई दिशा दी है, विशेष रूप से एडवांस स्टेज कैंसर के मामलों में या सर्जरी के साथ मिलकर बेहतर परिणाम प्राप्त करने में। प्रिसिशन मेडिसिन के आगमन के साथ अब उपचार को ट्यूमर की जेनेटिक और मॉलिक्युलर प्रोफाइल के आधार पर अधिक व्यक्तिगत बनाया जा रहा है, जिससे मरीजों को अधिक प्रभावी और अनुकूलित देखभाल मिल रही है।

कैंसर का प्रारंभिक चरण में पता लगना और समय पर उपचार न केवल जीवित रहने की संभावना बढ़ाता है, बल्कि मरीजों के जीवन की गुणवत्ता को भी बेहतर बनाए रखने में मदद करता है। मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, शालीमार बाग विश्व स्तरीय कैंसर देखभाल सेवाओं की पहुंच को व्यापक बनाने के लिए प्रतिबद्ध है और अभिनव एवं उच्च गुणवत्ता वाली चिकित्सा सेवाओं के माध्यम से क्षेत्र के लोगों के स्वास्थ्य और कल्याण को बेहतर बनाने के अपने प्रयास लगातार जारी रखे हुए है।

# मुरादाबाद एयरपोर्ट पहुंचे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

## अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों ने किया भव्य स्वागत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सोमवार को चार्टर्ड विमान से मुरादाबाद पहुंचे, जहां भदासना स्थित मुरादाबाद हवाई अड्डे पर उनका गर्मजोशी के साथ स्वागत किया गया। मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर एयरपोर्ट परिसर में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे और प्रशासनिक अधिकारियों के साथ-साथ भाजपा के जनप्रतिनिधि भी उनकी अगवानी के लिए मौजूद रहे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मुरादाबाद पहुंचने पर जिलाधिकारी



डॉ. राजेंद्र कुमार पेंसिया, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल सहित जिले के अन्य प्रशासनिक अधिकारियों ने उनका स्वागत किया। इस दौरान शहर विधायक रितेश गुप्ता, कुंदरकी विधायक ठाकुर रामवीर सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष आकाश कुमार पाल, महापौर विनोद अग्रवाल समेत कई भाजपा नेता और कार्यकर्ता भी एयरपोर्ट पर उपस्थित रहे।एयरपोर्ट पर मुख्यमंत्री ने अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों के साथ संक्षिप्त बैठक कर जिले से जुड़े विभिन्न विषयों पर चर्चा की। बैठक के दौरान प्रशासनिक व्यवस्थाओं और विकास कार्यों को लेकर भी आवश्यक जानकारी ली गई। मुख्यमंत्री ने मौजूद अधिकारियों को शासन की प्राथमिकताओं के अनुरूप कार्यों को गति देने के निर्देश दिए।मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एयरपोर्ट पर मौजूद भाजपा कार्यकर्ताओं से भी मुलाकात की और उनका अभिवादन स्वीकार किया। मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर कार्यकर्ताओं में विशेष उत्साह देखने को मिला।मुरादाबाद में अल्प प्रवास के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ हेलीकॉप्टर से बिजनौर के लिए रवाना हो गए, जहां उनका पूर्व निर्धारित कार्यक्रम प्रस्तावित था।

# मंदिर में दर्शन करने गई युवती करंट की चपेट में आई, जिला अस्पताल में कराया गया भर्ती

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** कटघर थाना क्षेत्र के गांव जैतिया सादुल्लापुर में सोमवार सुबह एक दर्दनाक हादसा हो गया। मंदिर में दर्शन करने गई एक युवती करंट की चपेट में आकर घायल हो गई। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। परिजनों और ग्रामीणों की तत्परता से युवती को तुरंत जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उसका उपचार चल रहा है। जानकारी के अनुसार, गांव जैतिया सादुल्लापुर निवासी 21 वर्षीय रजनी सोमवार सुबह करीब छह बजे गांव स्थित मंदिर में पूजा-अर्चना और दर्शन करने के लिए गई थी। प्रतिदिन की तरह वह मंदिर परिसर में प्रवेश कर रही थी। इसी दौरान जैसे ही उसने मंदिर के प्रवेश द्वार पर लगी लोहे की चेन को पकड़ा, उसमें अचानक विद्युत प्रवाह होने के कारण उसे जोरदार करंट लग गया।करंट लगते ही रजनी चीख पड़ी और जमीन पर गिर गई। उसकी आवाज सुनकर मंदिर में मौजूद श्रद्धालु और आसपास के ग्रामीण मौके पर दौड़ पड़े। लोगों ने



सावधानी बरतते हुए उसे करंट के प्रभाव से अलग किया और तत्काल उसके परिजनों को सूचना दी। इसके बाद परिजन और ग्रामीण उसे निजी वाहन से जिला अस्पताल लेकर पहुंचे।अस्पताल में चिकित्सकों ने युवती का प्राथमिक उपचार शुरू किया। डॉक्टरों के अनुसार उसकी हालत फिलहाल स्थिर बताई जा रही है, हालांकि उसे निगरानी में रखा गया है। घटना की जानकारी मिलने के बाद गांव में चर्चा का माहौल बना हुआ है।ग्रामीणों का कहना है कि मंदिर परिसर में कहीं न कहीं बिजली के तारों में लीकेज या अर्थिंग की समस्या हो सकती है, जिसके कारण लोहे की चेन में करंट उतर आया। उन्होंने संबंधित विभाग से मामले की जांच कराकर आवश्यक सुरक्षा इंतजाम करने की मांग की है, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं की पुन. रावृत्ति न हो और श्रद्धालुओं की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

## एक नजर

### शहर के वार्ड-पांच में बंदरों का आतंक, एक दिन में आधा दर्जन से अधिक लोगों को किया घायल



**मुरादाबाद।** शहर के वार्ड-5 में बंदरों का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है। आए दिन बंदरों के हमलों से स्थानीय लोग घायल हो रहे हैं। सोमवार को बंदरों ने एक ही दिन में आधा दर्जन से अधिक लोगों को काटकर घायल कर दिया, जिन्हें उपचार एवं एंटी-रेबीज वैक्सीन लगवाने के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।स्थानीय निवासी हरिओम ने बताया कि वह रात के समय अपने घर की छत पर सो रहे थे। इसी दौरान बंदरों के एक झुंड ने अचानक उन पर हमला कर दिया और उनके हाथ पर काट लिया। उन्होंने बताया कि क्षेत्र में बंदरों का आतंक इस कदर बढ़ चुका है कि लोग अपने घरों में भी खुद को सुरक्षित महसूस नहीं कर रहे हैं। घायलों में शामिल अर्जुन ने बताया कि सोमवार को भी कई लोगों को बंदरों ने अपना शिकार बनाया, जिसके बाद सभी को उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया गया।

क्षेत्रवासियों का कहना है कि यह कोई पहली घटना नहीं है, बल्कि पिछले लंबे समय से बंदरों के हमले लगातार जारी हैं। स्थानीय लोगों के अनुसार वार्ड-5 में अब तक करीब 80 से अधिक लोग बंदरों के हमलों का शिकार हो चुके हैं। इसके बावजूद समस्या का स्थायी समाधान नहीं हो पाया है। क्षेत्रवासियों ने नगर निगम और वन विभाग से बंदरों के आतंक से निजात दिलाने की मांग की है। उनका कहना है कि यदि जल्द कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई तो किसी बड़े हादसे से इंकार नहीं किया जा सकता।

### नाबालिग से अश्लील वीडियो बनाकर सोशाल मीडिया पर वायरल करने की धमकी देकर शारीरिक शोषण करने का आरोप, तहरीर

**ठाकुरद्वारा।** नगर के एक मोहल्ला में एक बेहद चौंकाने वाला और दिल दहला देने वाला मामला सामने आया है। यहां एक 16 साल की नाबालिग लड़की को पहले बहला-फुसलाकर प्रेमजाल में फंसाया गया, और फिर उसकी जिंदगी को नरक बना दिया गया। आरोपी ने न सिर्फ किशोरी का अश्लील वीडियो बनाया, बल्कि उसे सोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकी देकर महीनों तक उसका शारीरिक शोषण करता रहा। इस घिनौने खेल का पर्दाफाश तब हुआ जब पीड़िता किसी तरह आरोपी के चंगुल से भागकर अपने घर पहुँची और परिजनों को आपबीती सुनाई। दरअसल, इस पूरी घटना को लेकर पीड़ित पिता ने कोतवाली में लिखित शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस को दी गई तहरीर के अनुसार, आरोपी युवक जो पीड़िता के ही मोहल्ले का रहने वाला है। पीड़ित पिता जो कि एक बेहद गरीब मजदूर हैं और चाय का खोखा चलाकर अपने परिवार का गुजारा करते हैं, उन्होंने आरोपी के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस को सौंपे गए शिकायती पत्र के मुताबिक, यह पूरा मामला करीब चार महीने पहले शुरू हुआ था। युवक ने चाय की दुकान पर आने-जाने के दौरान पीड़ित पिता की 16 वर्षीय नाबालिग पुत्री को अपने झांसे में लिया। उसने किशोरी को दो मोबाइल फोन भी खरीद कर दिए ताकि वह उससे गुपचुप बातें कर सके।

### डीसीएम की टक्कर से महिला की मौत चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**ठाकुरद्वारा।** सुरजननगर-जसपुर मार्ग पर हुए सड़क हादसे में महिला की मौत के मामले में पुलिस ने डीसीएम चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। हादसे में महिला की उपचार के दौरान मौत हो गई थी।

कोतवाली क्षेत्र के ग्राम अमानताबाद दूल्हापुर निवासी जयपाल सिंह की तहरीर के अनुसार 25 मई को उनकी पत्नी धनवती (54) अपने छह वर्षीय धेवते शौर्य कुमार के साथ रिश्तेदारी से घर लौट रही थीं। वह जसपुर निवासी शमशाद के इलेक्ट्रिक ऑटो में सवार थीं। आरोप है कि सत्ती मठ के निकट सामने से आ रही डीसीएम के चालक ने तेज गति और लापरवाही से वाहन चलाते हुए ऑटो में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में धनवती और ऑटो चालक गंभीर रूप से घायल हो गए, जबकि बालक को मामूली चोटें आईं। दुर्घटना के बाद आरोपी चालक डीसीएम छोड़कर मौके से फरार हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों वाहनों को कब्जे में ले लिया था। गंभीर रूप से घायल धनवती को पहले सीएचसी ठाकुरद्वारा और बाद में हायर सेंटर रेफर किया गया। परिजन उन्हें काशीपुर के एक निजी अस्पताल ले गए, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पत्नी के निधन के बाद अंतिम संस्कार और अन्य आवश्यक कार्यों में व्यस्त रहने के कारण जयपाल सिंह तत्काल तहरीर नहीं दे सके। बाद में दी गई तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी डीसीएम चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### दहेज उत्पीड़न और जबरन गर्भपात कराने का आरोप, विवाहिता की मौत के बाद ससुरालियों पर मुकदमा दर्ज

**ठाकुरद्वारा।** विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत के मामले में पिता की तहरीर पर पुलिस ने पति समेत ससुराल पक्ष के कई लोगों के खिलाफ दहेज उत्पीड़न और अन्य गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। रामपुर जनपद के थाना टांडा क्षेत्र स्थित ग्राम सेंटाखेड़ा मझरा जल्लूसनगर निवासी देवदत्त ने कोतवाली में दी तहरीर में बताया कि उनकी पुत्री प्रियंका यादव का विवाह 22 फरवरी 2023 को ठाकुरद्वारा क्षेत्र के ग्राम मानावाला निवासी विकास कुमार के साथ हिंदू रीति-रिवाज से हुआ था। आरोप है कि विवाह के बाद पति विकास, सास प्रवेश देवी, ससुर राम सिंह तथा ननद सुरभि दहेज से संतुष्ट नहीं थे और स्कॉर्पियो कार व नकद धनराशि की मांग करते थे। तहरीर में कहा गया है कि मांग पूरी न होने पर प्रियंका के साथ मारपीट और मानसिक उत्पीड़न किया जाता था। वर्ष 2023 में पुत्री के जन्म के बाद कथित रूप से प्रताड़ना और बढ़ गई तथा उसे लड़का न होने के ताने भी दिए जाते थे। पीड़ित पिता ने आरोप लगाया कि दहेज की मांग पूरी न होने पर ससुराल पक्ष ने प्रियंका का एक बार पहले भी गर्भपात कराया था। वहीं 26 मई 2026 को काशीपुर के एक निजी अस्पताल में दोबारा गर्भपात कराने के बाद उसकी हालत गंभीर हो गई। अगले दिन प्रियंका ने फोन पर अपनी मां को पूरी घटना की जानकारी दी। परिजनों के अनुसार जब वे ससुराल पहुंचे तो प्रियंका वहां नहीं मिली। बाद में जानकारी मिलने पर वे अस्पताल पहुंचे और उसे बेहतर उपचार के लिए मुरादाबाद ले जाने लगे। आरोप है कि रास्ते में प्रियंका ने अपनी मां को पूरी आपबीती बताई। टीएमयू अस्पताल पहुं. चने पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। देवदत्त का आरोप है कि दहेज की मांग को लेकर जबरन गर्भपात कराए जाने और लगातार प्रताड़ना के कारण उनकी पुत्री की मौत हुई है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर पति समेत नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### झोलाछाप डॉक्टरों के भरोसे जच्चा बच्चा की जान, धड़ल्ले से हो रहे ऑपरेशन

**ठाकुरद्वारा।** क्षेत्र में झोलाछाप डॉक्टरों और बिना मान्यता वाले निजी क्लीनिकों में महिलाओं के प्रसव और ऑपरेशन किए जाने का मामला चर्चा का विषय बना हुआ है। आरोप है कि कई जगहों पर बिना विशेषज्ञ डॉक्टरों और जरूरी सुविधाओं के जच्चा-बच्चा के ऑपरेशन किए जा रहे हैं, जिससे मरीजों की जान खतरे में पड़ रही है। ग्रामीण क्षेत्रों और कस्बे में संचालित कुछ निजी क्लीनिकों में कम खर्च और जल्दी इलाज का झांसा देकर मरीजों को भर्ती किया जाता है। यहां प्रसव और ऑपरेशन किए जाते हैं, लेकिन हालत बिगड़ने पर मरीजों को बड़े अस्पतालों के लिए रेफर कर दिया जाता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि कई क्लीनिकों में न तो पर्याप्त चिकित्सा सुविधाएं हैं और न ही आपातकालीन स्थिति से निपटने की व्यवस्था, फिर भी खुलेआम ऑपरेशन किए जा रहे हैं। लोगों का आरोप है कि स्वास्थ्य विभाग को इसकी जानकारी होने के बावजूद प्रभावी कार्रवाई नहीं की जा रही है।

क्षेत्रवासियों ने स्वास्थ्य विभाग से ऐसे अवैध क्लीनिकों की जांच कर सख्त कार्रवाई की मांग की है। उनका कहना है कि समय रहते कार्रवाई नहीं हुई तो किसी भी समय बड़ा हादसा हो सकता है। वहीं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों का कहना है कि शिकायत मिलने पर जांच कर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

# रिश्तों का काला सौदा नाबालिग का सनसनीखेज आरोप, मां-बाप और मामा ने डेढ़ लाख में किया सौदा

**ठाकुरद्वारा।** मामला कोतवली क्षेत्र का सामने आया है एक ऐसा मामला जिसने इंसानियत और पारिवा. रिक रिश्तों पर कई बड़े सवाल खड़े कर दिए हैं।16 वर्षीय एक नाबालिग ने अपनी मां, पिता और मामा पर बेहद गंभीर आरोप लगाए हैं।नाबालिग का दावा है कि उसके साथ आए दिन मारपीट की जाती थी और उस पर जबरन शादी का दबाव बनाया जा रहा था।नाबालिग के मुताबिक, उसकी मां मीरा, पिता मनोज और मामा प्रेम सिंह ने कथित तौर पर डेढ़ लाख रुपये में उसका सौदा कर लिया था और उससे लगभग 40 वर्षीय व्यक्ति से शादी कराने की कोशिश की जा रही थी।लड़की का आरोप है कि जब उसने इसका विरोध किया तो उसे डराया-धमकाया गया, पीटा गया और लगातार दबाव बनाया गया। लड़की ने खुलासा किया कि उसके मामा प्रेम सिंह अपने साले के साथ उसकी शादी करना चाहते थे जबकि लड़की नाबालिक है।इन्हीं आरोपों के बीच नाबालिग घर छोड़कर निकल गई। रास्ते में उसकी मुलाकात आकाश नाम के युवक से हुई, जिसे उसने अपनी आपबीती बताई। लड़की का कहना है कि आक. ाश ने केवल उसकी मदद की और उसे अपने घर ले गया। बाद में संपर्क होने पर परिजन उसे वापस घर ले गए, लेकिन नाबालिग का आरोप है कि वहां लौटने के बाद भी उसके साथ वही व्यवहार जारी रहा। उसके मामा ने उसे पर दबाव बनाया बदतमीजी की और उसके साथ अभद्र व्यवहार किया।इतना ही नहीं, नाबालिग का आरोप है कि उसके मामा प्रेम सिंह और उनके साले ने नाबालिक के साथ दुष्कर्म किया। अब नाबालिग का साफ कहना है कि वह अपने घर वालों के साथ नहीं रहना चाहती, चाहे उसे नारी निकेतन ही क्यों न जाना पड़े, क्योंकि उसे अपनी सुरक्षा को लेकर डर है। इस मामले में आकाश पर भी शिकायत की गई है, जबकि लड़की का कहना है कि उसका इस पूरे प्रकरण से कोई लेना-देना नहीं, उसने सिर्फ मदद की। ये सिर्फ एक परिवार का मामला नहीं बल्कि समाज के सामने खड़ा एक बेहद गंभीर सवाल है।क्या एक बेटी को अपने ही घर से डरकर भागना पड़ेगा,क्या रिश्तों की आड़ में दबाव, हिंसा और शोषण के आरोप यूं ही सामने आते रहेंगे? और सबसे बड़ा सवाल क्या नाबालिग को इंसाफ और सुरक्षा मिल पाएगी, फिलहाल ये सभी आरोप हैं, जिनकी जांच और सच्चाई सामने लाना पुलिस और प्रशासन की जिम्मेदारी है।नाबालिग ने अपने घर वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

# पानी पूरी पैर पर गिरने के बाद बारातियों और घरातियों में चले जमकर लात घूंसे

**कांठ ( शाह टाइम्स )** पानी पूरी पैर पर गिरने के बाद घराती और बारा. तियों में लात घुसे चल पड़े मामला थाने पहुंचा लेकिन बाद में कुछ लोगों ने दोनों पक्षों में समझौता कर दिया। बताया गया कि कांठ के बैंकट हॉल में स्योहारा के पास से एक बारात आई थी जिसमें घराती और बाराती एक साथ खाना खा रहे थे। दुल्हन का ममेरा भाई पानी पुरी का आनंद ले रहा था। उसके हाथ से पानी पूरी छूट कर एक बाराती के पैर पर गिर पड़ी जिससे वह नाराज हो गया उसने उसके चपत मार दिया। इस बात का पता लड़की के दूसरे भाई को चला तो उसने इस पर नाराजगी जताई बताया गया कि बाराती ने उसके भी चपत मार दिया और फिर दोनों ओर से जमकर लात घुसे चलने लगे। बारात घर में इसे लेकर अफरा तफरी मच गई एक पक्ष थाने पहुंच गया जबकि हमला करने वाले वहां से फरार हो गए बाद में दोनों पक्षों के लोगों को बुलाकर गणमान्य व्यक्तियों ने फैसला करा दिया। मगर इस बात को लेकर आज दिनभर चर्चा होती रही।



**घरेलू हिंसा से महिलाओं का संरक्षण नियम** 2006

प्रारूप 7 (नियम 11 (1) देखें)

घरेलू हिंसा से महिला संरक्षण अधिनियम 2005 की धारा 13 (1) के अधीन हाजिर होने के लिए सूचना

**न्यायालय श्रीमान**

**JD/FTC/CAW महोदय जिला रामपुर**

शीतल यादव .......परिवादी

**बनाम**

संजीव कुमार यादव उर्फ सन्जू आदि .......प्रत्यर्थी

**प्रेषित**

(1) श्री संजीव कुमार यादव उर्फ सन्जू पुत्री स्व.चन्द्रकेश निवासी मोहल्ला गणेश कालोनी गली नं.6 बी चन्दोसी जिला सम्भल (उ.प्र.)

(2) मुनीष पुत्र भूरे सिंह निवासी ग्राम मोहर्रा थाना बेहटा फैजगंज जिला बदायूँ (यू.पी.)

(3) श्रीमती अनीता पत्नी मुनीष निवासी ग्राम मोहर्रा थाना बेहटा फैजगंज जिला बदायूँ (यू.पी.)

याची ने घरेलू हिंसा से महिला संरक्षण अधिनियम 2005 (2005 का 43) की धारा 12 घरेलू हिंसा के अधीन आवेदन फाइल किया है/ किए हैं.

आपको यह कारण बताने के लिए कि क्यों न आवेदक द्वारा मांगे गए अनुतोष (अनुतोषी) को आपके विरुद्ध प्रदान कर दिया जाए व्यक्तिगत रूप से या इस न्यायालय द्वारा सम्यक्र रूप से प्राधिकृत काउंसेल के मार्फत तारीख 4 मास 6/2026 को 10:00 बजे पूर्वाहन/अपराहन में इस न्यायालय के समक्ष हाजिर होने का निर्देश दिया जाता है, इसमें असफल होने पर न्यायालय एक पक्षीय कार्रवाई करेगा।

मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा के अधीन तारीख 1/6/2026 को दी गई।

**न्यायालय श्रीमान**

**JD/FTC/CAW महोदय जिला रामपुर**

# सपा संगठन में युवा कार्यकर्ता फैसल को मिली जिला सचिव की जिम्मेदारी

**ठाकुरद्वारा।** नगर निवासी फैसल सैफी को समाजवादी पार्टी में जिला सचिव मनोनीत किए जाने पर क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई। सोमवार को ठाकुरद्वारा के सपा विधायक नवाब जान ने उन्हें मनोनयन पत्र सौंपकर बधाई दी और उज्ज्वल राजनीतिक भविष्य की शुभकामनाएं दीं। समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष जयवीर सिंह यादव द्वारा जारी मनोनयन पत्र में फैसल सैफी को जिला मुरादाबाद का जिला सचिव नियुक्त किया गया है। पार्टी नेतृत्व ने उनकी सक्रियता, संगठन के प्रति समर्पण और जनसंपर्क को देखते हुए यह जिम्मेदारी सौंपी है। इस अवसर पर विधायक नवाब जान ने कहा कि समा. जवादी पार्टी युवाओं और मेहनती कार्यकर्ताओं को लगातार आगे बढ़ाने का कार्य कर रही है। उन्होंने विश्वास जताया कि फैसल सैफी पार्टी संगठन को मजबूत करने और जनहित के मुद्दों को उठाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। फैसल सैफी ने पार्टी नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी गई है, उसका वह पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ निर्वहन करेंगे। उन्होंने कहा कि पार्टी की नीतियों को घर-घर तक पहुंचाने और संगठन को मजबूत बनाने के लिए निरंतर कार्य करेंगे। इस दौरान विधान सभा अध्यक्ष नवीन यादव, जिला उपाध्यक्ष राकेश दानव , नगर अध्यक्ष इरफान अंसारी पूर्व नगर पालिका चेयरमैन रफीक सैफी , सभासद आसिफ सैफी, सभासद समीउल्ला खान ,सभासद साहिल खान ,इरफान सैफी, जावेद सैफी, मुमताज सैफी सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।



# स्ट्रीट लाइट ठीक करने खंभे पर चढ़ा सभासद वीडियो वायरल

## नगर पंचायत कुन्दरकी पर लगाया लापरवाही का आरोप कहा कर्मचारी नहीं सुनते

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कुन्दरकी।** मुरादाबाद जनपद की नगर पंचायत कुंदरकी के वार्ड



संख्या 7 के सभासद नदीम उर्फ भोला का एक वीडियो इन दिनों सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो में सभासद चलती विद्युत लाइन पर चढ़कर अपने वार्ड की खराब स्ट्रीट लाइट को ठीक करते हुए दिखाई दे रहे हैं। वीडियो सामने आने के बाद क्षेत्र में इसकी चर्चा शुरू हो गई है। इस संबंध में पूछे जाने पर सभासद नदीम उर्फ भोला ने नगर पंचायत



प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि वार्ड की खराब स्ट्रीट लाइटों को ठीक कराने के लिए कई बार नगर पंचायत में शिकायत की गई, लेकिन कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई। उनका आरोप है कि नगर पंचायत कर्मचारियों और अधिकारियों द्वारा जनप्रतिनिधियों की शिकायतों को भी गंभीरता से नहीं लिया जा रहा है। सभासद ने कहा कि क्षेत्रवासियों को अंधेरे और परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। बार-बार शिकायत करने के बावजूद समस्या का समाधान नहीं हुआ, जिसके चलते उन्हें स्वयं जोखिम उठाकर स्ट्रीट लाइट ठीक करनी पड़ी। उन्होंने कहा कि नगर पंचायत के कर्मचारी एक कान से सुनते हैं और दूसरे कान से निकाल देते हैं। वहीं, सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो से नगर पंचायत प्रशासन की खूब आलोचना हो रही है।

## बेदखली सूचना

मैंने अपने पुत्र मोहम्मद यूसुफ को उसके गलत चाल चलन के कारण अपनी चलअचल संपत्ति से बेदखल करते हुए उससे संबंध विच्छेद कर लिए हैं। उसके किसी कृत्य से मेरा और बाकी परिवार का कोई वास्ता नहीं होगा।

**मुन्नी खातून पत्नी बसारत हुसैन, निवासी मुख्यियारपुर नवादा, तहसील कांठ, जिला मुरादाबाद।**

## बेदखली सूचना

मैंने अपनी पुत्री कु0 आंकाक्षा पुत्री दिनेश कुमार को उसके गलत आचरण व गलत संगत में पड़ने के कारण अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखलकर सामाजिक व पारिवारिक सम्बन्ध विच्छेद कर लिए है। भविष्य में कु0 आंकाक्षा के द्वारा किए गए किसी भी कृत्यों/लेनदेन व मुकदमें बाजी के लिए वह स्वंय जिम्मेदार होगी। आज के बाद मेरा व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई ताल्लुक व वास्ता नहीं होगा। दिनेश कुमार पुत्र श्री कृपाल सिंह निवासी ग्राम मिलक ताजपुर माफी, थाना कटघर, तहसील व जिला मुरादाबाद।

# चार जून की रालोद महारैली को सफल बनाने के लिए गांव-गांव जनसंपर्क अभियान तेज

**ठाकुरद्वारा।** राष्ट्रीय लोकदल (रालोद) की 4 जून को नगर के सनातन धर्म हिंदू इंटर कॉलेज मैदान में आयोजित होने वाली विशाल महारैली को सफल बनाने के लिए पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं ने जनसंपर्क अभियान तेज कर दिया है। पूर्व विधायक विजय यादव, कैबिनेट मंत्री एवं उत्तर प्रदेश प्रभारी मंत्री अनिल कुमार



तथा पार्टी पदाधिकारी क्षेत्र के गांव-गांव जाकर जनसभाएं कर लोगों से रैली में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने की अपील कर रहे हैं। ज्ञात हो कि लगभग एक माह पूर्व पूर्व विधायक विजय यादव ने राष्ट्रीय लो. कदल की सदस्यता ग्रहण की थी। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी जयंत सिंह के समक्ष सदस्यता लेने के दौरान उन्होंने क्षेत्र में पार्टी का जनाधार मजबूत करने और रालोद की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से एक विशाल रैली आयोजित करने का प्रस्ताव रखा था, जिसे राष्ट्रीय अध्यक्ष ने स्वीकृति प्रदान की थी। इसी क्रम में 4 जून को आयोजित होने वाली महारैली की तैयारियां जोरों पर हैं। पूर्व विधायक विजय यादव, उनके पुत्र अजय यादव, संजय यादव तथा समर्थक लगातार ग्रामीण क्षेत्रों में जनसंपर्क कर रहे हैं। वे लोगों को राष्ट्रीय लोकदल की नीतियों और कार्यक्रमों की जानकारी देते हुए रैली में भाग लेने का आह्वान कर रहे हैं। वहीं कैबिनेट मंत्री अनिल कुमार, रालोद जिलाध्यक्ष मनोज चौधरी एवं अन्य पार्टी पदाधिकारी भी जनसभाओं के माध्यम से लोगों को पार्टी की विचारधारा से अवगत करा रहे हैं। सोमवार को मंत्री अनिल कुमार, जिलाध्यक्ष मनोज चौधरी तथा पूर्व विधायक विजय यादव ने बैरमपुर सहित कई गांवों में जनसभाएं आयोजित कर ग्रामीणों से 4 जून की महारैली में पहुंचकर इसे ऐतिहासिक बनाने की अपील की। इस अवसर पर शाहबुद्दीन अंसारी, सलीम अहमद एडवोकेट सहित बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता एवं समर्थक मौजूद रहे। रालोद नेताओं का दावा है कि यह महारैली क्षेत्र की अब तक की सबसे बड़ी राजनी. तिक सभाओं में शामिल होगी।

# आईएफटीएम विश्वविद्यालय में 'विश्व पर्यावरण दिवस' पूर्व अभियान के तहत वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** आईएफटीएम विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ एग्रीकल्चरल साइंसेज एंड इंजीनियरिंग द्वारा शासन के निर्देशानुसार 'विश्व पर्यावरण दिवस' पूर्व अभियान और 'मिशन लाइफ गतिविधियां' के अंतर्गत वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय के कुलसचि. चव डॉ. संजीव अग्रवाल ने पौधा रोपित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि पर्यावरण की सुरक्षा केवल सरकार या किसी एक संस्था की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि यह प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है।

बढ़ते प्रदूषण, जलवायु परिवर्तन और वनों की कटाई से प्रकृति का संत. ुलन प्रभावित हो रहा है। उन्होंने विद्यार्थियों से अधिक से अधिक पौधे लगाने, जल संरक्षण करने तथा प्लास्टिक के उपयोग को कम करने का आह्वान किया। प्रतिकुलपति-एकेडमिक्स एंड एडमिनिस्ट्रेशन डॉ. वैभव त्रिवेदी ने कहा कि वृक्षारोपण केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि कार्बन अवशोषण, वायु गुणवत्ता सुधार एवं पारिस्थितिकीय संतुलन बनाए रखने का प्रभावी माध्यम है। उन्होंने विद्यार्थियों एवं शिक्षकों से पर्यावरण संरक्षण के लिए नवाचार आधारित तकनीकों को अपनाने तथा हरित परिसर निर्माण में सक्रिय योगदान देने का आह्वान किया। एसएएसई के निद. ेशक डॉ. वीरेन्द्र सिंह ने कहा कि वृक्ष मानव जीवन का आधार हैं और एक पेड़ अनेक लोगों को स्वच्छ वायु प्रदान करता है। उन्होंने सभी प्रतिभागियों को पर्यावरण संरक्षण की शपथ दिलाई। एनएसएस इकाई के समन्वयक डॉ. बी. के. सिंह ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को प्रकृति के संरक्षण के लिए सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए। कार्यक्रम संयोजक डॉ. रमेश पाल ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण को दैनिक आदत का हिस्सा बनाने का संकल्प लेना चाहिए।कार्यक्रम के दौरान आम, अमरूद आदि फलों के पौधों का रोपण किया गया। आयोजन में डॉ. विशाल गंगवार, डॉ. शुभम गुप्ता समेत स्कूल के अन्य शिक्षकों का सहयोग रहा।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं दीपक काम्पलैक्स, पारकर कॉलेज रोड, मुरादाबाद से प्रकाशित।

**सम्पादक**

**एस.एन. राना**

*कार्यकारी सम्पादक

**आनन्द बत्रा 'सुमन'**

☎ 0591-2313314

मुख्यालय:

मोबाइल-9720007290

R.N.I. No. UPHIN/2003/10263

**www.shahtimesnews.com**

email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# वैभव सूर्यवंशी को मिली ऑरेंज कैप

■ आईपीएल 2026 के मोस्ट वैल्युबल खिलाड़ी के साथ ही जीते पांच अवॉर्ड



**अहमदाबाद, वार्ता।** राजस्थान रॉयल्स के सलामी बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 के एमवीपी और इमर्जिंग प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट के पुरस्कार से नवाजा गया। इसके साथ ही वह एक ही सीजन में यह दोनों पुरस्कार जीतने वाले पहले खिलाड़ी बन गए। इसके अलावा 16 मुकाबलों में 776 रन बनाने के साथ ही ऑरेंज कैप भी उन्हें हासिल हुई।

रविवार रात रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने गुजरात टाइटंस को हराकर लगातार दूसरी बार आईपीएल का खिताब अपने नाम किया। मुकाबले के बाद हुए पुरस्कार वितरण समारोह में वैभव सूर्यवंशी को इन पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इस टूर्नामेंट में सूर्यवंशी ने 237.30 के बेहतरीन स्ट्राइक रेट से बन बनाए। उन्होंने 72 छक्के लगाए और ऐसा करते हुए उन्होंने एक सीजन में क्रिस गेल (59) के सर्वाधिक छक्कों का रिकॉर्ड तोड़ दिया। सूर्यवंशी के प्रदर्शन ने राजस्थान रॉयल्स को प्लेऑफ में पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई। न्यू चंडीगढ़ में खेले गए क्वालीफायर-2 में उन्हें गुजरात टाइटंस के हाथों हार झेलनी पड़ी।

ऑरेंज कैप की सूची में दूसरे स्थान पर गुजरात टाइटंस के कप्तान शुभमन गिल थे जिन्होंने 732 रन बनाए, वहीं उनके सलामी जोड़ीदार साई सुदर्शन ने 722 रन के साथ सीजन समाप्त किया। पर्पल कैप की रेस में सबसे आगे कगिसो रबाडा रहे जिन्होंने 17 मुकाबलों में 9-86 की इकॉनमी से सर्वाधिक 29 विकेट हासिल किए। भुवनेश्वर कुमार ने फाइनल में गुजरात टाइटंस के खिलाफ दो विकेट हासिल कर पर्पल कैप हासिल कर लिया था क्योंकि उनकी इकॉनमी रबाडा से बेहतर थी। हालांकि रबाडा दूसरी पारी में देवदत्त पड़िक्कल का विकेट लेकर भुवनेश्वर से आगे निकल गए। भुवनेश्वर ने 16 मुकाबलों में 7.95 की इकॉनमी से 28 विकेट हासिल किए, जो कि एक सीजन में किसी भारतीय गेंदबाज द्वारा लिए गए संयुक्त तौर पर दूसरे सर्वाधिक विकेट हैं। रबाडा ने दूसरी बार पर्पल कैप जीता। वह दो पर्पल कैप जीतने वालों की श्रेणी में शामिल हो गए जिसमें ड्वेन ब्रावो, भुवनेश्वर और हर्षल मौजूद हैं।

## अगले आईपीएल सीजन में भी बेहतर प्रदर्शन करने का प्रयास करूंगा: सूर्यवंशी

**अहमदाबाद, वार्ता।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 में इमर्जिंग प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट और सबसे बहुमूल्य खिलाड़ी का पुरस्कार जीतने वाले राजस्थान रॉयल्य (आरआर) के सलामी बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी ने कहा कि वह अगले सीजन भी बेहतर प्रदर्शन करने का पूरा प्रयास करेंगे। पुरस्कार प्राप्त करने के बाद सूर्यवंशी ने कहा कि काफी अच्छा लग रहा है लेकिन इस समय मैं दबाव में हूं क्योंकि इंटरव्यू के लिए आया हूं।

मैं अगले साल भी बेहतर प्रदर्शन करने की प्रयास करुंगा। अब मैं दूध नहीं पीता हूं (हंसते हुए)। मैं अपने गेम पर भरोसा जताता हूं और मैं सोचता हूं कि अगर पहली गेंद को हिट कर सकता हूं तो फिर ऑल आउट हिट के लिए जा सकता हूं। सूर्यवंशी ने यह तो बताया ही कि उन्हें इस सीजन क्या सीखने को मिला लेकिन उन्होंने यह भी कहा कि वह अपनी फिटनेस पर काम करेंगे और चोट से बचने का पूरा प्रयास करेंगे।

उन्होंने ने कहा कि मैंने यह सीखा है कि आप हमेशा आक्रमण नहीं कर कर सकते हैं। आपको दबाव में खेलना होता है और परिस्थितियों और टीम के हिंसाब से भी खेलना होता है। मुझे अपनी फिटनेस पर काम करना होगा और चोट से बचना होगा। उल्लेखनीय है कि सूर्यवंशी ने इस सीजन 237-30 के बेहतरीन स्ट्राइक रेट से बन बनाए। उन्होंने 72 छक्के लगाए और ऐसा करते हुए उन्होंने एक सीजन में क्रिस गेल (59) के सर्वाधिक छक्कों का रिकॉर्ड तोड़ दिया। सूर्यवंशी के प्रदर्शन ने राजस्थान रॉयल्स (आरआर) को प्लेऑफ में पहुंच. ाने में अहम भूमिका निभाई।

# मध्यमक्रम ने कोहली को खुलकर खेलने की दी आजादी: वरुण



**अहमदाबाद, वार्ता।** पूर्व भारतीय क्रिकेट वरूण ऐरन का मानना है कि रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के भरोसेमंद मध्यमक्रम के कारण स्टार बल्लेबाज विराट कोहली खुलकर खेल पाए।

ईएसपीएन टाइम आउट कार्यक्रम के दौरान ऐरन ने यह बात कही। कार्यक्रम में लखनऊ सुपर जायंट्स के ग्लोबल डायरेक्टर ऑफ क्रिकेट में टॉम मूडी ने कहा कि कोहली ने मैच में अपनी बल्लेबाजी का आनंद लिया। वहीं वरुण ऐरन का मानना है कि इसकी मुख्य वजह रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) का मजबूत मध्यक्रम है। उनके अनुसार, वह ज्यादा आनंद इसलिए ले पा रहे हैं क्योंकि उनके पास भरोसेमंद मध्य क्रम है, जिसने कोहली को खुलकर खेलने की आजादी दी है। मूडी कहा कि इस साल कोहली के बारे में जो बात मुझे सबसे अलग लगती है, वह यह है कि वह बल्लेबाजी करते हुए वह इसका लुत्फ उठा रहे हैं। मुझे लगता है कि पिछले कुछ वर्षों में वह बल्लेबाजी को एक बिजनेस की तरह ले रहे थे। वह उस बिजनेस को बस संभाल रहे थे। लेकिन इस सीजन में मुझे ऐसा खिलाड़ी दिखा, जो सब कुछ छोड़कर सिर्फ खेल का लुत्फ उठा रहा है। उनकी प्रतिभा और क्लास की वजह से हर चीज बेहतर हो रही है, बाउंड्री, स्ट्राइक रेट, सब कुछ, क्योंकि उनके पास परफेक्ट गेम है। उन्होंने खुद को खुला छोड़ दिया है और वह लुत्फ उठा रहे हैं। इसका फायदा सभी को हो रहा है, आरस. ीबी को भी, प्रशंसकों को और खेल को भी।

ऐरन का तर्क है कि बदलाव केवल कोहली में नहीं, बल्कि आरसीबी की बल्लेबाजी क्रम में भी आया है। लंबे समय तक आरसीबी की बल्लेबाजी क्रिस गेल, एबी डिविलियर्स और को. हली पर बहुत ज्यादा निर्भर रही। लेकिन अब रजत पाटीदार और देवदत्त पडिक्कल ऊपरी मध्यक्रम में, टिम डेविड और क्रुणाल पंड्या मध्यक्रम में और ऊपरी क्रम में फिल सॉल्ट व वेंकटेश अ"यर जैसे खिलाड़ियों के प्रभावशाली योगदान के कारण कोहली पर बोझ कम हो गया है। ऐरन ने कहा कि अब उन्हें पता है कि अगर वह आउट भी हो जाए तो दूसरे बल्लेबाज मौजूद हैं। हमने पावरप्ले में उनके इंटेंट की बात की है, लेकिन उनका फॉल्स-शॉट प्रतिशत भी बेहद ऊंचा है। यह 30 प्रतिशत से ऊपर के आसपास है। 24.82 प्रतिशत पिछले दस सीजन में सिर्फ दो बार इससे अधिक रहा है।

**खेल विशेष**

### ऑस्ट्रेलिया फीफा विश्वकप में लगातार छठी बार लेगी हिस्सा

**सिडनी, वार्ता।** ऑस्ट्रेलिया की फुटबॉल टीम 11 जून से शुरु होने वाले फीफा विश्वकप 2026 में लगातार छठी बार हिस्सा लेगी। ऑस्ट्रेलियाई टीम क्वालिफाइंग ग्रुप में जापान के बाद दूसरे स्थान पर रही थी। पिछली बार, कतर 2022 में,ऑस्ट्रेलिया की फुटबॉल टीम, जिसे सॉकरूज के नाम से भी जाना जाता है ने राउंड ऑफ 16 में पहुंचकर विश्वकप में अपना अब तक का सबसे अच्छा प्रदर्शन दोहराया था। वहा, ऑस्ट्रेलिया को बाद में चैंपियन बनी टीम अर्जेंटीना के हाथों 2-1 से करीबी हार का सामना करना पड़ा था, लेकिन इस बार कनाडा, मेक्सिको और अमेरिका में होने वाले टूर्नामेंट में वे और भी बेहतर प्रदर्शन करने की उम्मीद करेंगे।

### गुलजार की तूफानी पारी से भवानी यूथ क्रिकेट क्लब की शानदार जीत

**नई दिल्ली, वार्ता।** भवानी यूथ क्रिकेट क्लब ने शानदार बल्लेबाजी का प्रदर्शन करते हुए फ्रेंड्स क्रिकेट क्लब को 8 विकेट से हराकर 51वें अखिल भारतीय गोस्वामी गणेश दत्त मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट (रजि-) के ग्रुप 'सी ' मुकाबले में यादगार जीत दर्ज की। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए फ्रेंड्स क्रिकेट क्लब ने 20 ओवर में 6 विकेट के नुकसान पर 167 रन बनाए। टीम की ओर से देव मेहरा ने शानदार संघर्षपूर्ण पारी खेलते हुए 53 गेंदों पर नाबाद 83 रन बनाए, जिसमें 12 चौके और 2 छक्के शामिल थे। उनकी इस बेहतरीन पारी ने टीम को सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई। प्रिस मेहरा (29 रन) और मानव (25 रन) ने भी उपयोगी योगदान दिया।

### महाकाल का आशीर्वाद लेकर मैच की तैयारी में जुटी उज्जैन फाल्कन्स

**(मध्य प्रदेश), वार्ता।** उज्जैन फाल्कन्स ने मध्य प्रदेश लीग (एमपीएल) टी20 सिंधिया कप 2026 में अपने अभियान की शुरुआत से पहले यहां स्थित पवित्र महाकालेश्वर मंदिर में भगवान महाकाल के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। टीम के खिलाड़ी, कोचिंग स्टाफ, सहयोगी सदस्य और फ्रेंचाइजी प्रतिनिधि एक साथ मंदिर पहुंचे और आगामी सीजन के लिए भगवान महाकाल का आशीर्वाद लिया। माधव तिवारी जैसे आईपीएल अनुभवी खिलाड़ी और युवा प्रतिभाओं से सुसज्जित फ्रेंच. इजी को लेकर प्रशंसकों में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। दिल्ली कैपिटल्स के लिए आईपीएल 2026 में प्रभावशाली प्रदर्शन करने वाले माधव से टीम और मजबूती मिली है।

# 2026 एशियाई खेलों से पहले टॉप्स डेवलपमेंट ग्रुप में 22 रोअर्स शामिल

**नई दिल्ली, वार्ता।** मिशन ओलंपिक सेल (एमओसी) ने अपनी 174वीं बैठक में, 2026 एशियाई खेलों (आइची-नागोया में होने वाले) और अन्य आने वाले प्रतियोगिताओं से पहले, कई रोअर्स को टारगेट ओलंपिक पोडियम स्कीम (टॉप्स) डेवलपमेंट ग्रुप में शामिल किया है। यह लिस्ट सालाना राट्रीय चयन ट्रायल्स और रोइंग फेडरेशन ऑफ इंडिया (आरएफआई) द्वारा क्रू को अंतिम रूप दिए जाने के बाद तैयार की गई है। अब कुल 22 रोअर्स छह अलग-अलग नावों में टॉप्स डेवलपमेंट ग्रुप का हिस्सा हैं। यह क्रू अब रोइंग से जुड़े बड़े अंतर्राट्रीय मुकाबलों, जिनमें एशियाई खेल और विश्व कप सर्किट शामिल हैं,

के लिए तैयारी करेगा। शामिल किए गए प्रमुख नामों में पेरिस 2024 ओलंपियन बलराज पंवार, एशियाई खेल 2022 के रजत पदक विजेता अरविंद सिंह, एशियाई खेल 2022 के दोहरे पदक विजेता जसविदर सिंह और अन्य शामिल हैं। इन 22 रोअर्स को अलग-अलग नावों के ग्रुप में बांटा गया है, जिनमें पुरुों की एकल स्कल्स (एम1एक्स), पुरुों की युगल स्कल्स (एम 2 एक्स), पुरुों की क्वाड्रपल स्कल्स (एम 4 एक्स), लाइटवेट पुरुों की युगल स्कल्स (एलएम 2 एक्स), पुरुों की कॉक्स्ड एट (एम 4-) और महिलाओं की कॉक्सलेस फोर्स (डब्ल्यू 4-) शामिल हैं। जहां शामिल किए गए ज्यादातर एथलीट्स को सीधे तौर पर 2026 एशियाई खेलों के चक्र पर ध्यान केंद्रित करते हुए तैयार किया जा रहा है। इन कई भारतीय रोअर्स को टॉप्स डेवलपमेंट ग्रुप में शामिल करना, केवल व्यक्तिगत पदक की संभावनाओं पर ध्यान केंद्रित करने के बजाय, कई नाव श्रेणियों में एक स्थाई बेंच स्ट्रेंथ बनाने का एक और प्रयास है। चूंकि भारत 2030 में राट्रमंडल खेलों के शताब्दी संस्करण की मेजबानी करने वाला है।

# सिंगापुर ओपन में ऐतिहासिक जीत पर सात्विक-चिराग को बधाई दी



**हैदराबाद, वार्ता।** तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए- रेवंत रेड्डी ने भारतीय बैडमिंटन सितारों सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी को प्रतिठित सिंगापुर ओपन सुपर 750 टूर्नामेंट में पुरुों का युगल खिताब जीतने पर बधाई दी है। सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में, मुख्यमंत्री ने इस भारतीय जोड़ी की ऐतिहासिक उपलब्धि की सराहना की।

इस जोड़ी ने फाइनल में दुनिया की नंबर 3 इंडोनेशियाई जोड़ी को एक शानदार वापसी करते हुए हराया था। रेवंत रेड्डी ने कहा कि सात्विक और चिराग सिंगापुर ओपन का खिताब जीतने वाली पहली भारतीय डबल्स जोड़ी बन गए हैं, और उन्होंने इसे भारतीय बैडमिंटन के लिए एक गर्व का क्षण बताया।

# आईपीएल में लगातार तीसरी बार ट्रॉफी जीतने पर होगा अब सारा फोकस: पाटीदार

■ गुजरात टाइटंस को हराकर सोमवार तड़के करीब एक बजे आईपीएल ट्रॉफी के साथ संवाददाता सम्मेलन में पहुंचे पाटीदार



**अहमदाबाद, वार्ता।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के कप्तान रजत पाटीदार ने हम जीत का जश्न माना रहे लेकिन हमारा ध्यान अब इस बात पर है कि इस लगातार तीसरी बार यह कैसे किया जाए। गुजरात टाइटंस को हराकर सोमवार तड़के करीब एक बजे आईपीएल ट्रॉफी के साथ संवाददाता सम्मेलन में पहुंचे पाटीदार के चेहरे पर एक बड़ी मुस्कान थी।

जो व्यक्ति आमतौर पर अपनी भावनाएं ज्यादा जाहिर नहीं करता, उसके लिए यह मुस्कान किसी भी शब्द से अधिक कह रही थी। उनके बगल में रखी ट्रॉफी को बीच-बीच में देखना और उसे महसूस करना उस कप्तान की संतुटि को दिखा रहा था। इस पल को और भी खास बनाने वाली बात इसका समय था। यह उनका 33वां जन्मदिन भी था। उन्होंने कहा कि मैं बहुत अच्छा महसूस कर रहा हूं, यह शानदार एहसास है। आज मेरा जन्मदिन है और इससे बेहतर तोहफा नहीं हो सकता। मैं ऐसा इंसान हूं, जो हमेशा वर्तमान में जीने पर ध्यान देता है। हमने लगातार दो खिताब जीते हैं, इसका जश्न मनाएंगे, लेकिन अब ध्यान इस बात पर होगा कि लगातार तीसरी बार यह कैसे किया जाए। इससे बेहतर कुछ नहीं हो सकता। जब आप ट्रॉफियां जीतते हैं, तो व्यक्तिगत प्रदर्शन नहीं देखते। इससे बड़ा कुछ नहीं है। जब उनसे दोनों खिताबी सफर की तुलना करने को कहा गया, तो पाटीदार को लगा कि 2026 का खिताब कहीं न कहीं पहले से तय सा लग रहा था, क्योंकि लीग चरण में टीम का दबदबा साफ दिखाई दिया था। उन्होंने कहा, पिछले साल काफी दबाव था इस साल मैं ज्यादा शांत था। पूरे टूर्नामेंट में हमने सिर्फ खेला नहीं, बल्कि दबदबा बनाया। मुझे भरोसा था कि अगर हम इसी तरह खेलते रहे तो आरसीबी के लिए दूसरा खिताब जीत सकते हैं। कप्तान के तौर पर मैं बहुत ज्यादा भावनाएं जाहिर नहीं करता, लेकिन साथ ही मैच की परिस्थितियों को समझता हूं। बेशक आपको समर्थन की जरूरत होती है और मुझे टीम प्रबंधन व खिलाड़ियों से भरपूर समर्थन मिला। जिन चीजों पर उन्होंने सबसे ज्यादा मेहनत की, उनमें बल्लेबाजी और कप्तानी को अलग-अलग रखना शामिल था। बल्लेबाजी की तैयारी उन्होंने ऑफ-सीजन में दिनेश कार्तिक के साथ की थी, जिसका शानदार नतीजा सीजन के दौरान देखने को मिला। पाटीदार ने 192-69 के स्ट्राइक रेट से 501 रन बनाए। 2021 में डेब्यू के बाद किसी एक सीजन में यह उनका सर्वश्रेठ प्रदर्शन रहा। उन्होंने कहा कि मैंने कप्तान और बल्लेबाज दोनों भूमिकाओं में बहुत कुछ सीखा। मैं इस बात पर ध्यान देता हूं कि बल्लेबाजी के लिए खुद को कितना समय देता हूं। सीजन से पहले मैंने नेट्स में काफी समय बिताया केवल मैं और गेंदबाज। दिनेश कार्तिक भाई के साथ मेरी काफी बातचीत हुई।

# ऑस्ट्रेलिया की फीफा विश्व कप टीम में वोल्पाटो को मिली जगह

**सिडनी, वार्ता।** फुटबॉल ऑस्ट्रेलिया ने सोमवार को 2026 फीफा विश्व कप के लिए अपनी टीम का की घोाणा कर दी है इस टीम में 17 ऐसे खिलाड़ी शामिल हैं जो पहली बार विश्व कप खेल सकते हैं और दो ऐसे खिलाड़ी हैं जिन्होंने अभी तक कोई अंतर्राट्रीय मैच नहीं खेला है।

चयनकर्ताओं ने टीम में इटली में रहने वाले अटैकिंग प्लेमेकर क्रिस्टियन वोल्पाटो को भी शामिल किया गया है। वोल्पाटो ने अंतर्राट्रीय स्तर पर इटली के बजाय ऑस्ट्रेलिया की तरफ से खेलने का फैसला किया है और वह वर्ल्ड कप में अपना पहला सीनियर अंतर्राट्रीय मैच खेलने के लिए तैयार हैं। 22 साल के वोल्पाटो का जन्म ऑस्ट्रेलिया में हुआ था, लेकिन उन्होंने यूथ इंटरनेशनल स्तर पर इटली की तरफ से खेला था। टीम में उनके साथ ऐसे स्ट्राइकर टेटे एंगी भी शामिल हैं, जिन्होंने अभी तक कोई अंतर्राट्रीय मैच नहीं खेला है और जो जापान में क्लब फुटबॉल खेलते हैं। विश्व कप में टीम की कप्तानी गोलकीपर मैट रयान और विगर मैथ्यू लेकी करेंगे। ए दोनों सॉकरूस के तीसरे और चौथे ऐसे खिलाड़ी बन जाएंगे जो चार वर्ल्ड कप में खेलेंगे। हेड कोच टोनी पोपो. विक ने एक बयान में कहा कि इस फाइनल वर्ल्ड कप टीम को चुनने में कई बातों का ध्यान रखा गया है। कुछ मुश्किल फैसले भी लेने पड़े, बड़े टूर्नामेंट्स में ऐसा ही होता है।

# रंकीरेड्डी-चिराग शेट्टी माथियास बो के साथ फिर से जुड़े

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारत की शीर्ा युगल बैडमिंटन जोड़ी, सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी, आने वाली बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड चैंपियनशिप और एशियन गेम्स से पहले डेनमार्क के अपने पुराने कोच मैथियास बो के साथ फिर से जुड़ गए हैं। मैथियास बो, जो पुरुों के डबल्स में लंदन 2012 ओलंपिक के रजत पदक विजेता हैं,

ने सोशल मीडिया मंच इंस्टाग्राम पर बताया कि उन्होंने अप्रैल में थॉमस कप शुरू होने से पहले ही भारत की टॉप पुरुों की युगल बैडमिंटन जोड़ी के साथ चुपके से काम करना शुरू कर दिया था। बो ने स्पट किया कि वह भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ियों के लिए कंसल्टेंट के तौर पर काम करेंगे, साथ में मलेशिया के मौजूदा नेशनल टीम कोच टैन किम हेर भी होंगे। बो का मुख्य फोकस टैक्टिकल इनपुट और मैच एनालिसिस पर रहेगा, जबकि टैन इस जोड़ी के साथ फुल-टाइम कोच के तौर पर काम करते रहेंगे। मैथियास बो ने इस्टाग्राम पर लिखा, अंदाजा लगाइए, कौन फिर से साथ आ गया है? अब जब मेरे पास थोड़ा ज्यादा समय है, तो थॉमस कप से पहले ही मैंने सात्विक और चिराग के साथ फिर से चुपके से काम करना शुरू कर दिया है।

# मोदी ने एशियाई अंडर-20 एथलेटिक्स चैंपियनशिप में 19 पदक जीतने पर दी बधाई

■ शानदार प्रदर्शन भारत के युवा खिलाड़ियों के दृढ़ संकल्प, कड़ी मेहनत और उत्कृटता का प्रतीक है: मोदी

**नई दिल्ली, वार्ता।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 22वीं एशियाई अंडर-20 एथलेटिक्स चैंपियनशिप में 10 स्वर्ण सहित कुल 19 पदक जीतने पर भारतीय दल को हार्दिक बधाई दी है। श्री मोदी ने सोमवार को सोशल मीडिया एक्स पर शुभकामना संद. ेश पोस्ट करते हुए कहा कि यह शानदार प्रदर्शन भारत के युवा खिलाड़ियों के दृढ़ संकल्प, कड़ी मेहनत और उत्कृटता का प्रतीक है। उनकी यह उपलब्धि पूरे देश के लिए गर्व का विाय है। आशा है कि उनकी सफलता आने वाले वर्ों में और अधिक युवा भारतीयों को खेलों को अपनाने तथा उत्कृटता प्राप्त करने के लिए प्रेरित करेगी। प्रधानमंत्री ने सभी खिलाड़ियों को उनके उज्ज्वल भविय और निरंतर सफलता के लिए शुभकामनाएं दी। गौरतलब है कि एशियाई अंडर 20 एथलेटिक्स चैंपियनशिप में रविवार को भारतीय महिलाओं की 4गुना400 मीटर रिले टीम ने स्वर्ण पदक जीता। भारतीय दल ने चैंपियनशिप के अंतिम दिन तीन और स्वर्ण पदक जीते, जिससे कुल स्वर्ण पदकों की संख्या10 हो गई। भारतीय दल कुल 19 पदकों के साथ दूसरे स्थान पर रहा। भारतीय टीम ने 10 स्वर्ण, पांच रजत और चार कांस्य पदक जीत के साथ एथलेटिक्स चैंपियनशिप में अपना लोहा मनवाया। चीन इस चैंपियनशिप में 14 स्वर्ण, नौ रजत और दो कांस्य पदकों के साथ कुल 25 पदकों के साथ तालिका में शीर्ष पर रहा और जापान कुल 18



पदकों के साथ तीसरे स्थान पर रहा। क्वोयुक ने स्वियातेक को हराकर फ्रेंच ओपन में किया उलटफेर पेरिस। चार बार की फ्रेंच ओपन चैंपियन इगा स्वियातेक चौथे राउंड में बाहर हो गई, जबकि रोमानिया की सोराना सिर्स्टिया 17 साल में पहली बार रोलैंड गैरोस क्वार्टरफाइनल में पहुंचीं। दिन का सबसे बड़ा उलटफेर महिलाओं के वर्ग में हुआ, जहां 15वीं वरीयता प्राप्त यूक्रेन की मार्टा क्वोयुक ने तीसरी वरीयता प्राप्त पोलैंड की स्वियातेक को एक घंटे 39 मिनट में 7-5, 6-1 से हरा दिया। स्वियातेक, जो टूर्नामेंट में पसंदीदा खिलाड़ियों में से एक थीं, पहले सेट में कड़े मुकाबले के बाद मैच पर दोबारा पकड़ बनाने के लिए संघर्ा करती रहीं। उन्होंने कहा कि मैंने मैच पर से अपना नियंत्रण खो दिया, और मेरे पास वापसी का कोई रास्ता नहीं था, क्योंकि मुझे लगातार बुरा महसूस हो रहा था। स्वियातेक ने कहा कि मैं आज इसलिए हारी क्योंकि मार्टा ने मौके का फायदा उठाया, और मैं बहुत अधिक तनाव में थी। मुझे यह विश्वास रखना होगा कि मैं इस मुश्किल से उबर सकती हूं और इतनी जल्दी विचलित नहीं होऊंगी। क्वोयुक क्वार्टरफाइनल में अपनी हमवतन यूक्रेन की एलिना स्वितोलिना से भिड़ेंगी। स्वितोलिना ने स्विट्जरलैंड की बेलिडा बेनसिक को हराकर निर्णायक सेट 6-0 से जीता।

## शिक्षाविद् डॉ. डीके अग्निहोत्री को शैक्षणिक उपलब्धियों के लिए मिला सम्मान

**चन्दौसी।** नगर के शिक्षाविद् डॉ. डी.के. अग्निहोत्री को उच्च शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान और शैक्षणिक उपलब्धियों के लिए सक्षम एजूकेशन एंड चौरिटेबल ट्रस्ट, गाजियाबाद द्वारा सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें गाजियाबाद के कविनगर स्थित जानकी ऑडिटोरियम में आयोजित एक भव्य समारोह में प्रदान किया गया। कार्यक्रम में शिक्षा, साहित्य और सामाजिक



क्षेत्र से जुड़े अनेक गणमान्य व्यक्तियों ने सहभागिता की। समारोह में शशिकांत शर्मा, उपेंद्र चौहान, अमित चौहान, जयप्रकाश मिश्रा, बाल कवि सक्षम चौहान, आशीष भटनागर, सुनील त्यागी तथा प्रीति चौहान सहित कई शिक्षाविदों की गरिमामयी उपस्थिति रही। वक्ताओं ने शिक्षा के महत्व, शिक्षकों की भूमिका और विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास पर अपने विचार व्यक्त किए। सक्षम एजूकेशन एंड चौरिटेबल ट्रस्ट के चेयरमैन ने अपने संबोधन में कहा कि संस्था शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षाविदों को प्रोत्साहित करने तथा विद्यार्थियों के हित में विभिन्न कार्यक्रम संचालित करने के लिए लगातार प्रयासरत है। उन्होंने संस्था द्वारा पिछले वर्षों में किए गए कार्यों और उपलब्धियों की विस्तृत समीक्षा प्रस्तुत की। समारोह के अंत में एस.डी. ग्लोबल एकेडमी, गाजियाबाद की प्रधानाचार्या प्रीति चौहान ने सभी अतिथियों, शिक्षाविदों और प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया। सम्मान प्राप्त करने पर डॉ. डी.के. अग्निहोत्री ने इसे शिक्षा जगत के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को और बेहतर ढंग से निभाने की प्रेरणा बताया। डॉ. अग्निहोत्री को मिले इस सम्मान पर चन्दौसी के शिक्षाविदों, सामाजिक संगठनों और शुभचिंतकों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी।

## हनुमान मंदिर रामबाग धाम का 20वां स्थापना दिवस श्रद्धापूर्वक मनाया गया

**चन्दौसी।** नगर के रामबाग धाम स्थित श्रीसंकटमोचन हनुमान मंदिर का 20वां स्थापना दिवस रविवार को धार्मिक श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर ओमप्रकाश 'ओमी' लाला कैथल वाले एवं उनके सुपुत्र कपिल गुप्ता तथा परिवारजनों द्वारा मंदिर परिसर में अखंड रामायण पाठ, हवन-पूजन एवं वैदिक रीति-रिवाजों के साथ विशेष पूजा-अर्चना का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में श्रद्धालुओं ने भगवान श्रीराम और हनुमान जी का गुणगान करते हुए धर्म लाभ प्राप्त किया। हवन के उपरांत उपस्थित श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया। बताया गया कि 01 जून 2006 को स्वर्गीय सेठ लक्ष्मीनारायण ने अपनी धर्मपत्नी स्वर्गीय शांति देवी की पुण्य स्मृति में श्रीसंकटमोचन हनुमान मंदिर की स्थापना कराई थी। मंदिर स्थापना के 20 वर्ष पूर्ण होने पर आयोजित इस समारोह में श्रद्धालुओं ने मंदिर के विकास और क्षेत्र की सुख-समृद्धि के लिए प्रार्थना की।

## बदायूं चुंगी पर यातायात पुलिस ने भरे सड़क के गड्ढे, जाम से भी दिलाई राहत

**चन्दौसी।** शहर के बदायूं चुंगी स्थित ट्रैफिक बूथ के सामने सड़क पर बने गहरे गड्ढों से आम नागरिकों और वाहन चालकों को हो रही परेशानी को देखते हुए यातायात पुलिस ने सराहनीय पहल की। गड्ढों के कारण लगातार दुर्घटनाओं की आशंका बनी हुई थी तथा कई हादसे भी हो चुके थे। आमजन की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए प्रभारी यातायात जग रोशन सिंह एवं उनकी टीम ने ड्यूटी के साथ-साथ सामाजिक जिम्मेदारी निभाते हुए सड़क के गड्ढों को भरवाने का कार्य कराया। टीम में मुख्य आरक्षी सचिन कुमार, सनी तोमर, विकास कुमार और सोनू शामिल रहे। सभी ने मिलकर ट्रैक्टर-ट्रॉली से पत्थर और मिट्टी मंगवाकर गड्ढों को भरवाया, जिससे राहगीरों और वाहन चालकों को राहत मिली। इसके अलावा सिपाही लाल पेट्रोल पंप के निकट रेलवे फाटक पर ट्रेनों के लगातार आवागमन के कारण भारी जाम लग गया था। सूचना मिलते ही प्रभारी यातायात अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और तेज धूप में यातायात व्यवस्था संभालते हुए जाम खुलवाया। इससे लोगों को काफी राहत मिली और यातायात सुचारु रूप से संचालित होने लगा। इस दौरान यातायात पुलिस ने वाहन चालकों को सड़क सुरक्षा नियमों के प्रति जागरूक भी किया। प्रभारी यातायात ने बुलेट मोटरसाइकिलों में मॉडिफाइड साइलेंसर न लगाने, दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट पहनने, तीन सवारी न बैठाने तथा चारपहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट का अनिवार्य रूप से उपयोग करने की अपील की। मुख्य आरक्षी सचिन कुमार ने भी राहगीरों एवं वाहन स्वामियों को यातायात नियमों की जानकारी देते हुए जागरूक किया। उन्होंने कहा, जीवन अनमोल है, सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा है। प्रभारी यातायात जग रोशन सिंह ने बताया कि सड़क सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने के उद्देश्य से ऐसे जनहितकारी अभियान आगे भी लगातार जारी रहेंगे।

## चन्दौसी के डॉ. ईश्वर मिश्र ने एम्स की कार्डियोलॉजी परीक्षा में हासिल की ऑल इंडिया 12वीं रैंक

**चन्दौसी।** नगर के मुंसिफ रोड निवासी डॉ. ईश्वर मिश्र ने एम्स द्वारा आयोजित डीएम कार्डियोलॉजी (हृदय रोग विशेषज्ञ) सुपर स्पेशलिटी प्रवेश परीक्षा में ऑल इंडिया 12वीं रैंक प्राप्त कर परिवार, शहर और क्षेत्र का नाम रोशन किया है। डॉ. ईश्वर मिश्र, जो डॉ. पुष्पेश मिश्र के पुत्र हैं, ने बताया कि एम्स में कार्डियोलॉजी सुपर स्पेशलाइजेशन में प्रवेश के लिए 80 अंकों की लिखित परीक्षा आयोजित की जाती है। लिखित परीक्षा में सफल अभ्यर्थियों का 20 अंकों का इंटरव्यू लिया जाता है। दोनों के अंकों के आधार पर मेरिट सूची तैयार की जाती है, जिसके अनुसार देशभर के विभिन्न एम्स संस्थानों में प्रवेश दिया जाता है। उन्होंने बताया कि देश के विभिन्न एम्स संस्थानों में डीएम कार्डियोलॉजी की केवल 30 सीटें उपलब्ध हैं। ऐसे में ऑल इंडिया स्तर पर 12वीं रैंक प्राप्त करना उनके लिए गर्व और संतोष का विषय है। अपनी इस सफलता का श्रेय डॉ. ईश्वर मिश्र ने अपनी मेहनत के साथ-साथ अपनी माता नीरू शर्मा, मौसी उषा शर्मा, पत्नी डॉ. कशिश (बाल रोग विशेषज्ञ, सर गंगाराम अस्पताल, नई दिल्ली), दादा डॉ. राजीव लोचन शर्मा, दादी एवं पूरे परिवार के आशीर्वाद और सहयोग को दिया।

# पति पर तेजाब फेंकने वाली पत्नी को आजीवन कारावास

## तेजाब से संक्रमित होकर पति की दोनों आंखों की रोशनी गई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** बदलते सामाजिक परिवेश में पारिवारिक रिश्तों में बढ़ती दूरियां और आपसी विश्वास का कमजोर होना चिंता का विषय बनता जा रहा है। जहां कभी पति-पत्नी का रिश्ता प्रेम, विश्वास और समर्पण का प्रतीक माना जाता था, वहीं अब घरेलू विवादों से जुड़े गंभीर अपराधों व अवैध संबंधों की घटनाएं भी सामने आ रही हैं। ऐसी ही एक सनसनीखेज घटना में सम्भल की फास्ट ट्रैक कोर्ट ने पति पर तेजाब फेंकने की दोषी पत्नी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। अदालत ने दोषी महिला पर 01 लाख 76 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया है, जिसकी राशि पीडिघ्त को दी जाएगी। मामला जनपद सम्भल के थाना नखासा क्षेत्र का है। अभियोजन के अनुसार कहकंशा और मुजफ्फर अली ने



नरेन्द्र कुमार यादव, विशेष लोक अभियोजक जनपद संभल।



अभियुक्ता कहकंशा।

वर्ष 2019 में प्रेम विवाह किया था। विवाह के बाद दोनों के दो बच्चे भी हुए, लेकिन समय के साथ पति-पत्नी के बीच विवाद बढ़ने लगे। आरोप है कि पत्नी के चाल-चलन को लेकर उत्पन्न विवाद के बाद संबंधों में खटास आ गई। अभियोजन पक्ष के अनुसार एक रात जब मुजफ्फर अली घर में सो रहा था, तभी उसकी पत्नी कहकंशा ने उस पर तेजाब से हमला कर दिया। पति के जागकर बचने का प्रयास करने पर भी आरोपी महिला ने बाल्टी और मग से उसके चेहरे और आंखों पर लगातार तेजाब फेंका। इस हमले में मुजफ्फर अली का चेहरा बुरी तरह झुलस गया और उसकी दोनों आंखों की रोशनी हमेशा के लिए चली गई। पीडिघ्त आज भी गंभीर शारीरिक पीड़ा और संक्रमण से जूझ रहा है।

मामले की गंभीरता को देखते हुए फास्ट ट्रैक कोर्ट में स्पीडी ट्रायल चलाया गया। विशेष लोक अभियोजक नरेन्द्र कुमार यादव ने अदालत में प्रभावी पैरवी की। मात्र 10 सुनवाई में मुकदमे का निस्तारण करते हुए न्यायालय ने आरोपी महिला को दोषी ठहराया और आजीवन कारावास के साथ 1.76 लाख रुपये जुर्माने की सजा सुनाई। न्यायालय ने आदेश दिया कि जुर्माने की पूरी राशि पीडिघ्त को दी जाए, जिससे उसके इलाज और पुनर्वास में सहायता मिल सके। अदालत के इस फैसले को तेजाब हमलों जैसे जघन्य अपराधों के खिलाफ कड़ा संदेश माना जा रहा है।

## रास्ते में घेर कर पीटने में चार पर एफआईआर

**कांठ (शाह टाइम्स)** रास्ते में घेर कर पीटने के आरोप में पुलिस ने चार पर एफआईआर दर्ज की है थाना छजलेट के गांव छजुपुरा दोयम निवासी सरफराज पुत्र अलीनूर का आरोप है कि 30 मई की रात करीब 8:00 बजे वह अपने घर से दुकान पर सामान लेने जा रहा था रास्ते में गांव के नौशाद सादाब दिलशाद पुत्रगण सिकंदर, सिकंदर पुत्र रजा क ने घेर लिया नौशाद पर तमंचा व सिकंदर पर लाठी एवं धारदार हथियार थे सभी ने मारना पीटना शुरू कर दिया नौशाद ने तमंचे की बट मारी और उसका 30000 का मोबाइल तोड़ दिया पीड़ित का कहना है कि उसके घ्5000 भी झगड़े में कहीं गिर गए शोर मचा तो गांव वाले आए और यह लोग जान से मारने की धमकी देकर चले गए। पुलिस ने चारों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर कार्रवाई शुरू की है।

# फातिमा जहरा की हम याद हया करते हैं

## मौलाना गय्यूर आफाकी ने खिताब करते हुए सुन्नत ए रसूल पर चलने की नसीहत दी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कुन्दरकी।** नगर के मौहल्ला नूरल्ला स्थित सैफी हाउस पर एम.के. भारती सैफी के वालिद मरहूम मौहम्मद युनूस सैफी की बरसी के सिलसिले में तकरीरी प्रोग्राम हुआ जिसमें मस्जिद ए सिद्दीकी अकबर के इमाम मौलाना गय्यूर आफाकघ्ी ने खिताब करते हुए सुन्नत ए रसूल पर चलने की नसीहत दी। उसके बाद महफिले मुशायरा नाअतो मंकघ्बत का आयोजन किया गया। जिसमें मुकामी शायरों ने अपने अपने कलाम पेश कर खघ्ूब वाह वाही लूटी महफिल का आगाज कुरआन पाक की तिलावत से मौलाना अरकान रजा ने किया और हम्दे पाक पैश की गुलाम नबी अत्तारी ने कहा, कौन सी जगह उनके आशिकों को से खघली है हर जगह हैं परवाने और शम्आ है मदीने में, अरकान रजा ने कहा, हुजूर अर्ज है चहरा दिखा दिया जाये, डॉ नाजिम कुंदरकीवी ने कहा, रोना आ जाता है किरदार ए खवातीन पे जब फातिमा जहरा की हम याद हया करते हैं, इकघ्बार इमरतपुरी ने कहा दोस्तों मां-बाप की हरदम दुआ लेते रहो मुश्किलें टिकती नहीं इनकी दुआ के सामने कारी रजाउलहक ने कहा,जो पड़ेगा साहिबे लौलाक के



उपर दूरुद आग से महफूज उसका तन बदन रह जायेगा, अरमान रजा ने कहा, नहीं कोई दुनिया में हमारा या रसूल अल्लाह, हमें तो आप ही का है सहारा या रसूल अल्लाह, कघ्मर कुंदरकीवी ने कहा, जहां भी हो वहीं से दो सदा सरकार सुनते हैं सरे आईना सुनते हैं पसे दीवार सुनते हैं इनके अलावा अन्य शायरों ने भी अपने अपने कलाम पेश किए। इसके बाद मरहूम मौहम्मद युनूस सैफी के लिये मौलाना गयूर आफाकघ्ी ने दुआ की महफिल में, मुस्तफा सैफी,रफी अहमद सैफी,अकील अहमद सैफी, जहीर सैफी,आमिर सैफी, मौहम्मद साहिल हुसैन सैफी, मौहम्मद हसनैन सैफी, साहिल सैफीआदि मौजूद रहे।

# मेधावी छात्रा माहिरा फिरदोस का सम्मान

## जिले में 10वां स्थान प्राप्त करने पर मिला 21 हजार रुपये का पुरस्कार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कुंदरकी।** जनपद में आयोजित मेधावी सम्मान समारोह में कुन्दरकी इंटर कॉलेज की होनहार छात्रा माहिरा फिरदोस को उनकी




शैक्षणिक उपलब्धि के लिए सम्मानित किया गया। इंटरमीडिएट परीक्षा में जिले में 10वां स्थान प्राप्त करने वाली माहिरा फिरदोस को मुख्य विकास अधिकारी (सी डी ओ) मुरादाबाद द्वारा 21 हजार रुपये का चेक एवं मेडल प्रदान किया गया। समारोह में जिले के विभिन्न विद्यालयों के मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर माहिरा फिरदोस की सफलता की सराहना करते हुए अधिकारियों ने कहा कि मेहनत, लगन और अनुशासन के बल पर छात्र-छात्राएं अपने लक्ष्य को प्राप्त कर सकते हैं। माहिरा की इस उपलब्धि से न केवल उनके परिवार बल्कि विद्यालय और पूरे क्षेत्र का नाम भी रोशन हुआ है। सम्मान प्राप्त करने के दौरान माहिरा फिरदोस के पिता रईस अहमद एवं दादा हाजी कड्डे मुशाहिद भी मौजूद रहे। उन्होंने बेटी की सफलता पर खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए परिवार हमेशा उसका सहयोग करता रहेगा। कुन्दरकी इंटर कॉलेज के शिक्षकों और क्षेत्रवासियों ने भी माहिरा को बधाई देते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। छात्रा की इस उपलब्धि से अन्य विद्यार्थियों को भी शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने की प्रेरणा मिलेगी।

## दहेज की मांग पूरी ना होने पर महिला को तीन तलाक देकर घर से निकाला

**कांठ (शाह टाइम्स)** दहेज की मांग पूरी न होने पर महिला को तीन तलाक देकर घर से निकाल दिया पुलिस ने 10 लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। थाना क्षेत्र के गांव भैंसली जमालपुर निवासी अरशद पुत्री अंजार की शादी 2 साल पहले नदीम पुत्र रईस बामनों वाली मंड्या थाना डिडौली अमरोहा के साथ हुई थी शादी में काफी दहेज दिया गया लेकिन ससुराल वाले दहेज से खुश नहीं थे उन्होंने और दहेज की मांग करनी शुरू कर दी मांग पूरी न करने पर पति नदीम देवर ननंद नंदोई सास और ससुर ने गाली गलौज व मारपीट करना शुरू कर दिया और एक दिन महिला को पति ने तीन तलाक देकर घर से निकाल दिया।

पीड़िता थाने पहुंची और उसने नदीम शकील जुनैद आस मोहम्मद भूरिया रोशनी शबाना रईस आरिफ हाजरा और ससुर के खिलाफ तहरीर दी पुलिस ने मामला दर्ज किया है।

## एक नजर

## पढ़ाई करने आए छात्र की बाइक लेकर चोर फरार, दी तहरीर

**कांठ (शाह टाइम्स)** लाइब्रेरी में पढ़ने आए छात्र की बाइक लेकर चोर फरार हो गया छात्र ने थाने में तहरीर देकर बाइक बरामद करने की गुहार लगाई है। मोहल्ला पट्टीमोड़ा निवासी प्रियांशु पुत्र कुलदीप गुरुकुल



लाइब्रेरी में पढ़ाई करने के लिए जाता है। आज सुबह भी वह 11:00 बजे के करीब वहां पहुंचा और बाहर बाइक खड़ी करके अंदर पढ़ाई करने में लग गया लेकिन जब बाहर आया तो वहां से बाइक गायब थी छात्र ने आसपास तलाश किया लेकिन बाइक नहीं मिली। बाद में सीसीटीवी फुटेज में चोर लाइब्रेरी की तरफ पैदल आता हुआ और फिर वहां से बाइक ले जाता हुआ भी कैद हो गया छात्र थाने पहुंचा और बाइक बरामद करने की गुहार लगाते हुए तहरीर दी। पुलिस बाइक चोर की तलाश कर रही है।

## धर्म सिंह इंटर कॉलेज चेतरामपुर की छात्रा पंचायत भवन में सम्मानित

**कांठ( शाह टाइम्स )**धर्म सिंह इंटर कॉलेज चेतरामपुर की हाईस्कूल की छात्रा वर्णिका लांबा को जिले में चौथा स्थान प्राप्त करने पर उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा 21000 हजार रुपये की धनराशि व एक मेडल और एक प्रमाण पत्र प्रदान कर विकास भवन में सम्मानित किया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य राजबहादुर सिंह अध्यक्ष नरेंद्र कुमार अध्यापक फूल सिंह,



देवेंद्र सिंह, ध्रुव कुमार, सतेंद्र सिंह, गौरव चौहान, मो० फिरोज व जितेंद्र कुमार ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए योगी सरकार को धन्यवाद दिया द्य अगले वर्ष इससे भी अच्छा परिणाम लाने के लिए प्रधानाचार्य राजबहादुर सिंह ने बच्चो को अग्रिम शुभकामनाएं प्रेषित की है।

## मिशन शक्ति के तहत महिलाओं व बालिकाओं को किया जागरूक

**चन्दौसी।** उ0प्र0 शासन द्वारा संचालित मिशन शक्ति अभियान फेज-5.0 के अंतर्गत मिशन शक्ति टीम से जुड़ी महिला पुलिसकर्मियों ने थाना क्षेत्र में चौपाल आयोजित कर महिलाओं और बालिकाओं को जागरूक किया। कार्यक्रम में महिला सुरक्षा, स्वावलंबन एवं अधिकारों से संबंधित जानकारी दी गई। साथ ही एंटी रोमियो टीम ने बाजारों, चौराहों, स्कूल-कॉलेजों एवं धार्मिक स्थलों पर भ्रमण कर महिलाओं को विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों के बारे में जानकारी दी। इस दौरान वीमेन पावर लाइन 1090, पुलिस सेवा 112, महिला हेल्पलाइन 181, साइबर क्राइम 1930, एम्बुलेंस 108 सहित अन्य सेवाओं के पंपलेट वितरित कर जागरूक किया गया।

## प्रेम ग्रोवर बने अखिल भारतीय वैश्य महासंगठन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष

**चन्दौसी।** अखिल भारतीय वैश्य महासंगठन की राष्ट्रीय कोर कमेटी की संस्तुति पर चन्दौसी निवासी प्रेम ग्रोवर को संगठन का राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया है। संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष अंकुर मित्तल द्वारा 31 मई 2026 को जारी मनोनयन पत्र में कहा गया है कि समाज के प्रति प्रेम ग्रोवर की संघर्षशीलता, कर्तव्यनिष्ठा एवं लगन को देखते हुए उन्हें यह महत्वपूर्ण दायित्व सौंपा गया है। संगठन ने आशा व्यक्त की है कि वह समाजहित को ध्यान में रखते हुए अखिल भारतीय वैश्य महासंगठन को और अधिक मजबूत बनाने में अपना योगदान देंगे।

## सराहनीय कदम पुलिस ने बच्ची को ढूंढ कर किया मां के हवाले

**कांठ (शाह टाइम्स)** पुलिस ने खोई बच्ची को मां के हवाले करके लोगों का दिल जीत लिया। बताया गया कि उमरी कला निवासी जैनब पुत्री अलीशा जिसकी उम्र 4 साल है कांठ बाजार में आई थी जो की खो गई



महिला ने चौकी पर जाकर पुलिस को अवगत कराया चौकी इंचार्ज टीम के साथ बच्ची की तलाश में जुट गए और कुछ ही समय में बच्ची को ढूंढ कर माँ के हवाले कर दिया। इस मामले को जिसने देखा पुलिस की तारीफ किए बिना ना रह सका।

## पुलिस ने एक का किया शांतिभंग में चालान

**कांठ (शाह टाइम्स)** पुलिस ने एक युवक का शांति भंग में चालान



किया है बताया गया कि कुमरिया जुमला निवासी प्रीतम पुत्र छत्रपाल से गांव में शांति भंग की आशंका थी इसलिए पुलिस ने उसे हिरासत में लेकर आज एसडीएम कोर्ट में भेजा है।

# बिलारी को मिले नए एसडीएम प्रिंस वर्मा, जनता की उम्मीदों पर खरा उतरने की बड़ी जिम्मेदारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** तहसील बिलारी को नए उप जिलाधिकारी (एसडीएम) के रूप में प्रिंस वर्मा मिले हैं। पूर्व एसडीएम विनय कुमार सिंह को डिप्टी कलेक्टर मुरादाबाद मुख्यालय बनाया गया है। प्रिंस वर्मा ने विधिवत कार्यभार ग्रहण कर लिया है। मूल रूप से सीतापुर निवासी प्रिंस वर्मा इससे पूर्व कांठ में भी अपनी सेवाएं दे चुके हैं। अपनी सरल कार्यशैली, सौम्य व्यवहार और प्रशासनिक दक्षता के लिए पहचाने जाने वाले प्रिंस वर्मा के आगमन पर तहसील परिसर में उत्साह देखने को मिला। अधिकारियों और कर्मचारियों ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। कार्यभार संभालने के बाद उन्होंने तहसील स्टाफ के साथ बैठक कर स्पष्ट निर्देश दिए कि तहसील में आने वाले किसी भी फरियादी को अनावश्यक परेशानी न हो। उन्होंने कहा कि जनसमस्याओं का समयबद्ध, पारदर्शी और निष्पक्ष निस्तारण प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता होगी। साथ ही कर्मचारियों से ईमानदारी, संवेदनशीलता और जिम्मेदारी के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करने का आह्वान किया। नए एसडीएम ने



तहसीलदार एवं नायब तहसीलदारों के साथ राजस्व तथा जनहित से जुड़े मामलों की समीक्षा की। इसके अलावा अधिवक्ताओं से संवाद कर न्यायिक एवं प्रशासनिक कार्यों को और अधिक प्रभावी एवं जनहितकारी बनाने पर चर्चा की। पदभार ग्रहण करते ही प्रिंस वर्मा ने अधिकारियों, कर्मचारियों और अधिवक्ताओं के साथ सकारात्मक संवाद स्थापित किया है। उनके व्यवहार, कार्यशैली और प्रशासनिक प्रतिबद्धता से लोगों में बेहतर प्रशासनिक व्यवस्था की उम्मीद जगी है। गौरतलब है कि बिलारी से स्थानांतरित हुए एसडीएम विनय कुमार सिंह ने अपने कार्यकाल के दौरान जनता के बीच एक अलग पहचान बनाई थी। उनकी जनसुनवाई, त्वरित निर्णय क्षमता और संवेदनशील कार्यशैली के कारण क्षेत्र की जनता उनसे विशेष जुड़ाव महसूस करती थी। ऐसे में अब बिलारी की जनता की निगाहें नए एसडीएम प्रिंस वर्मा पर टिकी हैं। प्रशासनिक चुनौतियों के बीच उनसे बेहतर जनसुनवाई, प्रभावी राजस्व प्रबंधन और जनता से मजबूत संवाद की अपेक्षा की जा रही है। आने वाले समय में यह देखना दिलचस्प होगा कि वह अपनी कार्यशैली और निर्णय क्षमता के माध्यम से जनता का विश्वास किस प्रकार मजबूत करते हैं।

# नवागत बीएसए अमित सिंह ने संभाला कार्यभार शिक्षा व्यवस्था को बेहतर बनाने का दिया भरोसा

**मुरादाबाद।** जनपद के जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी (बीएसए) विमलेश कुमार के स्थानांतरण के बाद नवागत जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अमित



सिंह ने मुरादाबाद पहुंचकर अपना कार्यभार ग्रहण कर लिया। कार्यभार ग्रहण करने के अवसर पर बेसिक शिक्षा विभाग के अधिकारियों, कर्मचारियों एवं शिक्षकों द्वारा उनका गर्मजोशी के साथ स्वागत किया गया।कार्यभार संभालने के बाद अमित सिंह ने कहा कि उनकी प्राथमिकता उत्तर प्रदेश सरकार की शिक्षा संबंधी नीतियों एवं योजनाओं को प्रभावी ढंग से धरातल पर लागू करना होगी। उन्होंने कहा कि बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा संचालित प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालयों में बच्चों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराने के लिए विशेष प्रयास किए जाएंगे।उन्होंने कहा कि विद्यालयों में शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने, विद्यार्थियों की नियमित उपस्थिति बढ़ाने तथा बुनियादी सुविधाओं को सुदृढ़ करने पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। साथ ही शिक्षकों एवं विभागीय कर्मचारियों के सहयोग से शिक्षा व्यवस्था को और अधिक प्रभावी एवं पारदर्शी बनाया जाएगा।नवागत बीएसए ने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप प्रत्येक बच्चे तक गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पहुंचाना विभाग की प्राथमिक जिम्मेदारी है। इसके लिए विद्यालयों का नियमित निरीक्षण किया जाएगा तथा बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएंगे।इस अवसर पर विभागीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उन्हें नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दीं और विश्वास जताया कि उनके नेतृत्व में जनपद की बेसिक शिक्षा व्यवस्था को नई दिशा मिलेगी।



शाह टाइम्स

सम्पादकीय

मंगलवार, 2 जून 2026

Dainikshahtimes@gmail.com For Articles

# दूरगामी फैसला

अपने आप में यह एक महत्वपूर्ण एवं दूरगामी निर्णय हो सकता है कि सुप्रीम कोर्ट ने आगामी 21 जून को फिर से होने वाली नीट-यूजी परीक्षा को कंप्यूटर आधारित टेस्ट (सीबीटी) प्रारूप में आयोजित करने के लिए राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (एनटीए) को निर्देश देने से सोमवार को इन्कार कर दिया और मौजूदा पेन-एंड-पेपर (ऑफलाइन) मोड को ही बरकरार रखने का फैसला किया। स्पष्ट है कि न्यायालय के इस फैसले से नीट-यूजी की दोबारा होने वाली परीक्षा के सीबीटी मोड में कराने की किसी भी संभावना पर फिलहाल विराम लग गया है। बताते चलें कि सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार, सीबीएसई, और एनसीईआरटी को नोटिस जारी करके हाल ही में यह निर्देश दिया है कि वे 1 जुलाई 2006 से सभी सीबीएसई स्कूलों में नौवीं के विद्यार्थियों के लिए तीन-भाषा फार्मूला लागू करने के अपने इंतजामात के बारे में विस्तृत रिपोर्ट दाखिल करें। बीते 27 मई को, सीबीएसई के इस कदम को चुनौती देने वाली याचिक.ाओं को सुनते हुए, शीर्ष अदालत ने तुरंत कोई स्थगनादेश देने से मना कर दिया था, लेकिन यह माना कि कठिनाई और असु.विधा को लेकर चिंताओं की समीक्षा की जरूरत है। सुप्रीम कोर्ट 15 और 16 जुलाई को दलीलें सुनेगा। जिस अगंभीर ढंग से सरकार अपनी विवादास्पद भाषा नीति लागू करने के लिए सीबीएसई का इस्तेमाल कर रही है, वह एक बार फिर विद्यार्थियों, शिक्षकों और अभिभावकों के प्रति पूर्ण उपेक्षा-भाव को दिखाता है। इसी 15 मई को, सीबीएसई ने एक परिपत्र जारी कर 1 जुलाई से नौवीं के विद्यार्थियों के लिए तीन भाषाओं का अध्ययन अनिवार्य कर दिया। इसके लिए नयी शिक्षा नीति द्धएनईपीत्रः 2020 और स्कूली शिक्षा के लिए राष्ट्रीय पाठ्यचर्या रूपरेखा 2023 के साथ संगति का हवाला दिया गया। तीन में से कम-से-कम दो देशी भारतीय भाषाएं होनी चाहिए। फ्रेंच या जर्मन जैसी विदेशी भाषाएं तीसरी भाषा के रूप में केवल तभी ली जा सकेंगी, जब पहली दो भाषाएं भारतीय हों, या फिर वैकल्पिक चौथे विषय के रूप में ली जा सकेंगी। विद्यार्थियों के सामने खड़ी की गयी कठिनाई पर पर्दा डालने की तुच्छ कोशिश में, सीबीएसई ने दसवीं के बोर्ड इम्तिहान से तीसरी भाषा को छूट दे दी, जिसका मूल्यांकन स्कूल-आधारित आंतरिक मूल्यांकनों के जरिए किया जायेगा। हालांकि, इसके अंक अंतिम प्रमाणपत्र में अब भी मौजूद रहेंगे।

## मूल्यांकन प्रक्रिया में त्रुटियों का बोझ छात्रों पर



सीबीएसई की गलती से नंबर गलत आएं, तो उसकी कीमत छात्रों को चुकानी पड़ती है, डिजिटल स्कैन कॉपी, री-टोटलिंग और री-इवैल्यूएशन के लिए अलग-अलग शुल्क देना पड़ता है, अपनी ही उत्तर पुस्तिका की सही जांच कराने के लिए एक छात्र को हजारों रुपये तक खर्च करने पड़ सकते हैं, मूल्यांकन प्रक्रिया में त्रुटियों का बोझ छात्रों पर डाला जा रहा है, गलती सीबीएसई करती है और इसकी सजा बच्चे को मिलती है और सरकार इससे कमाई करती है, जब शिक्षा को सेवा नहीं, बल्कि कारोबार बना दिया जाता है, तो गलतियां सुधरने के बजाय व्यवस्था का हिस्सा बन जाती हैं और इसकी सबसे बड़ी कीमत बच्चों को अपने समय, आत्मविश्वास और भविष्य से चुकानी पड़ती है।

**-राहुल गांधी**
**नेता विपक्ष, लोकसभा**

## अपने विचार रखें...

**हम पाठकों, वरिष्ठ स्तंभकारों और लेखकों को सम्पादकीय पेज हेतु आलेख अथवा जनमानस से जुड़े मुद्दों पर राय भेजने के लिए आमंत्रित करते हैं, यहां प्रकाशित किसी भी लेख से सम्पादक अथवा संस्थान का सहमत होना आवश्यक नहीं है, यह लेखक के अपने निजी विचार होते हैं।**

**सम्पादकीय डेस्क**

**(सुजडू चुंगी, मेरठ रोड मुजफ्फरनगर, पिन कोड-251003)**

# महंगाई की मार झेलता आम आदमी, मजे में जिंदगी जीता एक वर्ग!

> **“ आर्थिक दबाव अब सिर्फ खातों की गणना नहीं रहा, यह जीवन की सोच और मनोस्थिति तक उतर आया है। बेहतर जीवन की चाह में लोग कर्ज और ईएमआई के ऐसे जाल में उलझते जा रहे हैं, जहां इच्छाएं बार-बार टलती हैं और जरूरतें आगे खिसकती जाती हैं।**





**प्रो. आर.के. जैन**

भारत की आर्थिक कहानी में एक ऐसा पात्र है जो हर अध्याय में मौजूद रहता है, लेकिन जिसकी पीड़ा अक्सर फुटनोट बनकर रह जाती है। यह पात्र है मध्य वर्ग। यह वही जीवन है जो हर सुबह उम्मीद जोड़ता है और हर रात हिसाब में उलझकर टूटता थोड़ा और है। विकास, कर और उपभोग की सबसे भारी जिम्मेदारी इसी के कंधों पर है, फिर भी सुविधाएं इसके हिस्से में हमेशा कम पड़ जाती हैं। न यह इतना कमजोर है कि योजनाओं का पूरा लाभ ले सके, न इतना सक्षम कि महंगाई और करों का दबाव सहज झेल पाए इसलिए यह लगातार सिकुड़ती आर्थिक खाई में फंसता जा रहा है। वर्ष 2026 में स्थिर आय, बढ़ती कीमतें और ईंधन का बोझ इसे और अधिक नीरव पीड़ा में धकेल रहे हैं।

अर्थव्यवस्था की रीढ़ माना जाने वाला मध्य वर्ग आज उसी व्यवस्था के सबसे तीखे दबाव में है विडंबना यह कि जिस मशीन को वह चलाता है, उसका सबसे भारी बोझ भी वही उठाता है। उपभोग, कर और नकदी प्रवाह की धुरी होने के बावजूद उसकी आय का अधिकांश हिस्सा रोजमर्रा खर्चों में ही समाप्त हो जाता हैय शहरों में किराया कमाई को निगलता है, ईएमआई आय को जकड़ती है, राशन और शिक्षा का बढ़ता खर्च लगातार दबाव बनाता है। कर राहतें महंगाई की रफ्तार के आगे कमजोर पड़ जाती हैं, जिससे बचत घटती है और भविष्य और अधिक अनिश्चित होता जाता है।

कीमतों की चुपचाप उठती लहरें सबसे पहले मध्य वर्ग की जेब से टकराती हैं, क्योंकि उसके पास बचाव की गुंजाइश सबसे कम होती है। पेट्रोल.डीजल महंगा होता है तो असर सिर्फ गाड़ी तक नहीं रहता परिवहन से लेकर रसोई, बाजार और हर जरूरी सेवा की कीमतें ऊपर चढ़ जाती हैं। सब्जी, दूध, दाल और रोजमर्रा का सामान लगातार बजट को अस्थिर करता रहता है, जबकि आय उसी रफ्तार से नहीं बढ़ती। चिकित्सा खर्च तेजी से बढ़ रहा है और शिक्षा की लागत भी हर साल नई ऊंचाई छू रही है। न मुफ्त इलाज का सहारा है, न पूरी तरह सस्ती शिक्षा का विकल्प हर सेवा का पूरा मूल्य चुकाकर ही यह वर्ग अपनी जरूरतें पूरी करता है।

करों की अदृश्य परतें जब आम जीवन पर चढ़ती हैं, तो सबसे पहले मध्य वर्ग की सांसें भारी हो जाती हैं। आयकर का सबसे बड़ा हिस्सा देने के बावजूद यह वर्ग लाभों की कतार में अक्सर पीछे रह जाता है। एक ओर गरीब वर्ग को योजनाओं और सब्सिडी का सहारा मिलता है, दूसरी ओर संपन्न वर्ग कर-योजनाओं से राहत निकाल लेता है पर इनके बीच खड़ा मध्य वर्ग न पर्याप्त सहायता पा पाता है, न कर बचाने की सुविधा। बिजली, पानी, किराया और हर उपभोग वस्तु पर सीधे-परोक्ष करों का दबाव उसकी जेब को लगातार हल्का करता रहता है। नतीजतन, आय बढ़ने के बावजूद उसकी वास्तविक खरीद क्षमता धीरे-धीरे घटती जाती है।

सपनों की बुनियाद माने जाने वाले आवास और शिक्षा आज मध्य वर्ग के लिए सबसे बड़ी आर्थिक चुनौती बन चुके हैं। महानगरों में किराया इतना बढ़ गया है कि आय का बड़ा हिस्सा सिर्फ छत बचाने में ही निकल जाता है, जबकि घर खरी.दने का सपना लंबी ईएमआई और भारी ब्याज के बोझ में उलझकर रह जाता है। गुणवत्तापूर्ण शिक्षा भी अब सस्ती नहीं रही स्कूल फीस, परिवहन, कोचिंग और गतिविधियों के खर्च मिलकर परिवार के बजट को लगातार दबाते रहते हैं। इसी तरह स्वास्थ्य क्षेत्र में बढ़ते बीमा प्रीमियम और सीमित कवरेज हर अचानक बीमारी को आर्थिक अस्थिरता का कारण बना देते हैं, जिससे वर्षों की योजना पल भर में बिखर सकती है।

आर्थिक दबाव अब सिर्फ खातों की गणना नहीं रहा, यह जीवन की सोच और मनोस्थिति तक उतर आया है। बेहतर जीवन की चाह में लोग कर्ज और ईएमआई के ऐसे जाल में उलझते जा रहे हैं, जहां इच्छाएं बार-बार टलती हैं और जरूरतें लगातार आगे खिसकती जाती हैं। भविष्य के लिए बचत और निवेश की योजनाएं आज के खर्चों के सामने कमजोर पड़ जाती हैं, जिससे सुरक्षा की भावना धीरे-धीरे धुंधली होती जाती है। युवा पीढ़ी इस असंतुलन को देखकर भरोसे की जगह उलझन महसूस कर रही है शिक्षा, नौकरी और स्थिरता के पुराने भरोसे अब पहले जैसे मजबूत नहीं रहे। यह स्थिति केवल आय-व्यय का अंतर नहीं, बल्कि उम्मीदों और हकीकत के बीच गहराती खामोश दूरी का संकेत है।

यह स्थिति केवल घरों की सीमाओं में कैद नहीं रहती, बल्कि पूरे देश की आर्थिक धड़कन को प्रभावित करती है। जैसे ही मध्य वर्ग की क्रय शक्ति घटती है, बाजार की रफ्तार धीमी पड़ने लगती है, उपभोग कम होता है और विकास की गति पर सीधा असर दिखता है। इसलिए इसकी समस्याओं को व्यक्तिगत बोझ मानकर नजर.अंदाज नहीं किया जा सकता। जरूरत है वास्तविक कर सुधार, महंगाई पर प्रभावी नियंत्रण, स्वास्थ्य.शिक्षा में लक्षित राहत, ईंधन करों में संत.ुलन और किफायती आवास नीतियों की। अगर अर्थव्यवस्था की रीढ़ कहे जाने वाले इस वर्ग को स्थिरता नहीं मिली, तो विकास की पूरी संरचना धीरे-धीरे कमजोर पड़ सकती है।

राष्ट्र निर्माण की धुरी अब एक नए दृष्टिकोण की मांग कर रही है, जहां मध्य वर्ग को केवल करदाता नहीं बल्कि वास्तविक भागीदार माना जाए। वर्षों से यह वर्ग विकास की कीमत चुकाता आया है, लेकिन अब उसके धैर्य और क्षमता दोनों की सीमाएं स्पष्ट होने लगी हैं। जो वर्ग अर्थव्यवस्था को गति देता है, वही यदि असुरक्षा, कर्ज और अनिश्चितता के दबाव में आ जाए, तो यह स्थिति पूरे देश के लिए चेतावनी बन जाती है। जैसे शरीर की ताकत रीढ़ पर टिकी होती है, वैसे ही किसी राष्ट्र की स्थिरता मध्य वर्ग पर निर्भर करती है और यदि यही रीढ़ कमजोर पड़ जाए, तो विकास की चमक भी लंबे समय तक कायम नहीं रह सकती।

# बंगाल में अब भाजपा के राज में हिंसा जारी

> **सवाल यह है क्या इस तरह की हिंसा को जनता का प्रतिरोध या गुस्सा कहकर नजर.अंदाज किया जा सकता है? पश्चिम बंगाल के एक मंत्री कह रहे हैं कि यह भी देखना चाहिए कि टीएमसी के राज में क्या होता था। क्या एक मंत्री की यही जिम्मेदारी है कि वह इस तरह के गैरजिम्मेदाराना बयान दें? क्या इस हिंसा के पीछे इसके एक सोची समझी साजिश है? राजनीति में पर्दे के पीछे भी कई तरह के खेल होते हैं। धर्म और संस्कृति के नाम ऊपर से साफ-सुथरे दिखाई देने वाले कई राजनेता अंदर से इतने गंदे होते है कि अंदाजा नहीं लगाया जा सकता।**



**रोहित कौशिक**

किसी भी दौर की राजनीति में हिंसा राजनीति का मूल तत्व नहीं हो सकती है। हम इसलिए हिंसा का समर्थन नहीं कर सकते कि तुम्हारी पार्टी के राज में हिंसा होती थी, इसलिए हमारी पार्टी के राज में हिंसा होगी। विडम्बना यह है कि इस दौर में यदि किसी एक पार्टी के राज में हिंसा या फिर किसी अन्य गलत काम का विरोध किया जाता है तो उस पार्टी के कार्यकर्ता अक्सर यह कहते हैं कि इससे पहले के राज में कौन सा रामराज्य था? पहले राज में भी तो यही हाल था। अगर पहले राज में यही हाल था तो ही जनता ने बदलाव किया लेकिन अगर इस राज में भी ऐसा ही होगा तो फिर बदलाव कहां हुआ? इस दौर की राजनीति में हिंसा का तत्व बढ़ता जा रहा है। इसका सबसे बड़ा कारण है यह है कि राजनीति में जानबूझकर नफरत को बढ़ावा दिया जा रहा है। कभी हिन्दू-मुस्लिम के नाम पर नफरत परोसी जाती है तो कभी क्षेत्र के नाम पर नफरत परोसी जाती है। पश्चिम बंगाल में हिंसा का पुराना इतिहास रहा है। लेकिन सरकार बदलने के बाद भी वहां हिंसा जारी है। भाजपा द्वारा चुनाव जीतने के बाद वहां जिस तरह से टीएमसी के कार्यालय और टीएमसी कार्यकर्ताओं के साथ मारपीट की गई, वह यह दिखाता कि सत्ता बदलने के बाद भी इस दौर की राजनीति की मूल प्रवृत्ति बदल नहीं रही है। पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस के सांसदों के खिलाफ जनाक्रोश की घटनाएं लगातार दूसरे दिन भी देखने को मिलीं। शनिवार को टीएमसी सांसद अभिषेक बनर्जी के साथ हुई मारपीट और पथराव की घटना के बाद रविवार को तृणमूल सांसद कल्याण बनर्जी के साथ दुर्व्यवहार और पथराव किया गया।

पश्चिम बंगाल में अभिषेक बनर्जी और कल्याण बनर्जी पर हुए हमले ने कई सवाल खड़े कर दिए हैं। अभिषेक बनर्जी चुनाव के बाद हुई हिंसा में मारे गए एक पार्टी कार्यकर्ता के आवास पर गए थे। भीड़ ने उन पर अंडे और जूते फेंके जबकि सुरक्षाकर्मी उन्हें बचाने का प्रयास करते रहे। भीड़ के विरोध और हिंसा को देखते हुए अभिषेक बनर्जी को हेलमेट पहनाया गया। उन पर पत्थर भी फेंके गए। अंडे लिए हुए महिलाओं ने कहा कि वे तब तक नहीं जाएंगी जब तक कि हिसाब बराबर नहीं कर लिया जाता। भीड़ ने कई मुद्दों पर अपनी नाराजगी जाहिर की। सोनारपुर मे यह गतिरोध एक घंटे से अधिक समय तक जारी रहा। पुलिस और केन्द्रीय बलों के मौके पर पहुंचने पर उन्हें घर से बाहर निकाला गया। अगर सुरक्षा बलों की मौजूदगी में इस तरह की घटनाएं हो रही हैं तो इससे शर्मनाक और कुछ नहीं हो सकता। सवाल यह है कि सुरक्षा बलों ने पथराव करने वाले लोगों पर कोई कार्रवाई क्यों नहीं की? सुरक्षा बलों ने ऐसे लोगों पर डंडे क्यों नहीं बरसाए? इस घटना के बाद तृणमूल कांग्रेस की अध्यक्ष ममता बनर्जी ने कहा कि शासक हत्यारे बन गए हैं, भाजपा पर शर्म आती है। इस हमले की निंदा करते हुए कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि पश्चिम बंगाल सरकार और केन्द्र सरकार को सभी विपक्षी नेताओं की सुरक्षा सुनिश्चित करनी चाहिए। राजनीतिक मतभेद के कारण किसी भी प्रकार की हिंसा को उचित नहीं ठहराया जा सकता।

दरअसल इस मुद्दे पर कांग्रेस अध्यक्ष ने सटीक सवाल उठाए। क्या विरोधी विचारधारा वाले इंसान के साथ हिंसा को इस आधार पर जायज ठहराया जा सकता है कि कोई कि वह दूसरी विचारधारा से संबंध रखता है? असमहमति तो लोकतंत्र का मूलभूत तत्व है। असहमति के आधार पर हिंसा को जायज नहीं ठहराया जा सकता। लोकसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने इस घटना को भाजपा की प्रतिशोध की राजनीति का घृणित प्रदर्शन बताया। अभिषेक बनर्जी के साथ हुई मारपीट की घटना के विरोध में कल्याण बनर्जी के नेतृत्व में तृणमूल कांग्रेस का एक प्रतिनिधिमंडल चंडीतला थाने में ज्ञापन सौंपने जा रहा था। इसी दौरान कुछ लोगों ने पहले काले झंडे दिखाकर विरोध किया और उसके बाद पत्थर फेंके गए। पत्थर लगने से कल्याण बनर्जी घायल हो गए।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# भयंकर गर्मी में बिजली की आपूर्ति सुचारू ढंग से कैसे हो





**विनीत नारायण**

उत्तर प्रदेश के मुख्य मंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनता से बिजली की खपत कम करने की अपील की है। हालांकि उन्होंने यह भी आश्वा.सन दिया है कि बिजली की आपूर्ति में कोई कमी नहीं छोड़ी जाएगी। उपभोक्ताओं को निर्बाध बिजली मिलेगी। उनका यह आश्वासन सराहनीय है। मगर जमीनी हकीकत कुछ और ही बयान कर रही है। इसी हफ्ते टीवी पर एक शो में बहस के दौरान पत्रकारों ने बताया कि नोएडा में बिजली का भारी संकट चल रहा है।

बहुमंजलीय इमारतों में रहने वाले लोग भी बेहाल हैं, क्योंकि उन्हें पॉवर बैक-अप नहीं मिल रहा। उत्तर प्रदेश के अनेक शहरों में बिजली कमी को लेकर जगह-जगह जन-आंदोलन चल रहे हैं। इसी बीच उत्तर प्रदेश में बिजली के 'स्मार्ट मीटर' का बड़ा घोटाला भी सामने आया है। इन मीटरों को लगवाने का निर्णय योगी सरकार के पहले कार्यकाल में ऊर्जा मंत्री कांत शर्मा के नेतृत्व में लिया गया था। इन मीटरों को लेकर जनता की शुरू से ही यह शिकायत रही है कि उनके बिल खपत से कई गुना ज्यादा आ रहे हैं। अब जब पानी सर के ऊपर से गुजर गया तो उत्तर प्रदेश की त्रस्त जनता ने 'स्मार्ट मीटर' उखाड़ कर फेंकने शुरू कर दिए और आक्रोशित जनता सड़कों पर उतर आई। योगी सरकार ने अब इन मीटरों को ना लगाने का फैसला किया है। वैसे तो हर साल गर्मियों में खास कर कर उत्तर भारत में बिजली का संकट बहुत बढ़ जाता है। क्योंकि बांधों में जल का स्तर तेजी से घटता है और नदियां भी सूखने लगती हैं। कारण पहाड़ों पर चल रहे सड़कों के विस्तार ने वृक्षों की अंधाधुंध कटाई की है। जिससे वर्षा की मात्रा तेजी से गिर गई है। पहाड़ ही क्यों मैदानों में भी जंगलों की अविवेकपूर्ण कटाई ने देश का हरित क्षेत्र खतरनाक स्तर तक कम कर दिया है। जब ज्यादा हरियाली होती है तो वातावरण में नमी पैदा होती है और उससे वर्षा होती है। उधर अमरीका-इसराइल-इराक युद्ध हो या रूस-यूक्रेन युद्ध हो, इन युद्धों में जो गोला बारूद रात-दिन आग उगल रहा है, उससे भी 'ग्लोबल वार्मिंग' बढ़ रही है। इसका प्रमाण है, उत्तरी और दक्षिणी ध्रुव पर तेजी से घटते हिमखंड। कुछ वर्ष पहले तक यूरोप के लोग गर्मी का नाम ही नहीं जानते थे। वहां के घरों में पंखे या एसी नाम का उपकरण नहीं लगाया जाता था। आज यूरोप के इन देशों को भीषण गर्मी की मार झेलनी पड़ रही है। पर किसी भी देश की सरकार पर्यावरण के इस मुद्दे पर गंभीरता से कोई ठोस काम नहीं कर रही। अगर बिजली की खपत पर लौट कर आएं तो योगी जी की ए चिंता निर्मूल नहीं है। एक जमाने में खघ्स के पर्दे से ही भवन ठण्डे किए जाते थे। फिर कूलर का दौर आया और आज तो घर-घर ए सी लग गए हैं। पर एसी की जितनी खपत आम नागरिक करते हैं उससे कई गुना ज्यादा सरकारी और व्यवसायिक प्रतिष्ठान करते हैं। योगी जी अगर अपने मंत्रालयों के भवनों का औचक निरीक्षण करें तो पाएंगे कि जब अफसर और बाबू कमरों में नहीं होते तब भी वहां कई-कई ए सी फालतू चलते रहते हैं। यही हाल अन्य प्रांतों के सरकारी दफ्तरों का भी होता है। इसलिए बिजली की खपत कम करने की पहल जितनी नागरिकों की तरफ से जरूरी है, उतनी ही शासक वर्ग से भी है। हाइड्रो पॉवर या थर्मल पॉवर की बिजली बनाने की अनेकों सीमाएं हैं। इनसे उत्पादन बढ़ाना आसान नहीं होता। बिजली की आपूर्ति को सुनिश्चित करने का सबसे बढ़िया उपाय है, सोलर एनर्जी। भारत जैसे विशाल भूभाग वाले क्षेत्र में भवनों की छतों पर सोलर पैनल लगा कर प्रदूषण मुक्त बिजली पैदा की जा सकती है। चीन इस दिशा में बहुत आगे बढ़ गया है। वो अपनी आवश्यकता से कहीं ज्यादा बिजली सोलर पैनलों से पैदा कर रहा है। कोचीन का अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा पूरी तरह सोलर एनर्जी पर निर्भर है। इसलिए शेष प्रांतों में भी इस दिशा में तीव्रता से काम करने की जरूरत है। उल्लेखनीय है कि मई 2026 में उत्तर प्रदेश ने 31,824 MW का रिकॉर्ड पीक डिमांड पूरा करने का दावा किया है। ऊर्जा मंत्री ए.के. शर्मा और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इसे राष्ट्रीय रिकॉर्ड बताते हुए कहा कि शहरों में 24 घंटे और गांवों में 18-22 घंटे बिजली दी जा रही है। केंद्र सरकार भी पूरे देश में 270 GW से अधिक पीक डिमांड को सफलतापूर्वक पूरा करने का दावा कर रही है। 2012 के बड़े ब्लैकआउट की तुलना में यह प्रगति प्रभावित करती है, लेकिन इन आंकड़ों की चमक जमीनी हकीकत को छुपा नहीं पा रही। वास्तविकता यह है कि यूपी में ललितपुर व घाटमपुर जैसे थर्मल प्लांटों के बंद पड़े रहने से बिजली का संकट गहराया है। कोयला आपूर्ति की कमी और ट्रांसमिशन-डिस्ट्रीब्यूशन नेटवर्क के पुरानेपन ने स्थिति और बिगाड़ दी है। ग्रामीण क्षेत्रों में 6-12 घंटे तक बिजली गुल रहने की शिकायतें आम हैं। लखनऊ, गोंडा, वाराणसी जैसे शहरों में भी रात के समय बिजली की कटौती हो रही है। यहां तक कि भाजपा के विधायक भी इस मुद्दे पर सरकार से सवाल पूछ रहे हैं। सरकार का दावा है कि मांग बढ़ने के कारण समस्या है, न कि उत्पादन की कमी। लेकिन सवाल उठता है कि जब हर साल गर्मी आती है और मांग बढ़ती है, तो तैयारी क्यों नहीं होती? पिछले वर्षों में क्षमता में वृद्धि हुई है, लेकिन वितरण व्यवस्था में सुधार अपर्याप्त रहा। ओवरलोडेड ट्रांसफार्मर, पुरानी लाइनें और शाम के समय सोलर जनरेशन घटने के बाद की कमी को प्रबंधित करने की ठोस योजना नजर नहीं आती। ऊर्जा एक्सचेंज से भी पर्याप्त बिजली नहीं मिल पा रही। क्योंकि पूरे उत्तर भारत में बिजली की मांग समान रूप से बढ़ी हुई है। यह संकट केवल गर्मी का नहीं, बल्कि नीतिगत विफलता का भी है। नवीकरणीय ऊर्जा के विस्तार के बावजूद, बैटरी स्टोरेज और स्मार्ट ग्रिड पर पर्याप्त निवेश नहीं हुआ। किसान, छोटे उद्योग और आम घरेलू उपभोक्ता सबसे ज्यादा प्रभावित हो रहे हैं। गर्मी में बिजली न होने से स्वास्थ्य, पानी की आपूर्ति और आजीविका सब प्रभावित हो रही है। सरकार को अब संख्याओं से आगे बढ़कर समाधान पर ध्यान देना चाहिए। थर्मल प्लांटों का तुरंत रखरखाव, नई ट्रांसमिशन लाइनों का तेजी से निर्माण, डिस्ट्रीब्यूशन सिस्टम का आधुनिकीकरण और मांग प्रबंधन की बेहतर रणनीति जरूरी है। विद्युत क्षेत्र में प्रगति निश्चित रूप से हुई है, लेकिन संकट के समय यह प्रगति जनता तक नहीं पहुंच रही। उत्तर प्रदेश जैसे बड़े राज्य की जिम्मेदारी भारी है। सरकार को अब दावों से हटकर वास्तविक सुधार पर ध्यान देना होगा अन्यथा गर्मी के साथ-साथ जनाक्रोश भी बढ़ता रहेगा।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)



कोलकाता। राज्यव्यापी महिला मुफ्त बस यात्रा योजना लागू होने के बाद यात्रियों का टिकट देखती महिला कंडक्टर।

## जापान ने की ईरान से होर्मुज स्ट्रेट जल्द खोलने की मांग

**टोक्यो।** जापान की प्रधानमंत्री ने ईरान के राष्ट्रपति मसूद पजशकियान से फोन पर बात की और अमेरिका के साथ समझौता करने के लिए सकारात्मक रुख अपनाने की अपील की। ताकाइची ने कहा कि मौजूदा हालात में ईरान के पास समझौते का अच्छा मौका है और उसे इसका फायदा उठाना चाहिए। उन्होंने होर्मुज स्ट्रेट को जल्द से जल्द खोलने की भी मांग की। जापान का कहना है कि इस रास्ते से एशिया और दुनिया के कई देशों के जहाज गुजरते हैं, इसलिए वहां आवाजाही सुरक्षित और सामान्य होनी चाहिए।

# भारत-ऑस्ट्रेलिया ने रक्षा संबंधों को और मजबूत किया

## दोनों देशों में समुद्री सुरक्षा और रक्षा उद्योग सहयोग पर नई पहलों पर सहमति बनी

**नई दिल्ली।** भारत और ऑस्ट्रेलिया ने अपनी रणनीतिक रक्षा साझेदारी को मजबूती से आगे बढाते हुए समुद्री सुरक्षा, रक्षा उद्योग, परस्पर सैन्य संचालन क्षमता और उभरती प्रौद्योगिकियों के क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर सहमति व्यक्त की है। दोनों देशों ने हिन्द-प्रशांत क्षेत्र में सुरक्षा और स्थिरता को मजबूत करने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और ऑस्ट्रेलिया के रक्षा मंत्री रिचर्ड मार्ल्स ने सोमवार को यहां दूसरे भारत-ऑस्ट्रेलिया रक्षा मंत्री संवाद की सह अध्यक्षता की। सिंह ने बैठक के बाद सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा कि ऑस्ट्रेलिया के रक्षा मंत्री रिचर्ड मार्ल्स के साथ मेरी एक बेहतरीन बैठक हुई। हमने मिलकर द्विपक्षीय रक्षा सहयोग के पूरे दायरे की समीक्षा की और इसे और आगे बढ़ाने के तरीकों और साधनों पर चर्चा की। भारत-ऑस्ट्रेलिया रक्षा साझेदारी आने वाले वर्षों में लगातार प्रगति करने के लिए पूरी तरह तैयार है। रक्षा मंत्रालय ने बताया कि दोनों पक्षों ने पिछले



■ रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और ऑस्ट्रेलिया के रक्षा मंत्री रिचर्ड मार्ल्स ने सोमवार को यहां दूसरे भारत व ऑस्ट्रेलिया रक्षा मंत्री संवाद की सह अध्यक्षता की

वर्ष अक्टूबर पहले संवाद के बाद से द्विपक्षीय रक्षा सहयोग के क्षेत्र में प्रगति की समीक्षा की। दोनों मंत्रियों ने संयुक्त समुद्री सुरक्षा सहयोग रूपरेखा को अंतिम रूप देने के प्रयासों का समर्थन किया और समुद्री गश्ती विमानों के बीच अधिक सहयोग के माध्यम से समुद्री क्षेत्रीय जागरूकता बढ़ाने पर सहमति जताई। साथ ही समुद्र के भीतर निगरानी के अवसरों का पता लगाने का भी निर्णय लिया गया। दोनों पक्षों ने भारतीय तटरक्षक बल और ऑस्ट्रेलिया की समुद्री सीमा कमान के बीच गहरे सहयोग का भी समर्थन किया। उन्होंने स्वतंत्र, खुले और नियम-आधारित हिंद-प्रशांत क्षेत्र के अपने साझा दृष्टिकोण के अनुरूप नौवहन और हवाई मार्ग की स्वतंत्रता, निर्बाध व्यापार तथा समुद्र के कानून पर संयुक्त राष्ट्र संधि सहित अंतर्राष्ट्रीय कानूनों के पालन के प्रति अपना समर्थन दोहराया। मंत्रालय ने बताया कि भारत और ऑस्ट्रेलिया, हिंद महासागर रिम एसोसिएशन के समुद्री सुरक्षा पर कार्य समूह के सह-अध्यक्ष के तौर पर, हिंद महासागर क्षेत्र में समुद्री सुरक्षा सहयोग को मजबूत करने के लिए इस महीने चेन्नई स्थित समुद्री बचाव समन्वय केंद्र में संयुक्त रूप से एक 'खोज और बचाव' तथा 'टेबलटॉप अभ्यास' आयोजित करने के लिए तैयार हैं।

दोनों पक्षों ने 2020 के 'पारस्परिक लॉजिस्टिक्स सहायता समझौते' के आधार पर अभ्यासों और अभियानों के लिए प्रक्रियात्मक अंतर-संचालनीयता को बढ़ाने के लिए व्यवस्थाओं का पता लगाने का संकल्प लिया। उन्होंने परिचालन संबंधी समझ और तालमेल बनाने के लिए एक-दूसरे के क्षेत्रों से विमानों की तैनाती जारी रखने पर भी सहमति व्यक्त की। मंत्रियों ने घोषणा की कि भारत और ऑस्ट्रेलिया रक्षा औद्योगिक सहयोग बढाने के अगले कदम के रूप में 'रक्षा सामग्री और रक्षा सेवाओं के प्रावधान' से संबंधित एक समझौता ज्ञापन को भी अंतिम रूप देने पर काम करेंगे। उन्होंने रक्षा औद्योगिक सहयोग और संपर्क के रणनीतिक महत्व को रेखांकित किया, और इसे द्विपक्षीय रक्षा उद्योग संबंधों में हो रही वृद्धि का एक प्रतिबिंब माना।

# अमेरिका ने ईरान की रडार-ड्रोन कंट्रोल साइट्स पर किया हमला

## ईरान ने जवाबी हमले में सीरिक आइलैंड के पास अमेरिकी ऑपरेशन में इस्तेमाल एयरबेस को निशाना बनाया

**वाशिंगटन/तेहरान।** अमेरिका-ईरान के बीच जारी संघर्षविराम को आगे बढ़ाने और होर्मुज जलडमरूमध्य को फिर से खोलने के उद्देश्य से किए गए प्रस्तावित समझौते में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की ओर से कुछ बदलाव सुझाकर उसे वापस भेजने के बावजूद ईरान और अमेरिका के बीच हमलों और जवाबी हमलों का सिलसिला जारी है।

अमेरिका और ईरान के बीच सप्ताहांत में हुए इस ताजा सैन्य टकराव के बीच, परदे के पीछे राजनयिक प्रयास भी जारी हैं ताकि एक व्यापक समझौता किया जा सके और ईरान के परमाणु कार्यक्रम पर नए सिरे से बातचीत की रूपरेखा तैयार की जा सके। यूएस सेंट्रल कमांड (सेंटकॉम) ने कहा कि उसने 'ईरान की आक्रामक कार्रवाइयों' के जवाब में शनिवार और रविवार को ईरानी सैन्य ठिकानों के खिलाफ 'आत्मरक्षा में हमले' किए। इस कार्रवाई के तहत दक्षिणी ईरान में रडार प्रणालियों और ड्रोन कमांड-एंड-कंट्रोल केंद्रों को निशाना बनाया गया। यह कार्रवाई ईरान द्वारा अंतर्राष्ट्रीय जलक्षेत्र के ऊपर उड़ान भर रहे एक अमेरिकी एमक्यू-1 ड्रोन को मार गिराए जाने के कथित दावे के



■ अमेरिकी लड़ाकू विमानों ने ईरान की हवाई रक्षा प्रणालियों, एक ग्राउंड कंट्रोल स्टेशन और दो हमलावर ड्रोनों को नष्ट कर दिया

बाद की गई। सेंटकॉम ने एक बयान में कहा कि अमेरिकी लड़ाकू विमानों ने ईरान की हवाई रक्षा प्रणालियों, एक ग्राउंड कंट्रोल स्टेशन और दो हमलावर ड्रोनों को नष्ट कर दिया, जो क्षेत्रीय जलक्षेत्र से गुजरने वाले वाणिज्यिक और सैन्य जहाजों के लिए खतरा बने हुए थे। अमेरिकी सेना ने यह भी स्पष्ट किया कि इस अभियान के दौरान किसी भी अमेरिकी कर्मी को चोट नहीं आई है। ईरान की ओर से भी इस पर जवाबी कार्रवाई की गई। इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स ने कहा कि उसने दक्षिणी ईरान पर हुए हमले के जवाब में अमेरिकी सेना द्वारा इस्तेमाल किए जाने वाले एक हवाई ठिकाने (एयर बेस) को निशाना बनाया, हालांकि उन्होंने उस स्थान का नाम नहीं बताया।

ईरान ने यह भी दावा किया कि उसने एक ऐसे अमेरिकी एयर बेस पर हमला किया है जिसका इस्तेमाल खाड़ी में स्थित सिर्री द्वीप पर एक दूरसंचार केंद्र पर हमले करने के लिए किया गया था। आईआरजीसी ने इस बेस के स्थान की पहचान उजागर नहीं की, लेकिन चेतावनी दी कि अमेरिका की तरफ से किसी भी अगली सैन्य कार्रवाई का इससे कहीं अधिक कड़ा जवाब दिया जाएगा। यह घोषणा कुवैत द्वारा दिए गए उस बयान के तुरंत बाद आई, जिसमें अमेरिकी बेस की मेजबानी करने वाले कुवैत ने कहा था कि उसकी हवाई रक्षा प्रणालियों ने दुश्मन के मिसाइल और ड्रोन हमलों को हवा में ही रोक दिया है। हालांकि, कुवैती अधिकारियों ने यह नहीं बताया कि ए मिसाइलें और ड्रोन कहां से दागे गए थे। यद्यपि अप्रैल की शुरुआत में संघर्षविराम लागू होने के बाद से दोनों पक्षों के बीच कई बार गोलीबारी हुई है, लेकिन हालिया घटनाओं ने इन चिंताओं को बढ़ा दिया है कि यदि राजनयिक प्रयास धीमे पड़े तो यह युद्धविराम टूट सकता है। अस्थायी संघर्षविराम को एक अधिक स्थायी समझौते में बदलने के उद्देश्य से चल रही बातचीत ने हाल के हफ्तों में गति पकड़ी है। ट्रम्प ने बार-बार भरोसा जताया है कि समझौता जल्द ही हो सकता है। सोमवार को टुथ सोशल पर एक पोस्ट में उन्होंने आलोचकों से 'आराम से बैठने' का आग्रह करते हुए कहा कि ईरान 'वास्तव में समझौता करना चाहता है' और इसका परिणाम अंतत: अमेरिका के पक्ष में होगा। खबरों के मुताबिक, समझौते के नवीनतम मसौदे में 60 दिनों के लिए युद्धविराम को बढ़ाने, होर्मुज स्ट्रेट को फिर से खोलने के उपाय और ईरान की परमाणु गतिविधियों पर बातचीत को दोबारा शुरू करने का एक ढांचा शामिल है। हालांकि, अभी तक किसी अंतिम समझौते की घोषणा नहीं की गई है।

## ईरान ने राष्ट्रपति पेजेशकियान के इस्तीफे की खबरों का खंडन किया

**तेहरान।** ईरान ने राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियान के इस्तीफा देने की खबरों का खंडन किया है। एक वरिष्ठ ईरानी अधिकारी ने रविवार को मीडिया की उन खबरों का खंडन किया, जिनमें दावा किया गया था कि मसूद पेजेशकियान ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। राष्ट्रपति कार्यालय में संचार मामलों के उप-प्रमुख सैयद मेहदी तबातबाई ने 'एक्स' पर लिखा कि राष्ट्रपति पेजेशकियान लोगों की सेवा करने से पीछे नहीं हटेंगे, ठीक वैसे ही जैसे ईरानी राष्ट्र एकजुटता और प्रतिरोध के मार्ग से पीछे नहीं हटेगा। यह टिप्पणी तब आई जब लंदन स्थित मीडिया संस्थान 'ईरान इंटरनेशनल' ने दिन में पहले यह रिपोर्ट दी थी कि पेजेशकियान ने सर्वोच्च नेता मोजतबा खामेनेई के कार्यालय में अपना इस्तीफा सौंप दिया है। रिपोर्ट में एक अधिकारी का हवाला देते हुए आरोप लगाया गया कि उस पत्र में 'इस्लामिक रिवोल्यूशन गार्ड कॉर्प्स' की आलोचना की गई थी।

## ईरान परमाणु समझौता चाहता है आलोचक शांत व निश्चित रहें: ट्रम्प

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने सोमवार को कहा कि ईरान अमेरिका के साथ एक समझौते पर पहुंचने के लिए उत्सुक है और उम्मीद है कि किसी भी संभावित समझौते से अमेरिका तथा उसके सहयोगी दोनों को लाभ होगा। ट्रम्प ने टूथ सोशल पर एक पोस्ट में राजनीतिक विरोधियों और अपनी ही पार्टी के कुछ सदस्यों की आलोचना करते हुए कहा कि जारी बातचीत पर सार्वजनिक टिप्पणियां राजनयिक प्रयासों को और ज्यादा कठिन बना रही है। उन्होंने कहा कि ईरान वास्तव में समझौता करना चाहता है और यह समझौता अमेरिका और उसके सहयोगियों के लिए फायदेमंद होगा। उन्होंने डेमोक्रेट्स और कुछ रिपब्लिकन पर बातचीत को कमजोर करने का आरोप लगाया क्योंकि वे बार-बार अलग-अलग दृष्टिकोणों की वकालत कर रहे हैं, जिनमें बातचीत को तेज करना और सैन्य कार्रवाई करना शामिल है। उन्होंने आगे कहा कि बस आराम से बैठिए क्योंकि अंत में सब कुछ ठीक हो जाएगा-हमेशा ऐसा ही होता है। ट्रम्प की ये टिप्पणियां पश्चिम एशिया में जारी राजनयिक प्रयासों एवं बढ़ती सुरक्षा चिंताओं के बीच आई हैं। अमेरिकी मीडिया के अनुसार, राष्ट्रपति ट्रम्प ने ईरान के साथ प्रस्तावित समझौते में और संशोधन करने की मांग की है जिसका उद्देश्य युद्धविराम को बढ़ाना और तेहरान के परमाणु कार्यक्रम पर नए सिरे से बातचीत के लिए परिस्थितियां बनाना है।

## समझौते को कानूनी सुरक्षा देने का प्रावधान भी प्रस्तावित समझौते में शामिल: बघाई

**तेहरान।** ईरान और अमेरिका ने मौजूदा संघर्ष को समाप्त करने के लिए संभावित समझौते में एक ऐसा प्रावधान शामिल किया है, ताकि इस समझौते को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के प्रस्ताव के माध्यम से कानूनी सुरक्षा मिल सके। ईरान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बघाई ने सोमवार को एक प्रेस ब्रीफिंग के दौरान कहा कि हम अभी भी सामान्य प्रावधानों पर चर्चा कर रहे हैं।

इन 14 बिंदुओं में एक प्रावधान यह भी है कि यदि कोई समझौता होता है, तो उसे सुरक्षा परिषद के प्रस्ताव का रूप लेना चाहिए ताकि उसे कानूनी सुरक्षा मिल सके। राजनयिक ने यह भी कहा कि ईरान ऐसा नहीं मानता कि केवल सुरक्षा परिषद का प्रस्ताव ही समझौते के लागू होने की गारंटी होगा, क्योंकि ईरान अतीत में इसके विपरीत अनुभव कर चुका है। इस बीच, कुवैत द्वारा



■ ईरान ऐसा नहीं मानता कि केवल सुरक्षा परिषद का प्रस्ताव ही समझौते के लागू होने की गारंटी होगा

मिसाइल और ड्रोन हमलों की एक श्रृंखला की रिपोर्टों के बाद, बघाई ने क्षेत्रीय ठिकानों और संपत्तियों पर जवाबी कार्रवाई करने के ईरान के अधिकार का बचाव किया। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि पड़ोसी देशों के ठिकानों से शुरू की गई अमेरिकी हमले के खिलाफ आत्मरक्षा के अपने अधिकार का इस्तेमाल करने के लिए ईरान को दोषी ठहराने वाला यूरोपीय संघ (ईयू) का बयान चुनिंदा नैतिक आक्रोश का एक उदाहरण है, यह पाखंडी और लापरवाही भरा है। बघाई ने कहा कि यूरोपीय संघ को कानून के शासन और संयुक्त राष्ट्र चार्टर के उन सिद्धांतों के प्रति वफादार रहना चाहिए जिनका वह लंबे समय से समर्थन करने का दावा करता आया है। उसे हमलावरों को खुश करना बंद करना चाहिए और उन लोगों को दोष देना बंद करना चाहिए जो अवैध हमलों का जवाब दे रहे हैं। प्रवक्ता ने जोर देकर कहा कि देशों का यह स्थापित कानूनी दायित्व है कि वे अपने क्षेत्र या संपत्ति का उपयोग दूसरे देशों पर आक्रमण करने के लिए न होने दें।

## मलेशिया में 16 साल से कम उम्र के बच्चों के सोशल मीडिया अकाउंट पर रोक

**कुआलाम्पुर।** मलेशिया ने 16 साल से कम उम्र के बच्चों के सोशल मीडिया अकाउंट बनाने पर रोक लगाने वाले नए नियम लागू कर दिए हैं। अब फेसबुक, इंस्टाग्राम, टिकटाक और यूटयूब जैसे प्लेटफार्म को उम्र जांचने की व्यवस्था करनी होगी। 16 साल से कम उम्र के यूजर्स अकाउंट नहीं बना सकेंगे। नियम तोड़ने पर कंपनियों पर 25 लाख डालर यानी करीब 24 करोड़ रुपये तक का जुर्माना लगाया जा सकता है। हालांकि अगर बच्चे किसी तरह नियम तोड़कर अकाउंट बना लेते हैं, तो उनके माता-पिता पर कार्रवाई नहीं होगी। सरकार का कहना है कि यह कदम बच्चों को हानिकारक कंटेंट, साइबर बुलिंग और सोशल मीडिया की लत से बचाने के लिए उठाया गया है।

# शादी के दिन हेलीकॉप्टर क्रैश में पायलट की मौत

## अमेरिका में हादसा, पत्नी का 6 घंटे बाद मलबे से रेस्क्यू, केरल के रहने वाले थे डेव फिजी

**जार्जिया।** अमेरिका के जार्जिया में शादी के कुछ घंटों बाद भारतीय मूल के पायलट की हेलीकॉप्टर हादसे में मौत हो गई। उनकी पत्नी घायल हो गई और करीब 6 घंटे तक मलबे में फंसी रहीं। डेव फिजी और जेस्नी की शादी 29 मई को डासनविल के 'द रिवेरे' वेडिंग वेन्यू में हुई थी।

समारोह में करीब 400 मेहमान शामिल हुए थे। नवविवाहित जोड़ा शादी के बाद हेलीकॉप्टर से अटलांटा के लिए रवाना हुआ था, लेकिन उड़ान भरने के कुछ ही देर बाद हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। अमेरिका की नेशनल ट्रांसपोर्टेशन सेफ्टी बोर्ड (एनटीएसबी) इस मामले की जांच कर रही है। हालांकि, एजेंसी ने अभी तक दुर्घटना की वजह नहीं बताई है। शुरुआती जांच रिपोर्ट अगले 30 दिनों में आने की उम्मीद है। भारतीय मूल के पायलट डेव



फिजी की जेस्नी के साथ 29 मई को शादी हुई। डेव फिजी और जेस्नी के शादी समारोह में 400 से ज्यादा मेहमान शामिल हुए थे। डेव के पिता जार्ज फिजी ने बताया कहा कि मेरा बेटा बहुत खुश था। मैं उसे देख रहा था और उसकी खुशी महसूस कर रहा था। वह बेहद हैंडसम लग रहा था। जार्ज के मुताबिक, डेव और जेस्नी की दोस्ती चर्च के जरिए हुई थी। दोनों परिवारों का संबंध अमेरिकी राज्यों साउथ कैरोलीना और जार्जिया के चर्च समुदायों से रहा है। दोस्ती धीरे-धीरे प्यार में बदली और दोनों ने जीवनसाथी बनने का फैसला किया। परिवार के मुताबिक, डेव फिजी बचपन से ही पायलट बनना चाहता था। उसने कड़ी मेहनत से अपना सपना पूरा किया और बाद में डेल्टा एयर लाइंस में फर्स्ट आफिसर बना। डेव को उड़ान और विमानों से बेहद लगाव था। परिवार ने बताया कि वह एक अनुशासित, जिम्मेदार और अपने काम के प्रति समर्पित पायलट था। 25 साल के डेव फिजी डेल्टा एयरलाइंस में फर्स्ट आफिसर थे। हादसे से पहले डेव ने खराब मौसम को लेकर चिंता जताई थी। उनके पिता ने बताया कि शादी खत्म होने तक इलाके में घना कोहरा और बारिश हो रही थी, जिससे साफ देख पाना मुश्किल हो गया था। परिवार के मुताबिक, डेव ने हेलीकॉप्टर पायलट से कहा था कि ऐसी स्थिति में उड़ान नहीं भरनी चाहिए। हालांकि पायलट ने भरोसा दिलाया कि वह ज्यादा ऊंचाई पर उड़ान भरेगा, जिसके बाद यात्रा जारी रखी गई। उड़ान भरने के कुछ समय बाद हेलीकॉप्टर डासनविल के पास जंगल वाले इलाके में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। घने पेड़ों और कठिन भूभाग के कारण राहत दलों को दुर्घटनास्थल तक पहुंचने में काफी समय लगा। डेव के पिता जार्ज फिजी ने बताया कि हेलीकॉप्टर का मलबा खोजने में कई घंटे लग गए। इसी वजह से बचाव अभियान भी देर से शुरू हो सका।

## भारतीय जमीन कब्जाने के दावे का नेपाली संसद में विरोध

### विपक्ष बोला: पीएम बालेन सबूत दें, या बयान वापस लें

**काठमांडू।** नेपाल के प्रधानमंत्री बालेन शाह ने रविवार को कहा था कि सिर्फ भारत ने ही नेपाली जमीन पर कब्जा नहीं किया, बल्कि नेपाल ने भी कुछ भारतीय इलाकों पर कब्जा किया है। इस बयान का आज नेपाल की संसद में जमकर विरोध हुआ, विपक्षी दलों ने बालेन शाह से भारत से जुड़े इस विवादित दावे पर जवाब मांगा।

विपक्षी सांसदों ने प्रधानमंत्री से कहा कि या तो वे अपने बयान को वापस लें या फिर इसके समर्थन में ठोस सबूत पेश करें। विपक्ष का आरोप है कि प्रधानमंत्री का यह दावा नेपाल के राष्ट्रीय हितों को नुकसान पहुंचाने वाला



■ प्रधानमंत्री का यह दावा नेपाल के राष्ट्रीय हितों को नुकसान पहुंचाने वाला है

है। सांसदों का कहना है कि बिना पर्याप्त सबूत के इस तरह का बयान देश की विदेश नीति और पड़ोसी देशों के साथ संबंधों पर असर डाल सकता है।

## युद्ध के मुकाबले बातचीत ज्यादा सुरक्षित रास्ता

### फिलहाल इसके अलावा कोई दूसरा विकल्प नहीं है: लेबनान

**बेरूत।** लेबनान के राष्ट्रपति जोसेफ आउन ने कहा है कि इजरायल और हिजबुल्लाह के बीच संघर्ष खत्म करने के लिए बातचीत जारी है। उन्होंने कहा कि युद्ध की तुलना में बातचीत ज्यादा सुरक्षित रास्ता है और फिलहाल इसके अलावा कोई दूसरा विकल्प नहीं है।

जोसेफ आउन ने कहा, बातचीत से समस्या तुरंत हल नहीं होगी, लेकिन यही एक रास्ता है। बातचीत में देरी हो सकती है या कुछ रुकावटें आ सकती हैं, फिर भी यह आगे बढ़ रही है। यूरोपीय संघ (ईयू) ने इजरायल से लेबनान में बढ़ती सैन्य कार्रवाई रोकने की अपील की है। यह बयान ऐसे समय आया है जब इजरायली



■ यूरोपीय संघ (ईयू) ने इजरायल से लेबनान में बढ़ती सैन्य कार्रवाई रोकने की अपील की

प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने बेरूत के दक्षिणी इलाकों में और हमले करने का आदेश दिया है। ईयू के प्रवक्ता ने कहा कि इजरायल को लेबनान में सैन्य तनाव बढ़ाने वाली कार्रवाई बंद करनी चाहिए। इजरायल को लेबनान की संप्रभुता और उसकी क्षेत्रीय अखंडता का सम्मान करना चाहिए। सऊदी अरब ने कुवैत पर हुए ईरानी हमले की कड़ी निंदा की है। सऊदी विदेश मंत्रालय ने जारी बयान में कहा कि वह इस हमले को पूरी तरह खारिज करता है। मंत्रालय के अनुसार, यह कुवैत की संप्रभुता का उल्लंघन है और अंतरर्राष्ट्रीय कानून के खिलाफ है। सऊदी अरब ने कहा कि इस तरह की घटनाएं क्षेत्र में शांति और स्थिरता बहाल करने की कोशिशों को कमजोर करती हैं और तनाव को और बढ़ाती हैं।

## कुवैत कीवायु रक्षा प्रणाली ने मिसाइल और ड्रोन हमलों को रोका

**कुवैत।** कुवैत की वायु सेना ने देश को लक्ष्य बनाकर दागी गई ईरानी मिसाइलों और ड्रोन हमलों को रोक दिया है। यह घटनाक्रम सप्ताहांत में ईरानी सैन्य ठिकानों पर अमेरिकी हमलों के बाद बढ़ते तनाव के बीच सामने आया है कुवैती सेना के जनरल स्टाफ ने यह जानकारी दी है। जनरल स्टाफ ने सोमवार को एक बयान में कहा कि फिलहाल, कुवैती वायु रक्षा प्रणालियां दुश्मन की मिसाइलों और ड्रोन हमलों को रोक रही हैं। जनरल स्टाफ ने निवासियों से सुरक्षा दिशानिर्देशों का पालन करने का आग्रह किया। यह घोषणा तब की गई जब अमेरिका ने कहा कि उसने आत्मरक्षा और क्षेत्रीय शिपिंग मार्गों की सुरक्षा का हवाला देते हुए गोरुक और केशम द्वीप पर स्थित ईरानी रडार और ड्रोन कमांड-एंड-कंट्रोल सुविधाओं पर हमला किया है। गौरतलब है कि कुवैत में अमेरिका का एक बड़ा सैन्य अड्डा स्थित है। ईरान के इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) ने कहा कि उसकी एयरोस्पेस फोर्स ने जवाबी कार्रवाई करते हुए एक अमेरिकी अड्डे को निशाना बनाया है। आरोप है कि इस अड्डे का इस्तेमाल होर्मोजगान प्रांत में ईरान के सीरिक द्वीप पर हमले करने के लिए किया गया था।

